आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* बलदाऊ जयंती
* हरछठ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 230 | उज्जैन, बुधवार 02 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पीएम मोदी की अपील से सोने की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के लोगों से गैर-जरूरी सोना न खरीदने की अपील के बाद सोने-चांदी के दाम में 1 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,037 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए हो गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1711 रुपए गिरकर 2.35 लाख रुपए पर आ गई है। मार्केट एक्सपर्ट अनुज गुप्ता के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के चलते आने वाले दिनों में भी सोने की कीमत पर दबाव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमत में तेजी के कारण भी सोने और चांदी में गिरावट आई है।

### चीन ने युद्ध की तैयारी के लिए बदला रक्षा कानून

**वुहान।** चीन ने अपने रक्षा कानून में बड़ा बदलाव किया है। अब युद्ध या बड़े संकट के समय सरकार सिर्फ सेना पर निर्भर नहीं रहेगी। जरूरत पड़ने पर आम लोगों, निजी कंपनियों और देश के दूसरे संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। चीन की संसद (नेशनल पीपुल्स कांग्रेस) ने 28 अगस्त को राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी कानून में बदलाव को मंजूरी दी। नया कानून 1 अक्टूबर से लागू होगा। नए कानून में सिर्फ संसाधन लेने की ही नहीं, उन्हें सरकार के कब्जे में लेने की व्यवस्था भी है। आदेश मानने से इनकार या जानबूझकर देरी करने पर कार्रवाई और जुर्माने का प्रावधान है। राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी कानून 2010 में बनाया गया था। अब पहली बार इसमें बड़ा बदलाव किया गया है।

### गोवा-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** गोवा से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए 2102 को उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिली। इसके बाद विमान को वापस मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाया गया। फ्लाइट ने सुबह 9.16 बजे उड़ान भरी थी और 9.30 बजे सुरक्षित लैंडिंग की। रिपोर्ट के मुताबिक वापस मुड़ते समय विमान करीब 14 हजार फीट की ऊंचाई पर था। विमान में 229 यात्री सवार थे। इंडिगो ने बताया कि विमान की फिलहाल मेंटेनेंस जांच की जा रही है। सभी जरूरी मंजूरियां मिलने के बाद ही विमान दोबारा उड़ान भरेगा। कंपनी ने कहा कि असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को खाने-पीने की चीजें उपलब्ध कराई गईं और उन्हें समय-समय पर जानकारी दी गई।

### पैपराजी पर भड़कीं अभिनेत्री करीना कपूर



**बार-बार राइट-लेफ्ट जाने को कहा तो बोलीं- मैंने हील्स पहनी है**
**अलग-अलग एंगल से फोटो क्लिक कराने से हुईं परेशान**

**मुंबई।** एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपनी आने वाली फिल्म 'दायरा' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पैपराजी पर भड़क गईं। मुंबई में आयोजित इस इवेंट के दौरान जब वे पैपराजी को पोज दे रही थीं, तब उन्हें गुस्सा आ गया। दरअसल फोटो क्लिक करवाने के दौरान पैपराजी उन्हें लगातार राइट और लेफ्ट होने के लिए कह रहे थे। इससे परेशान होकर करीना ने पैपराजी को फटकार लगाई और कहा कि कभी इधर, कभी उधर, मैंने हील्स पहनी है। बार-बार एंगल बदलने की हिदायत से करीना असहज हो गईं। उनके चेहरे पर नाराजगी साफ नजर आई। करीना ने पैपराजी को टोकते हुए कहा कि वे हील्स पहनकर बार-बार इधर-उधर नहीं घूम सकतीं। ट्रेलर लॉन्च के इसी इवेंट में एक्ट्रेस कृति सेनन के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट में कपड़ों को लेकर शुरू हुए विवाद पर करीना कपूर ने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया था। करीना से इस विवाद और एक्ट्रेसेस की सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर सवाल पूछा, तो उन्होंने इस सवाल पर चुप्पी साधे रखी। करीना ने इस सवाल का जवाब पास में बैठीं डायरेक्टर मेघना गुलजार से देने को कहा। सवाल सुनते ही डायरेक्टर की तरफ किया इशारा इवेंट में रिपोर्टर ने करीना कपूर से पूछा कि सोशल मीडिया पर एक्ट्रेसेस के कपड़ों और उनके रिप्रेजेंटेशन को लेकर काफी ट्रोलिंग होती है, ऐसे में एक एक्ट्रेस होने के नाते उनकी क्या सीमाएं होनी चाहिए।

### नैनो न्यूज

- **पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी मिली, गृह सचिव को दी जानकारी।
- **नई दिल्ली :** पीएम मोदी शिक्षक दिवस पर जेन-जेड के साथ सीधे बात करेंगे, दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में होगा प्रोग्राम।
- **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार 2.3 लाख घरों में मुफ्त 3 किलोवॉट रूफटॉप सोलर पैनल लगवाएगी, कैबिनेट में फैसला।
- **नई दिल्ली :** विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा, अनुशासनात्मक कार्रवाई का मामला।
- **नई दिल्ली :** दिल्ली गैंगरेप पर राहुल ने कहा- नाकामी पर कब तक पर्दा डालेंगे, क्या किसी की जवाबदेही तय होगी।
- **इस्लामाबाद:** मिस्बाह-उल-हक ने सिलेक्शन कमेटी से इस्तीफा दिया, पाकिस्तान बोर्ड ने स्वीकार नहीं किया।
- **जॉन टर्नस** आज से एपल की कमान संभालेंगे, टिम कुक 15 साल बाद कंपनी के सीईओ का पद छोड़ेंगे, 9 सितंबर को नए आईफोन लॉन्च होंगे।

केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और त्योहारों से पहले कीमतें काबू करने के लिए चीनी डीलरों के लिए स्टॉक लिमिट घटाने का किया ऐलान

# 15 सितंबर से व्यापारी 2 हजार क्विंटल शकर रख सकेंगे

### स्टॉक 30 दिन से ज्यादा नहीं रख सकेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

देश में चीनी जल्द ही सस्ती हो सकती है। केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और त्योहारों से पहले कीमतें काबू करने के लिए चीनी डीलरों के लिए स्टॉक लिमिट घटाने का ऐलान किया है। खाद्य मंत्रालय के नए आदेश के मुताबिक, 15 सितंबर से चीनी व्यापारी और डीलर्स अधिकतम 2 हजार क्विंटल ही स्टॉक रख सकेंगे। यह नया नियम 30 नवंबर 2026 तक पूरे देश में लागू रहेगा।



नए नियमों के मुताबिक, डीलर्स को अब स्टॉक मिलने की तारीख से 30 दिन से अधिक समय तक चीनी रखने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, वे देश में किसी भी स्थान पर एक समय में 2 हजार क्विंटल से ज्यादा चीनी नहीं रख सकेंगे। सरकार का उद्देश्य जमाखोरी और सट्टेबाजी पर लगाम लगाना है, ताकि बाजार में आपूर्ति सुचारू रहे और आम उपभोक्ताओं को सही दाम पर चीनी उपलब्ध हो सके। कोलकाता के लिए पुरानी 4 हजार क्विंटल की स्टॉक लिमिट जारी रहेगी। क्योंकि, कोलकाता में यूपी और महाराष्ट्र से चीनी आती है और यहीं से पश्चिम बंगाल समेत पूरे पूर्वोत्तर भारत में सप्लाई होती है। सप्लाई चेन में कोई रुकावट न आए, इसलिए इन क्षेत्रों को राहत दी गई है।

#### चीनी 20% तक सस्ती हुई रिटेल में भी घटेंगे दाम

- सरकार चीनी मिलों, डीलरों और व्यापारियों के गोदामों की सख्त निगरानी और फिजिकल वेरिफिकेशन कर रही है, जहां कई अनियमितताएं और अघोषित स्टॉक पकड़े गए हैं।
- सरकार की कार्रवाई और बाजार में सप्लाई सुधरने से चीनी की थोक (एक्स-मिल) कीमतें करीब 20% घट गई हैं। इससे रीटेल मार्केट में भी चीनी के दाम कम होने लगे हैं। आने वाले दिनों में आम जनता को सस्ती चीनी मिलेगी।

#### कीमतें बढ़ने, सप्लाई घटने के 3 कारण

- **उत्पादन में गिरावट का अनुमान:** इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने 2025-26 मार्केटिंग ईयर के लिए एथेनॉल ब्लेंडिंग के बाद देश का चीनी उत्पादन लगभग 279 लाख टन रहने का अनुमान जताया है।
- **घरेलू मांग ज्यादा:** भारत में चीनी की सालाना घरेलू खपत करीब 280 लाख टन है। सत्र की शुरूआत में करीब 50 लाख टन का ओपनिंग स्टॉक था, लेकिन खपत के मुकाबले नया उत्पादन कम रहने की आशंका से सप्लाई प्रेशर बढ़ा है।
- **कम बच सकता है क्लोजिंग स्टॉक:** आईएसएमए के मुताबिक, सितंबर के अंत तक देश में क्लोजिंग स्टॉक घटकर महज 35 लाख टन रह जाएगा, जो पिछले सालों की तुलना में काफी कम है।

## जंतर-मंतर प्रोटेस्ट की सभी एफआईआर रद्द

### नई एफआईआर भी दर्ज नहीं होंगी, कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर का मार्च वापस लिया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 20 से 25 जुलाई के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने साफ किया कि जिन प्रदर्शनकारियों का आपराधिक रिकॉर्ड है, उन्हें इस राहत का फायदा नहीं मिलेगा। यह आदेश देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज मामलों पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सीजेपी ने 5 सितंबर को



दिल्ली में प्रस्तावित विरोध मार्च वापस ले लिया। संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार के आश्वासन और कोर्ट के फैसले के बाद यह फैसला लिया गया है।

#### यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत लिया

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि एफआईआर रद्द करने का फैसला सिर्फ इसी मामले के खास तथ्यों और हालात को देखकर लिया गया है, इसलिए इसे दूसरे मामलों के लिए उदाहरण और बाध्यकारी फैसला नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल इस शर्त पर किया जा रहा है कि दोनों पक्ष कोर्ट के सामने हुए समझौते का पूरी तरह पालन करेंगे।

### उत्तराखंड में कार बही, घर में मलबा घुसा, 11 मौतें


**एजेंसी ▶▶ देहरादून**

उत्तर भारत में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड के देहरादून में एक कार बरसाती नदी में बह गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, एक लड़की को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। अल्मोड़ा के उड़यूड़ा गांव में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से आया मलबा एक घर में घुस गया। घर में सो रहे तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई। यहां दीवार गिरने से दो नेपाली मजदूरों की भी जान चली गई।

## बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम काटकर 7 लाख रु. ले गए चोर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ गरोठ**

मंदसौर जिले के गरोठ में 29-30 अगस्त की दरमियानी रात बदमाशों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को काटा और उसमें रखे 7 लाख रुपये चुराकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना सोमवार सुबह सामने आई, जब एटीएम में कैश डालने के लिए कर्मचारी पहुंचे। एटीएम बैंक के पास भानपुरा रोड पर स्थित है। वारदात को अंजाम देने बदमाश पूरी तैयारी के साथ एटीएम बूथ में



घुसे थे। उन्होंने बूथ के अंदर धुसते ही शटर गिरा दिया और सीसीटीवी कैमरे पर केमिकल का स्प्रे कर दिया था।

## पाकिस्तान ने एससीओ समिट की तस्वीर से मोदी को हटाया

**एजेंसी ▶▶ बिश्केक**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की गई एक ग्रुप फोटो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, एससीओ समिट के दौरान ली गई ग्रुप फोटो को एडिट करके प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर हटा दी गई है।

यह तस्वीर किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में ली गई थी। इसमें सदस्य देशों के नेता एक मंच पर खड़े नजर आ रहे हैं। मूल तस्वीर में मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत 12 नेता दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एडिटेड तस्वीर में सिर्फ 6 नेता दिख रहे हैं। मोदी, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत 6 नेताओं को हटा दिया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी एससीओ समिट का ग्रुप फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें शहबाज शरीफ नजर आ रहे हैं।

## यूपी पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में अब तक 13 लोगों की मौत

### मलबे से जिंदा निकली बच्ची दहशत से बोल नहीं पा रही, बेटे की लाश खोजता रहा पिता

**एजेंसी ▶▶ प्रयागराज**

यूपी में प्रयागराज-कौशांबी बॉर्डर पर अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। मंगलवार दोपहर मेडिकल कॉलेज में एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, एक अन्य शव पोस्टमॉर्टम हाउस में रखा था। बुजुर्ग पिता ने उसकी पहचान अपने बेटे सुनील के रूप में की।

दरअसल, सोमवार को सुनील का सिर्फ एक पैर मिला था, लेकिन शव नहीं मिला था। मंगलवार सुबह उसके पिता सरजू दास मलबे में बेटे की तलाश करते दिखे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा। यहां उन्होंने शव की शिनाख्त की।

मामले में लापरवाही बरतने पर एक इंस्पेक्टर, 6 दरोगा समेत 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। मंगलवार तड़के फैक्ट्री मालिक नौशाद (50) को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद अरेस्ट कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है।

नेपाल में फिर बाढ़ का अलर्ट, नदियों का जलस्तर बढ़ा

## मौत का आंकड़ा 1 हजार के पार हुआ



**एजेंसी ▶▶ काठमांडू**

नेपाल में नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद 7 जिलों में बाढ़ का नया अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं, नवलपरासी और चितवन जिलों में नदियों के किनारे बसे इलाकों के लिए चेतावनी जारी की है। 26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल के कई इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ। इस आपदा में मौत का आंकड़ा 1 हजार के पार हो चुका है। नेपाल में 1003 और तिब्बत में 16 लोगों की मौत हुई है। चितवन में अब तक सबसे ज्यादा 321 शव बरामद हुए हैं। जबकी 4400 से ज्यादा लोग लापता हैं।

#### राहत कोष में 363.94 करोड़ रुपए जमा

नेपाल सरकार ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष और प्रधानमंत्री कोष के जरिए आर्थिक सहायता जुटानी शुरू की है। सरकार के मुताबिक, सोमवार दोपहर तक नौ वाणिज्यिक बैंकों में प्रधानमंत्री राहत कोष के खातों में 5.87 अरब नेपाली रुपए यानी करीब 363.94 करोड़ भारतीय रुपए जमा हो चुके थे।

### सुभाष चंद्रा केस में एनसीएलटी के आदेश पर रोक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

एनसीएलटी की 5-सदस्यीय बेंच ने मंगलवार को जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा के रीपेमेंट प्लान पर रोक लगा दी है। 25 अगस्त के आदेश में उनके 22 हजार करोड़ से



ज्यादा के बकाए कर्ज के बदले सिर्फ 6.25 करोड़ रुपये चुकाने के प्लान को मंजूरी दी गई थी। कोर्ट ने सुभाष चंद्रा पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी किसी भी संपत्ति को बेचने या ट्रांसफर करने पर रोक लगा दी है। सभी संबंधित पक्षों को नोटिस भी जारी किया है। यह एनसीएलटी के इतिहास में पहली बार है, जब पांच सदस्यीय बेंच बनाई गई है। बेंच की अध्यक्षता प्रेसिडेंट जस्टिस अनूपिंदर सिंह ग्रेवाल कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी की भतीजी फंदे से लटकी मिलीं

### शिक्षक भर्ती घोटाले में चली गई थी नौकरी, 2 साल से डिप्रेशन में थीं

**एजेंसी ▶▶ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भतीजी ब्रिष्टी मुखर्जी मंगलवार को बीरभूम जिले के कुसुंबा गांव के घर में फंदे से लटकी मिलीं। ब्रिष्टि, ममता के चचेरे भाई और तृणमूल नेता निहार मुखर्जी की बेटी थीं।



शुरूआती तौर पर माना जा रहा है कि उन्होंने सुसाइड किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिष्टि बोलपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थीं। शिक्षक भर्ती घोटाला सामने आने के बाद 2024 में उनकी जॉब चली गई थी। इसके बाद से ही वे डिप्रेशन में थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल, 2024 को अवैध रूप से प्राप्त सभी 25,753 नौकरियां रद्द कर दी थीं। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया था कि जो लोग लंबे समय से अवैध तरीके से काम कर रहे हैं, उन्हें ब्याज समेत सैलरी लौटानी होगी।

रुस के राष्ट्रपति पुतिन को जंग खत्म करने पर सत्ता जाने का डर


## डोनबास पर कब्जा किए बिना लड़ाई रोकी तो मुझे फांसी पर लटका दिया जाएगा

**एजेंसी ▶▶ रूस**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को डर है कि अगर उन्होंने पूरा डोनबास अपने कब्जे में लिए बिना यूक्रेन युद्ध खत्म कर दिया, तो रूस के ताकतवर लोगों में उनके खिलाफ नाराजगी बढ़ सकती है। इससे उनकी सत्ता पर भी खतरा आ सकता है।

द इकोनॉमिस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन को लगता है कि अपनी बड़ी मांगें पूरी किए बिना यूक्रेन युद्ध खत्म करना रूस में उनकी कमजोरी मानी जाएगी। क्रेमलिन के एक करीबी सूत्र ने बताया कि युद्ध खत्म करने के नतीजों पर बात करते हुए पुतिन ने एक बार कहा था, वे मुझे फांसी पर लटका देंगे।

पुतिन का मानना है कि अगर रूस का नेता कमजोर दिखता है तो उसके लिए



सत्ता में बने रहना मुश्किल हो सकता है। यही वजह है कि वह युद्ध खत्म करने के लिए बड़े समझौते करने से बच रहे हैं।

यूक्रेन के डोनेत्स्क और लुहांस्क क्षेत्रों को मिलाकर डोनबास कहा जाता है। रूस का डोनबास के करीब 90% हिस्से पर कंट्रोल है।

- **लुहांस्क:** करीब 99.8% हिस्से पर रूस का नियंत्रण
- **डोनेत्स्क:** करीब 80% हिस्से पर रूस का नियंत्रण

#### पुतिन के सामने अब क्या रास्ता है ?

रिपोर्ट के मुताबिक, पांच साल से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध ने पुतिन के लिए स्थिति मुश्किल कर दी है। युद्ध जारी रखने पर यूक्रेन रूस के तेल और ऊर्जा ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। इससे रूस का खर्च लगातार बढ़ रहा है।

युद्ध रोकना भी पुतिन के लिए आसान नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें आम लोगों की नाराजगी से ज्यादा चिंता रूस के उन ताकतवर लोगों की है, जिनके पास पैसा, हथियार और सत्ता तक पहुंच है। एस्टोनियाई खुफिया प्रमुख रोसिन के मुताबिक, इन लोगों के बीच अब पहले की तरह रूस की पूरी जीत की बात नहीं हो रही है। इसके बजाय वे यह सोच रहे हैं कि इस युद्ध को सही तरीके से कैसे खत्म किया जाए।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### बंद बसें चालू होने का इंतजार

इस बार राखी के त्यौहार पर बहनों को शहर की संस्था की बसों में फ्री यात्रा का इंतजार ही रहा। बहनें पूर्व वर्षों की तरह इस उम्मीद में थी कि कुछ बसें चलेंगी और उसमें सुविधा मिलेगी। यात्रा निःशुल्क होगी। पिछले दो दशक पहले शहर में शहर की संस्था को केंद्र के सहयोग से यात्री परिवहन के चलते बसों के संचालन के लिए जमकर पैसा मिला और उनसे बसें खरीदी गई। पहले सीएनजी बसें और फिर डीजल बसें खरीद कर चलाई गई। कुछ करीब 60 बसों का संचालन किया गया। समय के साथ बसें कबाड में समाती गई और आय के नाम पर शहर की संस्था एक पैसा नहीं जोड़ पाई। इसके उलट उसमें लगाने की नौबत सामने आ गई। मात्र दो दशक में ही हालात यह हो गए कि बसें बंद हो गई और शहर की संस्था उसे भूलने की स्थिति में आ गई है। शहर की संस्था में उस कंपनी को लेकर अब जिक्र भी नहीं होता है न ही कोई मुद्दा ही ऐसा उठता है जिससे तय हो कि आखिर किन हालातों में और कैसे यह सब हुआ। इसके उलट बैंकों से ब्याज पर एक बस खरीदने वाला व्यवसायी पिछले दो दशक में 4-5 बसों का मालिक हो गया है। बकायदा उसने मेहनत के साथ व्यवसाय को अंजाम दिया और आज उसकी प्रगति देखने योग्य है। शहर की संस्था में बस कंपनी के संचालन के लिए योग्य एवं पूर्व अनुभवियों को संविदा आधार पर रखे गए थे उसके बाद इस तरह की स्थिति बनी और बराबर हो गई। एक के बाद एक बस बंद हो गई और अब तो उन बसों के अवशेष भी संभवतः भंगार से बूरे हाल में होंगे। खुसूर-फुसूर है कि यात्री परिवहन के विकास को लेकर और स्थानीय संस्था को आय के लिए केंद्र ने जो एक साधन संभव थे उपलब्ध करवाए थे। काफी संख्या में बसें मिली थी। अगर उनका बेहतर प्रबंधन किया जाता तो शहर की संस्था प्रति दिन की आय से काफी कुछ कर दिखाती। न बस कंपनी डूबती और न ही यात्रियों को परिवहन के लिए निजी क्षेत्रों में ही बहुत ज्यादा जाना पड़ता। शहर की संस्था में परिवहन के लिए ई-रिक्शा भी सबसे पहले आए लेकिन वो भी गधे के सिर से सिंग की तरह ही गायब हो गए। कुल जमा बंटाढार के हालात से शहर की संस्था बाहर ही नही निकल पाने के हालातों में ही चली आ रही है। शहर के नागरिकों को आज भी बंद बसों के चालू होने का इंतजार है खासतौर पर राखी के समय तो बहनों को निःशुल्क यात्रा का शहर की संस्था के भाईयों की और से करने का मन करता है। पड़ोस के शहर में निःशुल्क यात्रा का सार्वजनिक जानकारी में सामने आने पर उन्हें लगता है कि मेरे भाईयों ने आखिर घोषणा बंद क्यों कर दी।

## नैनो न्यूज

- **सैयदना साहब** के मिलाद के अवसर पर बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 5 सितंबर से होंगे शुरू
- **राजनीति विज्ञान** की वरिष्ठ विद्वान प्रो. दीपिका गुप्ता सेवानिवृत्त, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में दी गई भावपूर्ण विदाई
- **खंडेलवाल समाज** 3 सितंबर को मनाएगा जन्माष्टमी महोत्सव, पंचायत भवन बुधवारिया में होगा आयोजन, सजेगी मटकी और लगेगा अन्नकूट का भोग
- **सेवा ने दिलाया काबरा** को सम्मान, एलआईसी के स्थापना दिवस पर अभिकर्ता का राजसी स्वागत
- **निजी विद्यालय** संचालकों का मिलन एवं सम्मान समारोह आज
- **अयोध्या में** उज्जैन के समाजसेवी को सनातन राष्ट्रीय हिंदू संरक्षक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी
- **युवा मंच सत्संग समिति** ने 100 निराश्रित बुजुर्गों को बांटा 10-10 किलो गेहूं, बुजुर्गों को दी गई दवाइयां
- **भादौ की पांचवीं** सवारी में नारी शक्ति का परचम, झांझ-डमरू मंडली ने प्राप्त किया प्रथम स्थान
- **दादा गुरुदेव** के 200वें जन्म महोत्सव की मनुहार पत्रिका उज्जैन पहुंची, 8 से 16 जनवरी 2027 तक भरतपुर महातीर्थ में होगा आयोजन

## ट्रेंडिंग




दताना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज

# अधिग्रहण से शेष बच रही भूमि के टूकड़ों को लेकर किसानों ने रखी समस्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दताना हवाई पट्टी के स्थान पर बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से बढ़ाई जा रही है। इस अधिग्रहण में हाल ही में प्रदेश सरकार के निर्णय के अनुसार 4 गुना मुआवजा दिया जा रहा है। किसानों ने इस अधिग्रहण में हाल ही में समस्या रखी थी कि अधिग्रहण में उनकी पूरी जमीन न लेते हुए किसी किसान की एक बीघा,किसी की आधा बीघा एवं किसी किसान की कुछ बिस्वा जमीन छोड़ी जा रही है जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। इस मसले पर किसानों को गुरूवार 3 सितंबर को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टोरेट बुलाया गया है।

**गुरूवार को 4 बजे किसानों को बुलाया कलेक्टोरेट पर, मुद्दे पर होगी चर्चा**



उज्जैन में नए अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की तैयारी की कवायद तेज कर दी गई है। सिंहस्थ-28 के पूर्व इसे तैयार करने के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर प्रक्रिया जारी है। उज्जैन में 135.97 हेक्टेयर में नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी की जा रही है। इस एयरपोर्ट से पीक आवर्स में करीब 450 यात्री सफर कर सकेंगे। परियोजना में उज्जैन तहसील के दताना और नरवर गांव की जमीन शामिल होने की बात सामने आई है। अब परियोजना के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत 18 सितंबर को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जहां स्थानीय लोग अपने सुझाव, आपत्तियां और समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। यह एयरपोर्ट उज्जैन की एयर कनेक्टिविटी और पर्यटन, खासकर महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कुल 302 किसान नरवर एवं दताना के

अधिग्रहित की जा रही भूमि को लेकर किसान संगठन के प्रतिनिधियों के अनुसार नरवर एवं मताना में कुल 302 किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। किसानों की समस्या यह सामने आ रही है कि उनकी पूरी जमीन न लेते हुए कई किसानों की एक बीघा, आधा बीघा एवं कुछ बिस्वा जमीन छोड़ी जा रही है। इससे किसानों को नुकसान होगा एवं शेष बची जमीन किसी काम की नहीं रह जाएगी। अधिग्रहण में नरवर के 71 एवं दताना के 231 किसान प्रभावित हो रहे हैं।

### चार गुना मुआवजा

किसानों के अनुसार नरवर में 32 लाख की गाइड लाइन है ऐसे में यहां 1.28 करोड़ के मान से मुआवजा दिया जा रहा है। मताना में 40 लाख की गाइड लाइन है और सरकारी मुआवजा 1.60 करोड़ के अनुसार दिया जा रहा है।

### गुरूवार को बुलाया

किसानों की समस्या को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री को भी इससे अवगत करवाया गया था। मामले में किसानों की समस्या के निराकरण के लिए गुरूवार को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टोरेट बुलाया गया है।

### कितना होगा जमीन अधिग्रहण

शुरूआत में प्रशासन ने 241 एकड़ जमीन की जरूरत बताई थी। रनवे 950 मीटर से बढ़ाकर 1800 मीटर करना था। बाद में इसे बढ़ाकर बोइंग 320 / एयरबस अ-320 संचालन लायक बनाने के लिए कैबिनेट ने 437.5 एकड़ जमीन अधिग्रहण की मंजूरी दी है। जो लगभग 177 हेक्टेयर होती है। नवीनतम पर्यावरणीय मंजूरी के दस्तावेज में एयरपोर्ट का वास्तविक निर्माण क्षेत्र 135.97 हेक्टेयर बताया गया है, जिसमें दताना और नरवर गांव की जमीन शामिल है।

### मुआवजा प्रति हेक्टेयर

सरकार ने भूमि अधिग्रहण के लिए पहले 475 करोड़ का आंकलन किया था, बाद में कैबिनेट ने 437.5 एकड़ के लिए 590 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस हिसाब से औसतन 1.35 करोड़ रुपए प्रति एकड़ यानि करीब 3.33 करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर बैठता है।

### अप्रेल से 4 गुना मुआवजा

अप्रैल 2026 में मप्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन अधिग्रहण पर बाजार दर का 4 गुना मुआवजा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पहले दोगुना मिलता था, अब यह चार गुना मिलेगा।

# श्मशान में जलती चिता से मांस निकालकर खाने वाला अघोरी किन्नर गिरफ्तार

थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 301, 25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के श्मशान चकतीर्थ पर जलती चिता से मास निकाल कर खाने वाले अघोरी किन्नर को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उसके खिलाफ सेनापति काल भैरव समिति की और से थाने में शिकायत की गई थी जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 301, 25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की।

सोमवार को सोश्यल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर लोगों ने हैरान करने वाला मामला देखा था। सोश्यल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हुए वीडियो में खुद को अघोरी और किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बताने वाली काली उर्फ नंदगिरी श्मशान घाट पर एक जलती चिता के पास नजर आ रही थी। वीडियो में वह चिता से निकालकर मांस खाती नजर आ रही है। इस वीडियो के सामने आने पर संतों ने गुस्सा जताया था। वायरल वीडियो में संबंधित अघोरी हाथ में तलवार लिए जलती चिता के पास खड़ी दिखाई दे रही है। श्मशान वासी के नाम से जारी वीडियो में अघोरी कहती हुई सुनाई देती है कि अब इंसान को खाएंगे आप लोगङ्कजय भवानी, ये देखो गरम गरम है अभी निकाला बहुत टेस्टी है तुम्हारा जीवन से भी ऐसा खेलूंगी, बहुत बड़े-बड़े तांत्रिकों को सबका मार दिया मेरे से बच के रहना। इंसान को खाना, गरम-गरम राख लगाना, भूत प्रेत से खेलना, खोपड़ी से खेलना ये हमारा काम है। हमारे से बच के रहो। ऐसा गरम-गरम इंसान को खा रहे हैं हम। किसी के बस की बात नहीं है इंसान को गरम-गरम उठा के खाना। ये हमारा जीवन है। ये हम क्या कर सकते हैं तुम्हारा सोच के बाहर है। तुम सोच लो मैं क्या कर सकता हूँ। ऐसा गर्म-गर्म इंसान को खाने वाली। ये देखो फिर पेट भर गया। वीडियो अघोरी ने अपने ही इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया था, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हुआ। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा के अनुसार वीडियो उनके संज्ञान में आया था।



### श्मशान से धमकी भरा वीडियो जारी किया

जय श्री महाकाल, जय माता जी, जय माँ शमशान काली। मैं ये काफी वीडियोज देखा हूँ तो उसके बारे में तो ज्यादा नहीं बात करती हूँ लेकिन जो भी पीठ पीछे जो टिप्पणियां कर रहा है ना हाँ तो उसकी कहानी खत्म हो जाएगी थोड़े दिन में बच के रहना। अगर तुम्हारे अंदर उतना औकात है तुम सच्चे हो तो आमने-सामने आओ। मैं चक्रवती आश्रम में रहती हूँ आमने-सामने मेरे सामने आ के बोलो, पीठ पीछे बुराई मत करना। जो जो बुराई कर रहे है ना मेरी शमशान काली और महाकाल उन्हें नहीं छोड़ेगा, उनसे पहले तो ये उनकी बेटी हूँ नहीं छोड़ेंगे। तो हमारे से बच के रहना। जनता से लूटपाट करके तुम उनका दुःखी से पैसे से पेट भरने वाले हमारा बुराई कर रहे हो, सबका मार दूंगी बच के रहना। जो भी बुराई है करो हमको कोई घंटा फर्क नहीं पड़ेगा। थोड़ा वायरल हो जाएगी लेकिन मैं तुम्हारा सोच के बाहर हूँ। सामने-सामने आ के बात करो। जय श्री महाकाल, जय माँ शमशान काली।

### न्यायालय ने जेल भेजा

सीएसपी पुष्पा प्रजापति के मुताबिक मंगलवार को जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने चिता से छेड़छाड़ करने के इस मामले में आरोपी काली उर्फ नंद गिरी को बीएनएस की धारा 301,25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को 15 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल भैरवगढ़ भेज दिया गया। वायरल वीडियो उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान का बताया जा रहा है जो कि नगर निगम उज्जैन के अधिकार क्षेत्र में हैं।

### संत समाज नाराज

वायरल वीडियो को लेकर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी महाराज बोले - ये बर्दाश्त नहीं। देखिए, अघोर साधना को गोपनीय रखना जरूरी है, उनको सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। जो भी साधक सार्वजनिक करता है वो कहीं ना कहीं ढोंगी हो सकता है। इस प्रकार का कृत्य जो कि मानव मांस के भक्षण का दृश्यांकन करने वाला हो, वो नर पिशाच की श्रेणी में आता है। इस बात को समझना होगा। बहुत तेजी के साथ इस प्रकार की कुचेष्टाएँ हो रही हैं। इसको शासन को संज्ञान में लेना होगा।

# निर्माण टेंडरों पर सख्ती, गड़बड़ी मिली तो अफसर भी नपेंगे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत सड़कों और बड़े भवनों के निर्माण कार्यों में होने वाली टेंडर संबंधी गड़बड़ियों पर अब अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय होगी। पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी खामियों, वित्तीय अनियमितताओं या किसी तरह की लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को जवाब देना होगा।

अब तक निर्माण कार्य में गड़बड़ी मिलने पर कई मामलों में कार्रवाई ठेकेदार तक सीमित रह जाती थी। ठेकेदार को नोटिस देने, जुर्माना लगाने या ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई तो होती थी, लेकिन टेंडर की जांच और स्वीकृति प्रक्रिया से जुड़े इंजीनियर तथा अन्य अधिकारी जवाबदेही से बच जाते थे। नई व्यवस्था में ऐसा नहीं होगा।

विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के अलग-अलग स्तरों पर गठित तकनीकी और वित्तीय जांच समितियों की जिम्मेदारियां नए सिरे से निर्धारित की हैं। इसके तहत टेंडर दस्तावेजों की जांच, तकनीकी पात्रता, दरों के परीक्षण और वित्तीय पहलुओं की समीक्षा करने वाले अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट की गई है।

उज्जैन जिले में सड़क, पुल, भवन और अन्य बड़े निर्माण कार्यों के लिए जारी होने वाले टेंडरों में अब संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर निर्धारित नियमों के अनुसार जांच करनी होगी। जांच के दौरान किसी तरह की चूक, लापरवाही या पक्षपात सामने आने पर संबंधित समीक्षा समिति के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी।

विभाग ने प्रमुख अभियंताओं, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा भवन विकास से जुड़े अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की हैं। माना जा रहा है कि नई व्यवस्था से टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

प्रदेश के 22 हजार मंदिरों के पास करोड़ों की संपत्ति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग कर रहा डेटाबेस तैयार

# महाकाल मंदिर का खजाना अब ऑनलाइन देख सकेंगे श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रद्धालु श्री महाकालेश्वर मंदिर का खजाना और संपत्ति आने वाले समय में ऑनलाइन देख सकेंगे। महाकाल मंदिर के पास इस वर्ष 142 करोड़ रुपए की संपत्ति सामने आने के बाद सरकार ने प्रदेश के 22,098 मंदिरों की डिजिटल कुंडली तैयार करने का काम शुरू किया है। इसमें मंदिर के नाम दर्ज जमीन, भवन और दूसरी चल-अचल संपत्तियों से लेकर पुजारी का नाम और संपत्ति पर कब्जे-अतिक्रमण की स्थिति तक दर्ज होगी।

आने वाले दिनों में महाकाल से लेकर रामराजा सरकार तक किस मंदिर के पास कितनी संपत्ति है, इसका पूरा हिसाब ऑनलाइन देखा जा सकेगा। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग यह डेटाबेस तैयार कर रहा है। इसे विभाग के पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाएगा। बता दें राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बाद मंदिरों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग जोरों से उठने लगी थी।

### शासन-संधारित मंदिरों की संख्या में उज्जैन सबसे आगे, जिले में 2536 मंदिर



### शासन संधारित मंदिरों में उज्जैन सबसे आगे

शासन-संधारित मंदिरों की संख्या में उज्जैन सबसे आगे है। जिले में 2536 मंदिर हैं। इसके बाद मंदसौर में 2236, रतलाम में 1653, नीमच में 1421, धार में 1320, इंदौर में 1225 और ग्वालियर में 1165 मंदिर सूचीबद्ध हैं। जिन शासन-संधारित मंदिरों के पास 10 एकड़ से कम कृषि भूमि है, उस जमीन के प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित मंदिर के पुजारी के पास रहती है। डिजिटल डेटाबेस से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि मंदिर की जमीन का उपयोग किस तरह हो रहा है और उस पर किसी तरह का कब्जा तो नहीं है।


### रिकॉर्ड में होंगे बड़े मंदिर

शासन-संधारित मंदिरों की सूची में बड़े और प्रसिद्ध मंदिरों के साथ छोटे मंदिर और देवस्थान भी शामिल हैं। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के आधिकारिक रिकॉर्ड में महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, राम मंदिर ओरछा (रामराजा सरकार), मां शारदा मंदिर मैहर, पीताम्बरा देवी मंदिर दतिया, खजराना गणेश मंदिर इंदौर, पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर और बिजासन माता मंदिर सलकनपुर जैसे प्रमुख मंदिर दर्ज हैं।

- **रिकॉर्ड एक ही जगह देखा जा सकेगा-** हर मंदिर के डिजिटल रिकॉर्ड में उसका नाम, इतिहास, पुजारी का नाम, मंदिर के नाम दर्ज चल-अचल संपत्ति, जमीन का रकबा, संपत्ति की वर्तमान स्थिति और उस पर कब्जे या अतिक्रमण की स्थिति दर्ज होगी। इससे किसी मंदिर के नाम दर्ज संपत्ति का रिकॉर्ड एक ही जगह देखा जा सकेगा।
- **4500 हेक्टेयर भूमि 1320 मंदिरों के पास-**प्रदेश के 1320 शासन-संधारित मंदिरों के नाम 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि दर्ज है। इन मंदिरों के पास कुल करीब 4500 हेक्टेयर कृषि भूमि है। इस जमीन को खेती के लिए देने की नीलामी संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा कराई जाती है। नीलामी से मिलने वाली राशि मंदिर के कोष में जमा होती है।

# समाजसेवी रोहित खत्री 'राजा' को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



समाजसेवा और मित्रता के लिए पहचाने जाने वाले खुशमिजाज व्यक्तित्व के धनी रोहित खत्री राजा को मंगलवार को उनके परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। बड़ी संख्या में उनके मित्र, परिचित और सामाजिकजन अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। रोहित खत्री पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ मित्रों को भी गहरा आघात पहुंचा है। रोहित खत्री अपने मिलनसार और मददगार स्वभाव के कारण समाज में विशेष पहचान रखते थे। वे अपने मित्रों के बीच बेहद लोकप्रिय थे और हर किसी के सुख-दुख में साथ खड़े रहने के लिए जाने जाते थे। मंगलवार सुबह 10 बजे उनकी शवयात्रा केशव नगर स्थित निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में मित्र, परिचित और क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। अंतिम यात्रा के दौरान माहौल गमगीन रहा और उनके मित्रों की आंखें नम दिखाई दीं। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।






# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 2 सितंबर, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर के छोटा बांगड़दा श्मशान में अधूरा अंतिम संस्कार

**इंदौर।** शहर के छोटा बांगड़दा स्थित श्मशान में अंतिम संस्कार के बाद शव पूरी तरह नहीं जलने का मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह श्मशान पहुंचे परिवार के सदस्यों को शव का कुछ हिस्सा अधजली स्थिति में मिला। इसके बाद परिजनों ने लकड़ी और कंडे की मदद से दोबारा अंतिम संस्कार किया। परिवार के सदस्यों के अनुसार, सोमवार शाम को श्मशान में एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया गया था। उस दौरान वहां मौजूद निगम कर्मचारी से शव को पूरी तरह जलाने के लिए अधिक लकड़ी और कंडे देने की मांग की गई थी। परिजनों का आरोप है कि कर्मचारी ने अतिरिक्त लकड़ी और कंडे उपलब्ध नहीं कराए।

### कलेक्टर अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में यातायात विभाग द्वारा जिले में यातायात को सुगम बनाने के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ा रहे ई-रिक्शा को नियंत्रित किया जाये। सभी चौराहे पर लेफ्ट टर्न चौड़े किये जाये, यातयात सिग्नल को व्यवस्थित किया जाये, चौराहों पर यातायात पुलिस को तैनात किया जाये, ताकि जाम की स्थिति नहीं बने। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जहां-जहां ब्लेक स्पाट है, उन्हें चिन्हित किया जाये तथा ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे सड़क हादसे नहीं हो। श्री वर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि नया प्रोजेक्ट शुरू करने से पूर्व वैकल्पिक मार्ग को प्राथमिकता के साथ बनाया जाये, ताकि वाहन चालकों और नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### वार्ड 58 और 60 में पार्षद पद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष-2026 (पूर्वार्ध) के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 58 एवं वार्ड क्रमांक 60 में पार्षद पद के निर्वाचन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना 8 सितंबर 2026 को जारी होगी, इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। आगामी 15 सितंबर 2026 नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 16 सितंबर को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 18 सितंबर होगी। आगामी 29 सितंबर 2026 को मतदान कराया जाएगा। मतगणना 3 अक्टूबर 2026 को होगी।

### विधायकों के साथ राज्यपाल से मिले नेता प्रतिपक्ष



**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंत्री विजय शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने राज्यपाल से विजय शाह के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति के मामले में पुनर्विचार करने और उचित कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में विधायक आरिफ मसूद और सुरेश राजे भी शामिल रहे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद उमंग सिंघार ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दूसरों को देशभक्ति का प्रमाण देने वाली भाजपा राष्ट्र का अपमान करने से पीछे नहीं हटी। कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सेना, महिला और देश का अपमान है। सिंघार ने कहा कि सरकार अपनी बदनामी से बचने के लिए राज्यपाल को बीच में ला रही है। अगर गलती सरकार की है तो राज्यपाल को बीच में क्यों लाया जा रहा है? उन्होंने सवाल उठाया कि जब विजय शाह के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति देने और उन्हें मंत्री पद से हटाने का अधिकार सरकार के पास है, तो मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार ने अब तक ऐसा क्यों नहीं किया।

## नैनो न्यूज

- **देवासः अवैध संबंध के शक में हत्या की साजिश** – कांटाफोड़ क्षेत्र में 50 वर्षीय कमल चौहान की हत्या की साजिश के मामले में पुलिस ने 72 घंटे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- **सुसनेरः टेंट गोदाम में भीषण आग** – सुसनेर में टेंट के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने विकराल रूप लिया, नुकसान का आकलन जारी है।
- **रतलामः कलेक्टर ने अफसरों पर सख्ती** – साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर अजय कटेसरिया ने योजनाओं और शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए, अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस के निर्देश भी दिए।
- **मंदसौरः सरसों से भरा ट्रक पलटा** – मंदसौर-सीतामऊ मार्ग पर सोमली नदी की पुलिया के पास सरसों से भरा ट्रक पलट गया। चालक घायल हुआ, नदी में गिरने से बाल-बाल बचा।
- **आगर मालवाः हाईवे पर ट्रक ने गायें कुचलीं** – आमला गांव के पास इंदौर-कोटा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से चार गायों की मौत और तीन घायल हुईं। ग्रामीणों ने चक्काजाम किया।
- **सुसनेरः अभिभाषक संघ ने मुलाकात की** – आगर-मालवा में अभिभाषक संघ ने वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर स्थानीय न्यायिक और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की।

उज्जैन-गरोठ फोरलेन प्रोजेक्ट, फिर हुई चूक पर उठे सवाल

# रेलवे ओवर ब्रिज की रिटेनिंग वॉल 6 महीने में दूसरी बार ढही

### 13 फरवरी 2026 को प्रेमनगर आरओबी की एप्रोच में लैंड सब्सिडेंस हुआ था

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन-गरोठ फोरलेन परियोजना अंतर्गत प्रेमनगर में बने रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) की रिटेनिंग वॉल का छह महीने में दूसरी बार खिसककर टूटना अब सामान्य तकनीकी खामी कहकर टालने वाला मामला नहीं रहा। घटनाक्रम की कड़ी खुद कई सवाल खड़े कर रही है। 13 फरवरी को एप्रोच धंसी, रिटेनिंग वॉल क्षतिग्रस्त हुई। कार्रवाई हुई, ठेकेदार का भुगतान रोका गया और प्रभावित हिस्सा दोबारा बनाने के निर्देश दिए गए।

जून में नई वॉल तैयार भी हो गई। लेकिन अगस्त में उसी वॉल में फिर डिस्प्लेसमेंट सामने आ गया और ब्लाक की बनी दीवार तथा उसमें भरा मटेरियल ढहने लगा। नतीजा- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआइ के निर्देश पर ठेकेदार स्वयं के 10 करोड़ रुपये खर्च कर अब करीब 500 मीटर हिस्सा फिर तोड़कर बनाएगा। सबसे बड़ा सवाल यही है- जब पहली घटना के बाद उसी हिस्से को दोबारा बनाया गया था, तो दो महीने में फिर समस्या क्यों आई। क्या पहली गड़बड़ी का मूल कारण पहचाना गया था। अगर पहचाना गया था तो उसे पूरी तरह दूर किया गया या नहीं। और जून में तैयार हुई वॉल को गुणवत्ता की कसौटी पर किस प्रक्रिया से सही माना गया।

#### एक जगह, दो बार खामी



13 फरवरी 2026 को प्रेमनगर आरओबी की एप्रोच में लैंड सब्सिडेंस हुआ था। तैयार सरफेस बैठ गई और रिटेनिंग वॉल का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद एनएचएआइ ने ठेकेदार फर्म जीएचवी के भुगतान पर रोक लगाई और प्रभावित हिस्से के री-कंस्ट्रक्शन के निर्देश दिए। करीब चार महीने में नई वॉल तैयार हुई। इसे पहली समस्या का समाधान माना गया। लेकिन अगस्त में आरइ वॉल के ब्लॉक्स में फिर डिस्प्लेसमेंट दिखाई दिया। यहीं से मामला गंभीर हो जाता है। पहली बार क्षति के बाद जो हिस्सा दोबारा बनाया गया, उसी में दोबारा खामी सामने आई है।

#### जून में ठीक था तो अगस्त में कैसे खिसका

इस सवाल का जवाब अब केवल यह बताकर नहीं दिया जा सकता कि प्रभावित हिस्सा फिर बना दिया जाएगा। तकनीकी जांच में स्पष्ट होना चाहिए कि फाउंडेशन और बेस की तैयारी निर्धारित डिजाइन के अनुसार हुई थी या नहीं। बैकफिलिंग में निर्धारित सामग्री और पर्याप्त कम्पैक्शन हुआ था या नहीं। पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज व्यवस्था पर्याप्त थी या नहीं। आरई वॉल के ब्लॉक्स की इंस्टॉलेशन और कनेक्शन तकनीकी मानकों के अनुसार हुए या नहीं। फरवरी की घटना के बाद किए गए री-कंस्ट्रक्शन की गुणवत्ता जांच किस स्तर पर हुई थी। क्योंकि यदि पहली घटना का मूल कारण दूर किए बिना केवल क्षतिग्रस्त हिस्सा दोबारा बनाया गया, तो दूसरी बार की समस्या उसी कमी का परिणाम हो सकती है। और यदि मूल कारण दूर किया गया था, तो फिर नए निर्माण में खामी कहां आई–यह भी सामने आना चाहिए। एनएचएआई ने 22 अगस्त को आइआइटी दिल्ली के विशेषज्ञों से साइट का तकनीकी निरीक्षण कराया। विशेषज्ञों की सलाह के बाद प्रभावित करीब 500 मीटर हिस्से को हटाकर दोबारा बनाने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है तकनीकी रिपोर्ट में सामने आने वाला मूल कारण।

पुरानी एजेंसी पर श्रमिक शोषण के आरोप

# सिक्योरिटी गार्डों के वेतन और पीएफ भुगतान को लेकर शिकायत

### अधिकारियों को शिकायत प्रस्तुत कर जांच और कार्रवाई की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर विकास प्राधिकरण में पूर्व में कार्यरत सिक्योरिटी एजेंसी पर गार्ड श्रमिकों का वेतन और भविष्य निधि (पीएफ) की राशि जमा नहीं करने सहित श्रमिकों के शोषण के आरोप लगाए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश कटारिया ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत प्रस्तुत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आईडीए में 1 अगस्त से पूर्व संचालित एस.एस. सिक्योरिटी एजेंसी द्वारा कार्यरत कुछ सुरक्षा गार्डों का पिछले तीन से चार माह का वेतन बकाया है। साथ ही श्रमिकों की भविष्य निधि राशि भी नियमानुसार जमा नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। रूपेश कटारिया ने मांग की है कि एजेंसी के किसी भी लंबित आर्थिक दायित्व अथवा जमा राशि का भुगतान करने से पहले सभी संबंधित गार्ड श्रमिकों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनके वेतन और पीएफ भुगतान की जांच एवं पुष्टि की जाए। शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रत्येक श्रमिक के बकाया भुगतान की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही एजेंसी को आर्थिक दायित्वों से मुक्त किया जाए।

शिकायत में एजेंसी पर आर्थिक अनियमितताओं और श्रमिकों के साथ कथित शोषण के भी आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर संस्था के स्थानीय प्रबंधक एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ वैधानिक और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। कटारिया ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से पहले संबंधित गार्डों का बकाया वेतन और पीएफ राशि दिलाने के लिए भी अधिकारियों से अनुरोध किया गया था, लेकिन उनके अनुसार अभी तक संबंधित श्रमिकों को पूरा भुगतान और पीएफ का लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच के लिए पीएफ विभाग और श्रम विभाग को भी जानकारी भेजी जाए तथा श्रम कानूनों और पीएफ नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

शिकायतकर्ता ने गंभीर अनियमितताएं प्रमाणित होने की स्थिति में एजेंसी को भविष्य के कार्यों से प्रतिबंधित या ब्लैकलिस्ट करने पर भी विचार करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि पुलिस कमिश्नर इंदौर, पीएफ विभाग, श्रम आयुक्त मध्य प्रदेश, कलेक्टर इंदौर तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी को भी भेजी गई है।

#### इंदौर में रिटायर्ड लोको पायलट के घर चोरी

इंदौर के द्वारकापुरी में रेलवे से रिटायर्ड लोको पायलट के यहां चोरी की वारदात हो गई। उन्होंने अपनी बीमार पत्नी की देखभाल के लिए एक महिला को केयरटेकर के रूप में रखा था। महिला ने उनकी पत्नी के जेवर और मकान के दस्तावेज चुरा लिए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब उनके मकान के दस्तावेज लोको पायलट को किसी ने बेचने के लिए मोबाइल पर भेजे। द्वारकापुरी पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर दर्ज की है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, साईं श्रद्धा कॉलोनी निवासी कैलाश चंद्र मारू रेलवे से रिटायर्ड लोको पायलट हैं। उनकी पत्नी गीता मारू का स्वास्थ्य खराब होने के चलते उनकी देखरेख के लिए दीपिका बेस नाम की महिला को 1 मई को रखा था। 5 मई को उनकी पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उन्हें उपचार के लिए विशेष जूपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में गीता के सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान के टॉप्स, सोने की दो चूड़ियां, चांदी की पायल, मोबाइल और कुछ नकदी दीपिका को संभालने के लिए दिए गए थे।

# डीसीपी मेहता ने छोड़ी अचानक अपनी नौकरी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर/भोपाल**

मध्य प्रदेश के प्रशासनिक और पुलिस गलियारों से इस वक्त की एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। इंदौर नगरीय पुलिस के जोन-4 में पदस्थ डीसीपी सुनील कुमार मेहता ने अचानक अपनी नौकरी छोड़ दी है। मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग ने 31 अगस्त 2026 को उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के आवेदन को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करते हुए आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। शानदार ट्रैक रिकॉर्ड और कार्यकाल बाकी होने के बावजूद एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा अचानक सेवा से इस्तीफा देने के इस फैसले ने पूरे महकमे में हलचल पैदा कर दी है।पारिवारिक कारणों का दिया हवाला, गृह विभाग ने लगाई शर्तआधिकारिक जानकारी के अनुसार, आईपीएस सुनील कुमार मेहता ने इसी साल 1 जून 2026 को राज्य सरकार को नोटिस भेजकर 31 अगस्त 2026 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दिए जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने अपने इस कदम के पीछे पूरी तरह व्यक्तिगत और पारिवारिक वजहों का हवाला दिया है।गृह विभाग की अपर सचिव अन्नू भलावी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर से जारी किए गए आदेश में एक कड़ी शर्त भी जोड़ी गई है। इस शर्त के मुताबिक, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति के बाद सुनील कुमार मेहता आगामी एक वर्ष तक किसी भी व्यावसायिक पद को धारित नहीं कर सकेंगे।

मध्य प्रदेश से बिहार, दिल्ली, राजस्थान, यूपी और गुजरात जाने वाली

# पांच त्योहार स्पेशल ट्रेनों के फेरे नवंबर तक बढ़ाए

### इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन को 27 नवंबर तक आगे बढ़ाया गया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को नवंबर तक आगे बढ़ाया है। इससे बिहार, यूपी, उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान की ओर जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसमें रेलवे ने ट्रेनों की लिस्ट और उन्हें कितने दिनों तक आगे बढ़ाया गया है इसकी लिस्ट जारी की है।

खास बात यह है कि इन ट्रेनों के स्टॉपेज और टाइम में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। गर्मी की छुट्टियों के साथ रक्षाबंधन के त्योहार में भी इन ट्रेनों के जरिए बड़ी संख्या में यात्रियों ने सफर किया है। इन स्पेशल ट्रेनों से जहां यात्रियों को सहूलियत मिली है वहीं दूसरी ट्रेनों में होने वाला दबाव भी कम हुआ है।

#### किस ट्रेन को कब तक आगे बढ़ाया गया

- 09309 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन को 27 नवंबर तक आगे बढ़ाया गया
- 09310 हजरत निजामुद्दीन-इंदौर स्पेशल ट्रेन को 28 नवंबर तक आगे बढ़ाया गया
- 09065 सूरत-छपरा स्पेशल ट्रेन को 17 नवंबर तक आगे बढ़ाया गया
- 09066 छपरा-सूरत स्पेशल ट्रेन को 18 नवंबर तक आगे बढ़ाया गया
- 09119 प्रतापनगर-लालकुआं स्पेशल ट्रेन को 29 नवंबर तक आगे बढ़ाया
- 09120 लालकुआं-प्रतापनगर स्पेशल को 30 नवंबर तक बढ़ाया
- 09195 प्रतापनगर-मऊ स्पेशल ट्रेन 28 नवंबर तक आगे बढ़ाई गई
- 09196 मऊ- प्रतापनगर स्पेशल ट्रेन को 29 नवंबर तक आगे बढ़ाया
- 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल ट्रेन को 27 नवंबर तक आगे बढ़ाया
- 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल को 30 नवंबर तक आगे बढ़ाया गया

पंचायत कर्मचारियों की बड़ी जीत

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की मध्यप्रदेश सरकार की याचिका

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर/नई दिल्ली**

जनपद व जिला पंचायत कर्मचारियों को छठवें वेतनमान का लाभ 1 जनवरी 2006 से दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी से कर्मचारियों को बड़ी जीत मिली है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर खंडपीठ (न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला व न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी) ने 15 जनवरी 2026 को राज्य सरकार की रिट अपील खारिज करते हुए कहा था कि पंचायत एक स्वायत्त संस्था है और कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों से अलग तारीख से लाभ देना मनमाना व ₹समान कार्य-समान वेतन₹ सिद्धांत का उल्लंघन है।

इसके विरुद्ध राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एस एल पी दायर की, जिस पर 24 अगस्त 2026 को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने मौखिक टिप्पणी की कि राज्य सरकार प्रायः धन की कमी का हवाला देकर ऐसे मामलों में हस्तक्षेप चाहती है, परंतु इस आधार पर भेदभाव उचित नहीं। कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश में कोई त्रुटि न पाते हुए याचिका खारिज कर दी।

महाकाल की भक्ति में डूबा उज्जैन- 5 लाख से ज्यादा कावड़ यात्रियों को सेवा मिली

# श्रावण मास में करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे, 2 हजार क्विंटल लड्डू का प्रसाद बिका

### शीघ्र दर्शन टिकट और लड्डू प्रसादी बिक्री से मंदिर समिति को करोड़ों की आय हुई


**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

पवित्र श्रावण मास में बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन आस्था, भक्ति और सेवा के अद्भुत संगम की गवाह बनी। पूरे श्रावण माह देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, भोजन प्रसादी और सांस्कृतिक आयोजनों के विशेष इंतजाम किए गए। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ जनसेवा का भी व्यापक स्वरूप देखने को मिला। श्रावण माह के दौरान 1.13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने सीधे श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। इसके अलावा विभिन्न सवारियों और भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के दर्शन करने वाले 43.75 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल रहे। इस तरह श्रावण मास में कुल 1,57,00,210 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। बाबा महाकाल का जलाभिषेक करने के लिए 5 लाख से अधिक कावड़ यात्री उज्जैन पहुंचे। इनमें से करीब 2.80 लाख कावड़ यात्रियों को पांच विशेष स्थानों पर निःशुल्क भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई गई।

#### शिव अर्धांग थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

श्रावण माह में भक्ति के साथ कला और संस्कृति का भी विशेष समागम देखने को मिला। ह्यशिव अर्धांगह्न थीम पर 17 श्रावण महोत्सव और 35 संस्कृति संध्या आयोजित की गईं। इनमें करीब 350 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर बाबा महाकाल के चरणों में हाजिरी लगाई। मंदिर प्रबंधन की बेहतर रणनीति, श्रद्धालुओं की सुविधा और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के चलते इस वर्ष की श्रावण यात्रा श्रद्धालुओं के लिए सुगम, सुरक्षित और यादगार रही।

#### अन्नक्षेत्र में 3.47 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया भोजन



मंदिर के अन्नक्षेत्र में 3.47 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन ग्रहण किया। सेवा भाव के तहत 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निःशुल्क चरण पादुकाएं भी वितरित की गईं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रावण माह में 5.76 लाख से अधिक शीघ्र दर्शन टिकट जारी किए गए। इन टिकटों से मंदिर समिति को ?14.47 करोड़ से अधिक की आय प्राप्त हुई। वहीं, बाबा महाकाल के लड्डू प्रसाद की भी श्रद्धालुओं के बीच भारी मांग रही। 2,215 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसादी की बिक्री हुई, जिससे 10.49 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

#### 3 काम जो पहली बार किए

##### दक्षिण भारतीय व्यंजन

अन्नक्षेत्र में हर मंगलवार और शुक्रवार को रस संगमम् नामक दक्षिण भारतीय व्यंजन की शुरूआत की गई। इसमें श्रद्धालुओं को सांभर, इडली, वड़ा, स्टीम चावल मौसमी सब्जी परोसे जा रहे हैं। पहले ही दिन 10337 ने इसका लाभ लिया।

##### शीघ्र दर्शन बुकिंग

नागपंचमी पर मंदिर के पट खुलने के तीन दिन पहले ऑनलाइन शीघ्र दर्शन टिकट (300 रुपए) की शुरूआत की। इससे पट खुलने के पहले ही मंदिर प्रबंध समिति को 39 लाख रुपए की आय हुई।



##### कावड़ यात्रियों के लिए अलग प्रवेश द्वार

मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को कावड़ यात्रियों के लिए गेट नंबर 1 और हरसिद्धि चौराहा से प्रवेश की व्यवस्था की थी। सभामंडपम के साथ कार्तिक मंडपम में पात्र जल अर्पित करने के लिए रखे गए थे।

## न्यूज कालम




## टांडा रोड पहुंची 12 कोच की मेमू ट्रेन, रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद बढ़ी

**टांडा(धार)।** धार जिले के टांडा क्षेत्र के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित रेल सुविधा अब साकार होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। भारतीय रेल के नक्शे पर टांडा क्षेत्र का नाम जुड़ने वाला है। बड़ोदरा मंडल द्वारा नए रेलखंड पर यात्री ट्रेन संचालन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पिछले दिनों सीआरएस से हरी झंडी मिलने के बाद पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतापनगर (वडोदरा) से टांडा रोड के बीच प्रतिदिन एक मेमू ट्रेन संचालित करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। प्रस्ताव के अनुसार मेमू ट्रेन प्रतापनगर से सुबह करीब 5 बजे रवाना होकर अलीराजपुर होते हुए सुबह 9.35 बजे टांडा रोड रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन दिनभर टांडा रोड स्टेशन पर खड़ी रहेगी और शाम करीब 5 बजे टांडा रोड से प्रतापनगर के लिए रवाना होगी। वापसी में ट्रेन रात करीब 9.25 बजे प्रतापनगर पहुंचने का प्रस्ताव है। हालांकि नियमित यात्री सेवा शुरू होने की अंतिम पुष्टि रेलवे बोर्ड की मंजूरी और आधिकारिक आदेश के बाद ही होगी। इसी बीच मंगलवार को नए रेलखंड पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि देखने को मिली। प्रतापनगर से 12 कोच की मेमू ट्रेन पहली बार टांडा रोड रेलवे स्टेशन पहुंची। सुबह करीब 5 बजे प्रतापनगर से रवाना हुई मेमू ट्रेन लगभग 10.30 बजे टांडा रोड पहुंची। यह पहली बार है जब इस नए रेलखंड पर 12 कोच वाली मेमू ट्रेन का संचालन कर टांडा रोड तक पहुंचाया गया है।

## किसानों की आवाज बुलंद करेगा भारतीय किसान संघ, 15 को सौंपेंगे ज्ञापन



**सनावद।** किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील सनावद अब मुखर होकर आवाज उठाएगा। मंगलवार, 1 सितंबर 2026 को कृषि उपज मंडी स्थित कृषक भवन में आयोजित संघ की मासिक बैठक में किसानों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी रणनीति तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर 15 सितंबर को तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए भारतीय किसान संघ निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक में आगामी बलराम जयंती को तहसील क्षेत्र के 119 गांवों में मनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया। इसके लिए गांव-गांव तक संगठन की पहुंच बढ़ाने और किसान बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम जी भाडिया, जिला उपाध्यक्ष केवलराम जी चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष झबर सिंह जी पवार, जिला सदस्य आनंदराम जी चौधरी, जिला सदस्य हरीकरण जी पटेल, तहसील अध्यक्ष लखनलाल जी भायडिया, तहसील युवा वाहिनी संयोजक राजेश यादव, प्रेमलाल जी, ओमप्रकाश जी रांडवा एवं बालकराम जी सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे। बैठक के अंत में किसानों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

## सीखो, कमाओ और आगे बढ़ो: नेपा लिमिटेड में 60 युवाओं को मिला रोजगार




**नेपानगर।** एशिया की पहली पेपर मिल नेपा लिमिटेड ने स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ी पहल की है। सीखो-कमाओ योजना और रोजगार मेले के तहत चयनित 60 युवाओं का कारखाना परिसर में स्वागत कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। सीएमडी नरेश सिंह ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि नेपा का भविष्य युवा शक्ति, तकनीकी दक्षता और नवाचार पर टिका है। आज चयनित युवा केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि नेपा के अगले विकास अध्याय के सहभागी हैं। नेपा आज पुनः विकास और विस्तार के नए दौर में प्रवेश कर रही है और युवाओं का जुड़ना इसके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। पूर्व निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि हर नई जिम्मेदारी नए अवसर लाती है, चुनौतियों को स्वीकार कर निरंतर सीखते रहना ही सफलता की कुंजी है। निदेशक वित्त पी.जे.एम. डिक्सन ने कहा कि युवा शक्ति संस्था की सबसे बड़ी पूंजी है। वरिष्ठ प्रबंधक ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि नेपा में युवाओं को सीखने और कौशल निखारने के व्यापक अवसर मिलेंगे। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपानगर, बुरहानपुर, खंडवा सहित आसपास के क्षेत्रों से 128 आवेदन प्राप्त हुए थे। शैक्षणिक योग्यता और ट्रेड के आधार पर फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक और कोपा सहित विभिन्न ट्रेडों में 60 युवाओं का चयन कर संविदा पर रोजगार दिया गया है।

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**बड़वानी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 सितम्बर, 2026 को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 सितम्बर 2026 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 सितम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 सितम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगी।।

# राजसी ठाठ-बाट से निकली राजाधिराज भगवान काशी विश्वनाथ की शाही सवारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर





नगर के अधिष्ठाता राजाधीराज भगवान श्री काशी विश्वनाथ भादौ मास के पहले सोमवार को ठाठ-बाट के साथ रंग-बिरंगे फूलों की झालरों एवं आभूषणों से सुसज्जित पालकी में सवार होकर शाही सवारी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। इस बार शाही सवारी की विशेषता यह रही कि भगवान काशी विश्वनाथ के आगे श्री टोकेश्वर महादेव की पालकी भी साथ चली।

नगर के प्रमुख शिवालयों की सवारियां भी शाही सवारी में शामिल हुईं। शाम करीब ४ बजे जनवासा स्थल नर्मदा तट स्थित रामघाट से सवारी रवाना होने से पहले भगवान काशी विश्वनाथ की आरती की गई। इसके बाद सवारी श्री टोकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां मंदिर के पुजारी राघवदासजी महाराज ने भगवान काशी विश्वनाथ का पूजन किया। यहां से सवारी श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची। पुजारी ठाकुरजी महाराज ने दोनों पालकियों की अगवानी कर भगवान को पुष्पहार पहनाया। इसके बाद सवारी फिल्टर प्लांट, कन्या स्कूल, लाइब्रेरी, राम मंदिर के पास पहुंची जहां पर भगवान श्री काशी विश्वनाथ और दुर्गा माता जी का शिव शक्ति मिलन हुआ शिव शक्ति मिलन को देखकर भक्तजन भावुक हो गए सवारी पुनः केवट मोहल्ले से होते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची। यहां मंदिर पुजारी ने भगवान का पूजन किया। इसके बाद सवारी जेल रोड, क्षत्रिय राजपूत धर्मशाला ,कसरावद रोड होते हुए कसरावद फाटा पहुंची। जहां पर श्री बालाजी ग्रुप द्वारा भव्य मंच लगाया गया जहां महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ भगवान का पूजन , भव्य स्वागत एवं आरती उतारी । इसके बाद पालकी पुलिस चौकी और एमजी रोड होते हुए घंटाघर पहुंची। घंटाघर चौक जहां पर श्री काशी विश्वनाथ भगवान और श्री लड्डू गोपाल कृष्ण भगवान का हरिहर मिलन हुआ हरिहर मिलन में श्री हरि हर भगवान की आरती उतारी गई देर रात भगवान की सवारी पुनः श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची, जहां पर बाबा की आरती उतारी गई श्री काशी सेवा समिति एवं धर्म जागरण मंच के के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय आयोजन का समापन हुआ। भगवान श्री कशी विश्वनाथ की शाही सवारी का यह परंपरागत 28 वां वर्ष है।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया

शाम 6.15 पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की अपील पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान जन समूह ने अपने स्थान पर खड़े होकर पाठ किया। शाही सवारी में बड़ी संख्या में युवाओं की टोलियां डीजे और ढोल की थाप पर थिरकते हुए चल रहे थे। जगह-जगह भगवान का पूजन महिलाओं ने किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन एसडीओपी श्वेता शुक्ला के साथ थाना प्रभारी पंकज तिवारी और उनकी पूरी पुलिस टीम मुस्तैद रहे। गली, मोहल्लों में और शाही सवारी के साथ पुलिस जवान मौजूद रहे ।

# भाजपा ने ग्रामीण महिला मोर्चा को सौंपी नई जिम्मेदारी

**हेमलता चौहान को जिला मंत्री, अंतिमबाला पंवार को सह सोशल मीडिया प्रभारी वं जया शिन्दे को जिला आईटी विभाग प्रभारी बनाया**

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग धार



भारतीय जनता पार्टी जिला धार ग्रामीण के महिला मोर्चा की कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। संगठन द्वारा महिला कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपे जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

भाजपा जिला धार ग्रामीण महिला मोर्चा की कार्यकारिणी में सुश्री हेमलता चौहान को महिला मोर्चा जिला मंत्री, श्रीमती अंतिमबाला तेजबहादुर पंवार को जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी तथा श्रीमती जया जयकिशन शिन्दे को जिला आईटी विभाग प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, वरिष्ठ नेता श्यामसुंदर अगाल, अभयसिंह मंडलोई एवं इंदरसिंह डामोर, मंडल महामंत्री अंकित झंवर एवं सुरेश रावत, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कैलाश झाबा, अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री डॉ. अनिल सिसोदिया, मन की बात प्रभारी प्रकाश शर्मा, शरद सोनी, अर्जुन जमरा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूरसिंह डावर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, मंडल उपाध्यक्ष प्रताप चौहान, सरपंच कलमसिंह चौहान, कैलाश भंवर, प्रेमसिंह जमरा, रौनक राठौर, राजेश बल्देवा, हेमलता चौहान, राजमल सिसोदिया, सोमला बघेल, सुकलाल ठेकेदार, शंकर मंडलोई, शेरु बामनिया, भारत मंडलोई, राजु मंडलोई, वेरसिंह मोरी, लालु मंडलोई, महेश पांचाल, लालसिंह मेहडा एवं पानसिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संत रविदास जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा, समरसता का दिया संदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मनावर

जिला धार।। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को नगर में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान यात्रा निकाली गई। भाजपा द्वारा 21 अगस्त से 10 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यह अभियान चलाया जा रहा है।

यात्रा का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की। रथ, बैंड-बाजे और जयकारों के साथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। इस दौरान संत रविदास जी के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। देशभर में संत रविदास जी की जन्मस्थली से जुड़ी पावन माटी को कलश यात्रा, माटी पूजन और कलश वंदन के माध्यम से घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मनावर में भी श्रद्धालुओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

## 25 फीट ऊंची मटकी फोड़ेगी गोविंदा टोली, विजेता को मिलेंगे 21 हजार रुपए

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उल्लास को यादगार बनाने के लिए शहर में आगामी 4 सितंबर को शाम 7 बजे दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर गोविंदा टोलियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति के संयोजक मोहित यादव एवं नितिन करड़क ने बताया कि प्रतियोगिता में दही हांडी फोड़ने वाली विजेता टोली को 21 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के लिए प्रवेश पूर्णतः निशुल्क रखा गया है। आयोजन की विशेष आकर्षण 25 फीट की ऊंचाई पर बांधी जाने वाली दही हांडी की मटकी रहेगी, जिसे फोड़ने के लिए गोविंदा टोलियों को अपनी ताकत, संतुलन और टीमवर्क का प्रदर्शन करना होगा। यह आयोजन माता चौक बस स्टैंड, सनावद पर किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा महिलाओं एवं वृद्धजनों के लिए पृथक बैठने की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी।

समिति के सदस्य धर्मेंद्रसिंह पंवार, राजा चौरसिया, राहुल प्रजापत, पुनीज टुटेजा, रितेश यादव, रंजीत यादव, चिराग लाड़, अनिकेत बैसवार, निखिल मंडवाल एवं विशाल यादव ने शहर की गोविंदा टोलियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।

## मैक्रो विजन एकेडमी के किचन शेड में भड़की आग, 2 किमी दूर तक दिखा धुएं का गुबार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



शहर के मोहम्मदपुरा क्षेत्र स्थित मैक्रो विजन एकेडमी में सोमवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। एकेडमी के पिछले हिस्से में बने किचन शेड में आग भड़की, देखते ही देखते पूरे शेड से घना काला धुआं उठने लगा। धुएं का गुबार इतना ज्यादा था कि करीब 2 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था।

एकेडमी संचालक आनंद प्रकाश चौकसे ने बताया कि किचन शेड मुख्य परिसर से अलग बनाया गया है। यहां स्कूल के साथ-साथ अस्पताल के लिए भी भोजन तैयार किया जाता है। किचन में तेल को गर्म कर खाना बनाने वाली एडवांस मशीनें लगी हैं। सोमवार दोपहर मशीन के हाई टेम्परेचर ऑयल सिस्टम का एक वॉल्व लीक हो गया। हाई टेम्परेचर ऑयल होने के कारण उसने तुरंत आग पकड़ ली। हालांकि आग लगने के वास्तविक तकनीकी कारणों की आधिकारिक दमकल रिपोर्ट आना अभी बाकी है। यह जानकारी प्रबंधन की ओर से दी गई है।

आग लगते ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए किचन में रखे फायर सेफ्टी उपकरणों और फायर सेफ्टी बॉल का उपयोग किया। रेत डालकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की गई।

इसी दौरान नगर निगम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की एक के बाद एक चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों और एकेडमी स्टाफ ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## मनोरमा देवी के नेत्रदान करवाया

**बड़वानी।** जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी मानव धर्म का मूल्य समझने वाले नगर के कुशवाह परिवार नें अपने परिजन के निधन पर नेत्रदान करवाकर उनकी आँखों से दो लोगो को रौशनी मिल सके ऐसे विचारों के साथ पुण्य का कार्य किया है। मनोरमा देवी के निधन की सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन ने पुत्रों को माताजी के नेत्रदान हेतु कहा पुत्रों ने तत्काल स्वीकृति दी स्वीकृति मिलते ही नेत्रदान के क्षेत्र मे अग्रणी होकर कार्य कर रहे डॉक्टर चक्रेश पहाड़िया, अजित जैन एवं रोटरी क्लब के अशोक दोषी ने नेत्रदान संपन्न करवाया और कॉरनिया को सुरक्षित रूप से एम के इंटरनेशनल ऑइ बैंक इंदौर पहुंचाया ।

## खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

**खंडवा ।** मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आयुक्त, खाद्य सुरक्षा प्रशासन के निर्देश पर खंडवा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मयूरी डोंगरे एवं राधेश्याम गोले की टीम ने शहर में मंगलवार को व्यापक कार्रवाई की। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले की प्रमुख डेरियो सतगुरु डेरी और दुर्गा मिल्क प्रोडक्ट सहित कुल 10 प्रमुख डेरियो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संग्रहित दूध की शुद्धता और गुणवत्ता का परीक्षण आधुनिक 'रैपिड टेस्ट किट' के माध्यम से मौके पर ही ऑन-द-स्पॉट किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी डेरी संचालकों को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा केवल गुणवत्ता पूर्ण व मानक दुग्ध उत्पादों का ही विक्रय करने के निर्देश दिये।




## जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित साप्ताहिक जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ जांच कर पात्र नागरिकों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

## थीम पर मनेगा 9वां राष्ट्रीय पोषण माह

**बड़वानी ।** इस वर्ष 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2-026 का आयोजन हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी की थीम पर व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत आयोजित होने वाले पोषण माह का उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों को पोषण, देखभाल और प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र बनाते हुए समुदाय की सक्रिय भागीदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।इस वर्ष पोषण माह को केवल जागरूकता अभियान तक सीमित न रखते हुए समुदाय को आंगनवाड़ी केन्द्रों से जोड़ने और पोषण सेवाओं में उसकी भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



## जैन बंधुओ नें 4 वर्षों से लापता बहन को भाइयो से मिलाकर दिया राखी उपहार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

चार वर्ष पूर्व मडी बाई सैलाना से मानसिक संतुलन बिगड़ जाने से घर से बिना बताए निकल गई थी , जो भटकते हुए बड़वानी जिले के जुलवानीया पहुच गई थी। महिला चार वर्षों तक जुलवानिया भटकते रहीं, महिला को सुरक्षित स्थान मिले इसके लिए गुरुवार को जुलवानीया के सरपंच सुखलाल आमले एवं भुरा वाडिले ने मानवीय आधार पर बड़वानी के सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को उक्त महिला की परेशानी बताई और महिला की सुरक्षा की दृष्टि से मदद मांगी ।

श्री जैन ने उक्त महिला बड़वानी लेकर आने को कहा, सरपंच एवं भुरा वाडिले अपने निजी वाहन से उक्त महिला को बड़वानी लेकर आए। सामाजिक कार्यकर्त्ता अजित जैन एवं ललित जैन ने उक्त महिला को नगर पालिका द्वारा संचालित रेनबसेरे में रुकवाया। जैन बंधुओ ने महिला को भोजन कराकर महिला का नाम पता पुछा तब महिला ने अपना नाम मडी बताया और सैलाना की निवासी बताया तब जैन बंधुओं ने सैलाना के सिद्धांर्थ संघवी से उक्त महिला की फोटो और नाम शेयर किया।

सिद्धार्थ संघवी नें रतलाम के जिला पंचायत उपाध्यक्ष से संपर्क कर महिला की डिटेल शेयर की तब पता लगा कि उक्त महिला रतलाम जिले के धामनोद के रहवासी है। परिजनों को जानकारी मिलते हो उन्होंने बड़वानी के जैन बंधुओ से संपर्क किया था दो दिन बाद पति वाशु, भाई देवीलाल, पारु, बेटी मंजू आदि लोग परिवार सहित महिला मड़ी बाई को लेने आये।

**नवाचार के रूप में करेंगे चिया सीड की खेती**

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागार में नैशनल मिशन ऑन नैचुरल फार्मिंग के अंतर्गत जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी (डीएलएमसी) की बैठक आयोजित की गई।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में हुआ हिंदी माह का भव्य शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी प्रभारी प्राचार्य श्री कुन्दन राठौर ने बताया कि विद्यालय में हिंदी माह का गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। विद्यालय में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक हिंदी माह का आयोजन अनवरत रूप से किया जाएगा। हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि, प्रेम, सम्मान एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे माह प्रत्येक दिन विभिन्न साहित्यिक, भाषायी एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन प्रार्थना सभा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर एवं भावपूर्ण सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ।अंतिम बाला जायसवाल, सहायक प्राध्यापिका ,हिंदी विभाग, आदर्श महा विद्यालय करी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री कुंदन राठौर ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदनाओं, विचारों और मूल्यों की अभिव्यक्ति है। हिंदी हमारी भावनाओं से जुड़ी भाषा है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि हिंदी माह का उद्देश्य केवल हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में शुद्ध, सहज, प्रभावी एवं सृजनात्मक हिंदी के प्रति आत्म विश्वास विकसित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हिंदी के शब्द-भंडार को समृद्ध करने, नियमित रूप से हिंदी साहित्य पढ़ने, लेखन एवं वाचन का अभ्यास करने तथा अपने विचारों को हिंदी में अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इसके पश्चात कक्षा आठवीं की छात्रा अपूर्वा राठौड़ ने हिंदी भाषा के प्रति अपने भावों और विचारों को एक सुंदर एवं भावपूर्ण गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया।

पश्चिमी रेलवे
विविध कार्य
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिमी रेलवे, वडोदरा निविदा संख्या: TR-C-08 2026-27-T-RI दिनांक 27.08.2026 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम: पश्चिमी रेलवे के वडोदरा डिवीजन के निर्माण इकाई वडोदरा के अंतर्गत विविध कार्यों के लिए 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागत: ₹4,63,72,426.20/-। ईएमडी: ₹9,27,500/-। निविदा प्रारंभ तिथि और समय: 14.09.2026। निविदा बंद होने की तिथि और समय: 28.09.2026 को दोपहर 3:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0535
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### चार लोगों ने युवक को बंधक बनाकर की मारपीट

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र की पानबिहार चौकी स्थित ग्राम राजूखेड़ा में रहने वाले प्रकाश पिता राजाराम चंदेल 20 साल को सोमवार रात 11 बजे ग्राम धन्नाखेडी में रहने वाले हाकमसिंह ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर बंधक बना लिया और घर में बंदकर जमकर मारपीट की। देर रात उसे जान से मारने की धमकी देकर छोड दिया। प्रकाश ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत घट्टिया थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने हाकम और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मंगलवार सुबह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है मामला रूपयों के लेनदेन से जुडा है। दोनों पक्ष बंजारा समाज के है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले में विवेचना कर रही है।

### मंदिर की छत पर पेड़ की डाल काटने चढ़ा बुजुर्ग गिरा

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम गुनाईखेडा से मंगलवार शाम भागीरथ पिता काशीराम 60 साल का परिवार के लोग घायल हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। कमर और हाथ-पैर में चोंट होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि घर में माताजी का मंदिर बना हुआ है। मंदिर की छत के पास नीम का पेड लगा है, जिसकी डाल से मंदिर का शिखर दिखाई नहीं दे रहा था। शाम को भागीरथ डाल काटने के लिये मंदिर की छत पर चडा था, उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं था और लकवाग्रस्त भी है। अचानक चक्कर आने पर छत से करीब 12 फीट नीचे आ गिरे। घटनाक्रम की सूचना अस्पताल की ओर से पुलिस को दी गई है।

### चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला बदमाश पकड़ाया



**उज्जैन।** मक्सीरोड जय गुरूदेव आश्रम मार्ग श्री सिंथेटिक्स चौराहा पर सोमवार-मंगलवार रात बदमाश चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था। कुछ लोगों ने पंवासा थाना पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक ब्रजनंदन मिश्रा और आरक्षक यशवंत मीणा मौके पर पहुंचे और बदमाश को घेराबंदी कर पकडा, उसके पास से चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि बदमाश कान्हा उर्फ मुकेश पिता बंशीलाल मालवीय 20 साल निवासी शीतला माता की गली, पंवासा का रहने वाला है। उसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है।

### ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर किया जीवन समाप्त

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम लसुडिया में रहने वाले गंगाराम पिता केसरसिंह 55 साल ने जहरीला पदार्थ खाकर अपना जीवन समाप्त कर लिया। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि 2 दिन पहले परिवार के लोग गंगाराम को उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उपचार के दौरान मौत होने पर अस्पताल स्टॉफ की सूचना पर मर्ग कायम कर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। मामला माकडोन थाना क्षेत्र से जुडा होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि मृतक शराब पीने का आदी था और खेती का काम करता था। उसकी पत्नी और बेटा पास के मकान में रहते थे। उसने संभवत नशे की हालत में कीटनाशक दवा का सेवन किया था।

### नाकोड़ा ट्रेडर्स संचालक के साथ 3 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन।** सूरज नगर पार्श्वनाथ परिसर में रहने वाले संजय पिता चंद्रकांत जैन 56 साल घी मंडी में नाकोडा ट्रेडर्स नाम से दुकान संचालित करते है और कोल्ड्रिंग्स के सप्लायर है। 21 अगस्त को वह बैकिंग एप से ट्रांजेक्शन कर रहे थे। उसी दौरान मोबाइल हैक हो गया। वह कुछ समझ पाते उनके खाते से 27 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। उन्होने ट्रांजेक्शन देखने का प्रयास किया लेकिन मोबाइल काम करना बंद कर चुका था। कुछ देर में एक के बाद एक पांच मैसेज और मिले। इस बीच उनके खाते से 3 लाख 28 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन हो चुका था। उन्होने बैंक से संपर्क का खाता होल्ड कराया और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 190-0 | 249-5 |
| मेन बाजार | 150-6 | 189-8 |
| कल्याण नाइट | 378-8 | 299-0 |
| मिलन डे | 236-1 | 290-1 |
| मिलन नाइट | 479-0 | 478-9 |
| मधुर डे | 267-5 | 557-7 |
| मधुर नाइट | 559-9 | 457-6 |
| शुभांक | 6 7 | 2 |

## मथुरा-महाराष्ट्र से चुराकर लाया था उज्जैन, बेचने की फिराक में था....

# चैकिंग में बदमाश के पास मिले चोरी के 5 मोबाइल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मथुरा-महाराष्ट्र से मोबाइल चुराकर उज्जैन बेचने की फिराक में आये बदमाश को चैकिंग में जीआरपी की टीम ने दबोच लिया। उसके पास से पांच मोबाइल बरामद किये गये, जिसकी कीमत 1 लाख से अधिक सामने आई है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर टीम लगातार प्लेटफार्म पर चैकिंग अभियान चला रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर ही है। रात में चैकिंग के दौरान पता चला कि प्लेटफार्म क्रमांक 8 आउटर क्षेत्र में एक व्यक्ति नीले रंग का बैग लेकर खडा है जिसके पास कुछ मोबाइल है। टीम आउटर की ओर पहुंची तो उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया और पटरियों के पास छुमछुम बाबा की दरगाह तक पहुंच गया, शंका होने पर टीम ने पीछा कर उसे पकड लिया। उसके बेग की तलाशी ली गई तो उसमें से 5 मोबाइल फोन मिले। पूछताछ करने पर उचित जवाब नहीं मिला तो उसे गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां सख्ती करने पर उसने अपना नाम राहुल पिता कानिफनाथ कांबले 44 साल निवासी पूणे महाराष्ट्र बताया। मोबाइल संबंधित जानकारी लेने पर उसने कबूल किया कि मथुरा और महाराष्ट्र से चुराकर लाया है। यहां कम कीमत में बेचने का इरादा था। थाना प्रभारी गुप्ता के अनुसार चोरी के मोबाइल बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 35 (1), (ई), 106 और 303 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 24 घंटे में पकडा भोपाल का बदमाश

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल चोरी में शामिल एक बदमाश को आरपीएफ टीम की मदद से 24 घंटे में गिरफ्तार किया। बदमाश भोपाल का रहने वाला अनीस पिता नासिर खान है। 30 अगस्त की रात उसने ट्रेन में चढ़ते समय उत्तरप्रदेश के हापुड में रहने वाले यात्री वीरू सूद की जेब से 20 हजार कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया था। जिससे मोबाइल बरामद किया गया है। ट्रेन में यात्रियों मोबाइल चोरी करने वाले 2 अन्य



बदमाश गणेश पिता लक्ष्मण पलहाड निवासी आसेगांव महाराष्ट्र और लाखन पिता रमेशचंद्र परिहार निवासी सिंगावदा देवास को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। जिनसे चोरी किये मोबाइल जप्त कर लिये गये है।

### सिहोर के बदमाश की 2017 से थी तलाश

जीआरपी टीम को ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले बदमाश धर्मराज पिता प्रद्युमन सेन निवासी सिहोर की 2017 से तलाश थी। उसे भी सोमवार देर शाम सिहोर से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जीआरपी ने बताया कि आरोपी पूर्व में पकडा गया था, उसे न्यायालय ने जमानत पर रिहा किया था, लेकिन वह कोर्ट पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका था। उसके बाद से तलाश जारी थी। बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# ट्रेक्टर चालक ने 10 साल के छात्र को कुचला

## सायकल चलाते समय हादासा, चालक भागा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कक्षा तीसरी में अध्ययन करने वाले 10 साल के छात्र को मंगलवार शाम ट्रेक्टर चालक ने कुचल दिया। छात्र के सिर में लगी गहरी चोंट से उसकी मौके पर मौत हो गई। चालक ट्रेक्टर-ट्राली छोडकर भाग निकला।

चिमनगंज थाना आरक्षक अभिषेक राठौर ने बताया कि शाम को खबर मिली थी कि राज रायल कालोनी में ट्रेक्टर-ट्राली से दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, बच्चे को परिवार के लोग अस्पताल लेकर जा चुके थे। ट्रेक्टर-ट्राली दुर्घटनास्थल पर खडी थी, जिसका चालक भाग निकला था। घटनाक्रम की विवेचना करने पर सामने आया कि अस्पताल ले गये बच्चे का नाम सौरभ पिता शैलेन्द्र चावण्ड 10 साल निवासी राज रायल कालोनी है। कुछ देर में




अस्पताल से खबर मिली कि बच्चे को मृत अवस्था में चरक अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने परिजनों से चर्चा की जानकारी ली तो पता चला कि सौरभ कक्षा तीसरी का छात्र था और शाम को घर के बाहर सायकल चला रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम जांच शुरू की है। बच्चे का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। ट्रेक्टर नम्बर से चालक का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। बताया जा रहा है कि एमआर-4 मार्ग पर चल रहे सडक निर्माण कार्य में उक्त ट्रेक्टर-ट्राली संचालित हो रही थी।

### गरोठ ब्रिज के पास भी हुआ हादसा

मंगलवार शाम कानीपुरा मार्ग गरोठ ब्रिज के पास हादसा हुआ। बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। लोगों की मदद से बाइक सवार को अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत होना सामने आया। पहचान करने पर पता चला कि मृतक बाइक सवार आगररोड स्थित जनता नगर में रहने वाले कैलाश पिता नाथुदास बैरागी 65 साल है। परिजन जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंच गये थे। इस दौरान सामने आया कि कैलाश बैरागी शासकीय सेवानिवृत्त शिक्षक थे। उनका पुत्र निजी अस्पताल में मैनेजर है, परिवार मूलरूप से बडौद का रहने वाला है। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकडे ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया, मामले की जांच जारी है।

# इंदौर खजराना पुलिस की महाकाल घाटी पर दबिश

## अपहरण-निकाह मामले में एक की गिरफ्तारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




नाबालिग के अपहरण और निकाह मामले में इंदौर खजराना थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार शाम उज्जैन में दबिश मारी। निकाह कराने वाले को गिरफ्तार कर इंदौर ले जाया गया है।

इंदौर खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि थाना क्षेत्र की नाबालिग अगस्त माह में लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर कुछ दिन पहले नाबालिग का दस्तयाब किया और बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि उज्जैन के रहने वाले सलमान इंदौर में नलिहाल है, वह बहला-फुसलाकर अपने साथ उज्जैन ले गया था। जहां मौलाना आरिफ नकवी ने उनका निकाह करा दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामला नाबालिग के अपहरण से जुडा होने पर सलमान को गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ के बाद मौलाना की जानकारी सामने आने पर उसकी तलाश में मंगलवार को उज्जैन में दबिश दी गई। मौलाना को नाबालिग का निकाह कराने के मामले में गिरफ्तार कर इंदौर लाया गया है। जहां पूछताछ की जा रही है। बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। इधर स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आरिफ नकवी महाकाल घाटी पर ऑफिस भी चलता है। पूर्व में भी उसका विवादित मामलों में नाम सामने आ चुका है।

# चाकू दिखाकर बुजुर्ग दंपति को मुंडी उड़ाने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बदमाश द्वारा चाकू दिखाकर बुजुर्ग को पैसे नहीं देने पर मुंडी उडाने की धमकी दी गई और गाली-गलौच कर भाग निकला। बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

कोतवाली थाना पुलिस ने वजीर पार्क कालोनी नीलगंगा में रहने वाले शाहिद पिता शहादत अली 62 साल की शिकायत पर बदमाश नौशाद उर्फ कार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 119 (1), 296 (बी), 351 (2) का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग शाहिद अली ने शिकायत में बताया कि वह क्षीर सागर स्थित कुश्ती एरिना में रात को सीढियों पर बैठ दंगल देख रहा था। उसी दौरान बदमाश नौशाद आया और कहने लगा कि बुढापे में कुश्ती देखने का शौक चढ़ा है, तू मुझे नहीं जानता मैं यहां का दादा हूं। अगर कुश्ती देखना है तो पैसे देना होगें। उससे किस बात के पैसे देना होगें कहा तो उसने चाकू निकाल लिया और कहने लगा कि तेरी मुंडी बकरे जैसी उडा दूंगा, मेरा यहीं काम है। उसके द्वारा रंगदारी कर गाली-गलौच की जाने लगी और धमकाया गया कि बाहर मिला तो चाकू मार दूंगा। मामला बडता देख कुछ लोग एकत्रित हुये तो बदमाश भाग निकला। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार बदमाश की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया जायेगा।

# रात 11 बजे कॉबिंग गश्त पर निकला पुलिस का अमला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कानून व्यवस्था को बनाये रखने और बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिये रात 11 बजे जिले में पुलिस का अमला कॉबिंग गश्त निकला। पिछले चार दिनों से पुलिस मैदान में दिखाई दे रही है। बदमाशों में कानून का खौफ दिखाई देने लगा है।

पिछले दिनों 26 अगस्त और 27 अगस्त की रात हुई 3 हत्या के बाद शहर का माहौल बिगडता दिखाई देने लगा था। इससे पहले 18 जुलाई को नीलगंगा क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड ने भी सनसनी फैला दी थी। पुलिस सावन माह में देशभर से आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त थी, जिसके चलते बदमाशों के हौंसले बुलंद होने लगे थे, लेकिन पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने सावन माह पूरा होते ही गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिये मैदान संभाल लिया है। पिछले तीन दिनों से शहर में सख्त चैकिंग अभियान, संदिग्धों की धरपकड, चाकूबाजों के जुलूस निकाले जा रहे थे। जिले में रात 11 बजे बाद बाजार बंद कराया जा रहा था, वहीं मंगलवार रात 11 बजे अभियान को आगे बढ़ाते हुये पूरे जिले में पुलिस का अमला पुलिस कप्तान के निर्देशन में कॉबिंग गश्त पर निकल पडा। पुलिस द्वारा रात में स्थाई और गिरफ्तार वारंटियों की तलाश में उनके घरों पर दबिश दी जा रही थी।

हर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशिटर बदमाशों को चैक किया जा रहा था, संपत्ति संबंधित अपराधियों को चैक कर उनकी गतिविधियों की जानकारी एकत्रित की जा रही थी। सडकों पर देर रात घूमने वालों से पूछताछ की जा रही थी।

संदेह होने पर हिरासत में लेकर थाने भेजा जा रहा था। गश्त में शामिल पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तडके चार बजे तक पुलिस द्वारा कॉबिंग अभियान चलाया जायेगा। शहर के साथ ही ग्रामीण थाना क्षेत्रों में भी एसडीओपी, थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मैदान संभाले हुये थे। पिछले कुछ दिनों से पुलिस की कार्यशैली को देखते हुये आम लोगों ने राहत की सांस ली थी। पुलिस का मकसद जिले में आमजन में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना और अपराधियों मे खौफ पैदा करना है।

# इंदौर हाईकोर्ट का आदेश,श्रीराम की मूर्ति ही श्रीराम मंदिर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 5 दशक से अधिक समय से चले आ रहे मंदिर विवाद में आंशिक राहत देते हुए श्रीराम मंदिर के देवता को मंदिर और उससे जुड़ी संपत्तियों का स्वामी घोषित किया, राज्य के प्रबंधन को मान्यता दी और रतनदास की पुजारी के रूप में नियुक्ति को वैध ठहराया। हाईकोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने वाद खारिज करके त्रुटि की थी। उसने 1968 के निर्णय को निरस्त करते हुए घोषित किया कि श्रीराम की मूर्ति ही श्रीराम मंदिर, रामोला, खाचरोद तथा उससे संबंधित चल-अचल संपत्तियों की पूर्ण स्वामिनी है। यह भी घोषित किया कि मंदिर का प्रबंधन राज्य राजस्व विभाग के जरिए करेगा । औकाफ विभाग को पुजारी नियुक्त करने का अधिकार था।

न्यायमूर्ति विनय सार्राफ ने 25 अगस्त 2026 को प्रथम अपील क्रमांक 59/1968 में यह निर्णय दिया । यह अपील रतनदास ने अपने विधिक प्रतिनिधियों के माध्यम से 1968 में ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके वाद खारिज किए जाने के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट विवाद का मुख्य प्रश्न यह था कि मंदिर के प्रबंधन का अधिकार किसे है और क्या रतनदास पुजारी बने रह सकते हैं। वादी का कहना था कि मंदिर की स्थापना बाबा मयरामदास ने की थी और महंत व पुजारी का पद रामानंद संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार चलता है। दूसरी ओर, माहेश्वरी समाज ने इस दावे का विरोध करते हुए मंदिर के प्रबंधन पर अपना अधिकार जताया। हाईकोर्ट ने मंदिर और उसके प्रबंधन से जुड़े ऐतिहासिक अभिलेख, मौखिक साक्ष्य और दस्तावेजों का परीक्षण किया। अदालत ने पाया कि महंत गोपालदास निर्विवाद रूप से महंत थे और उन्हें शेबायत अधिकार प्राप्त थे। उनके निधन के बाद उनके शिष्य मुरलीदास गद्दी पर बैठे। हालांकि, माहेश्वरी समाज के सदस्यों से विवाद बढ़ने पर मुरलीदास ने स्वयं औकाफ विभाग से मंदिर को उसके पर्यवेक्षण में लेने का अनुरोध किया।

अदालत ने माना कि वर्ष 1930 से राज्य औकाफ विभाग के माध्यम से मंदिर का प्रबंधन करता रहा, जिसे बाद में राजस्व विभाग में मिला दिया गया। फैसले में यह भी दर्ज है कि माहेश्वरी समाज ने मंदिर परिसर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और निर्मित कमरे, सामुदायिक भवन तथा अन्य संरचनाएं देवता को समर्पित कीं। मुरलीदास की मृत्यु के बाद रतनदास की नियुक्ति भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा थी। अदालत ने साक्ष्यों को स्वीकार किया कि रामानंद संप्रदाय के साधुओं ने भेख संस्कार के बाद रतनदास को महंत नामित किया था। बाद में औकाफ समिति ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की और विभाग ने 1948 में उन्हें पुजारी नियुक्त कर दिया।

12 सितंबर 1948 को उन्हें कार्यभार भी सौंपा गया, हालांकि माहेश्वरी पंचों की आपत्ति के बाद वह वापस ले लिया गया। अदालत ने यह आपत्ति भी खारिज कर दी कि विवाह कर लेने के कारण रतनदास पुजारी पद पर बने रहने का अधिकार खो बैठे। न्यायालय ने कहा कि यह मंदिर कोई मठ नहीं है और अविवाहित रहना पुजारी बने रहने की अपरिहार्य शर्त सिद्ध नहीं हुआ। साक्ष्यों से यह भी स्पष्ट हुआ कि विवाहित व्यक्ति भी मंदिर में महंत या पुजारी की जिम्मेदारियां निभा सकता है। वाद की ग्राह्यता पर हाईकोर्ट ने कहा कि रतनदास अपने पुजारी कर्तव्यों और शेबायत अधिकारों की मान्यता चाहते थे, न कि मंदिर के स्वामित्व का दावा कर रहे थे। चूंकि देवता स्वामी हैं और संपत्ति का प्रबंधन राज्य कर रहा है, इसलिए उनके लिए कब्जे संबंधी अलग से राहत मांगना आवश्यक नहीं था। अंततः अदालत ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने वाद खारिज करके त्रुटि की थी। उसने 1968 के निर्णय को निरस्त करते हुए घोषित किया कि श्रीराम की मूर्ति ही श्रीराम मंदिर, रामोला, खाचरोद तथा उससे संबंधित चल-अचल संपत्तियों की पूर्ण स्वामिनी है।

अदालत ने यह भी घोषित किया कि मंदिर का प्रबंधन राज्य राजस्व विभाग के जरिए करेगा और औकाफ विभाग को पुजारी नियुक्त करने का अधिकार था। अदालत ने विशेष रूप से कहा कि रतनदास की पुजारी के रूप में नियुक्ति विधिसम्मत थी और उन्हें अपने दायित्व निभाने का अधिकार है। हालांकि, माहेश्वरी समाज के सदस्यों के विरुद्ध स्थायी निषेधाज्ञा देने से अदालत ने इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें मंदिर का भक्त माना गया। इस प्रकार अदालत ने समुदाय की भक्त के रूप में स्थिति और मंदिर पर कानूनी नियंत्रण के बीच स्पष्ट अंतर किया। इसी आधार पर अदालत ने अपील आंशिक रूप से स्वीकार की और खर्चों के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया। रतनदास की ओर से अधिवक्ता ऋषिराज त्रिवेदी पेश हुए। राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता अंशुल राजपुरोहित ने पक्ष रखा, जबकि निजी प्रतिवादियों के विधिक प्रतिनिधियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वीर कुमार जैन, अधिवक्ता मकबूल अहमद मंसूरी की सहायता से उपस्थित हुए।

### सर्व प्रयास सामाजिक संस्था ने ली पांच बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी

**उज्जैन।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जवासिया कुमार के पांच बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी ली है। संस्था की ओर से इन बच्चों को आर्थिक मदद दी जाएगी। इसी के तहत संस्था सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर इन बच्चों को स्कूल बैग, कपड़े और मिठाई वितरित की। संस्था द्वारा वर्तमान में 60 पितृविहीन बालिकाओं की जिम्मेदारी भी उठाई जा रही है। संस्था इन बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, त्योहारों से लेकर शादी होने तक मदद करती है।

इसके अलावा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी का प्रशिक्षण दिया जाता है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीनें भी भेंट की जाती हैं। संस्था की उज्जैन, नागदा, महिदपुर सिटी, घट्टिया, घोसला, खाचरौद, महिदपुर रोड और गुजरात के वड़ोदरा में कुल 7 शाखाएं संचालित हैं। देशभर से सैकड़ों महिलाएं संस्था से जुड़कर आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों की मदद कर रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ, संस्था प्रभारी निर्मला शर्मा, संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी मीना पंड्या, सह संगठन स्वाति तारे और भारती पांवड़े सहित बालिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### नारायणा धाम में आज निकलेगी शाही सवारी

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नारायणा धाम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के तहत 2 सितंबर को शाम 4 बजे शाही सवारी निकाली जाएगी।

इसमें कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, महिदपुर एसडीएम अजय कुमार हिंगे और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कृष्ण पाथेय न्यास, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से 2 से 6 सितंबर तक कृष्ण पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत प्रतिदिन शाम 7 बजे से विभिन्न कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि धाम में अयोध्या निवासी साध्वी मीरा के मुखारविंद से राम कथा चल रही है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

CMYK

# अमर होने की तृष्णा



क्या आप यह सोचते हैं कि भलाई के कार्य करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करना ही आपके लिए एकमात्र मार्ग है और केवल आपकी योजनाओं द्वारा देश का रक्षण हो सकेगा? इस सारे तथाकथित कार्य का केंद्र आप ही हैं। है न? आपका सरोकार वास्तव में लोगों के भले से नहीं, बल्कि उस भलाई से है, जो आपके माध्यम से प्रकट होगी, यानी महत्वपूर्ण आप हैं, लोगों का कल्याण नहीं। आपने अपनी योजनाओं और लोगों की तथाकथित भलाई के साथ इस प्रकार तादात्म्य बिठा लिया है कि आप अपनी इच्छापूर्ति को ही जनता की प्रसन्नता मान रहे हैं। आपकी योजनाएं उत्कृष्ट हो सकती हैं और किसी सुखद संयोग से उनके द्वारा जनता का भला भी हो सकता है; परंतु आप चाहते हैं कि उस भलाई के साथ आपका नाम जुड़ा रहे।

जीवन विचित्र है; आपको अपने नाम और महत्व को आगे बढ़ाने में जब विफलता नजर आती है, तो इसी बात से आप में द्वंद्व उत्पन्न हो जाता है, न कि इस चिंता से कि कहीं ऐसा न हो कि लोगों को सहायता न मिल सके। यदि आपको लोगों से प्रेम होता और आप केवल शाब्दिक सेवा में लिप्त न होते, तो उस प्रेम के स्वतःस्फूर्त परिणाम होते, जो सार्थक रूप से सहायक सिद्ध होते; परंतु आपको लोगों से प्रेम नहीं है, वे आपकी महत्वाकांक्षा और आपके दंभ की पूर्ति के उपकरण मात्र हैं।

याद रखिए, मृत्यु की समस्या कहीं अधिक जटिल है और यह गहरी अंतर्दृष्टि की मांग करती है। आप मृत्यु को यह कहकर युक्ति-संगत ठहरा सकते हैं कि सभी चीजों का अंत होता है। आप तर्क द्वारा मृत्यु की व्याख्याएं खोज सकते हैं अथवा संकल्प-शक्ति से मृत्यु के भय को जीतने का प्रयास कर सकते हैं, परंतु ये सभी मन के ही कर्म हैं। ये सभी बौद्धिक तर्क, अंतर्ज्ञान, व्याख्याएं मन के क्षेत्र के भीतर ही हैं; परंतु मृत्यु के भय पर इतनी आसानी से विजय नहीं पायी जा सकती। राष्ट्र, परिवार, नाम और धारणा या विश्वास के जरिये अमर होने की व्यक्ति की अभिलाषा उसकी अपनी निरंतरता को बनाए रखने की तृष्णा ही है। इस तृष्णा को बिना किसी प्रयास के खुशी-खुशी समाप्त करना होगा। मनुष्य को अपनी स्मृतियों, अनुभवों, ज्ञान और आशाओं के प्रति हर रोज मृत होना होगा; सुख और पश्चाताप के संचय, सद्गुण के संग्रह को क्षण-प्रतिक्षण मिटाते रहना होगा। ये केवल शब्द नहीं, अपितु एक यथार्थ का वक्तव्य है। जो निरंतर बना रहता है, वह अज्ञात के आनंद को कभी नहीं जान पाता।

बिना संग्रह किए, प्रतिदिन, प्रतिक्षण मरना ही कालातीत, समय रहित अस्तित्व है। जब तक तृप्ति-पूर्ति की आकांक्षा है, जिसमें द्वंद्व साथ चलते हैं, तब तक मृत्यु का भय सदैव बना रहेगा।



सम्पादकीय

## शंघाई सहयोग जरूरी

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित हो रहा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन मौजूदा समय के हिसाब से बहुत महत्वपूर्ण है। एससीओ की यह 25वीं वर्षगांठ और 26वां सम्मेलन पूरी दुनिया का ध्यान खींच रहा है। इस संगठन में शामिल 10 महत्वपूर्ण देशों के नेताओं के सम्मेलन से कुछ बड़ी उम्मीदें हैं। सम्मेलन में रूस, चीन, भारत, ईरान और पाकिस्तान जैसे देशों का साथ मायने रखता है। इसके अलावा बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इस संगठन में शामिल हैं। एकाध अपवाद को छोड़ दें, तो ये देश आपसी रणनीतिक गठजोड़ को मजबूत करना चाहते हैं। वैसे, इस सम्मेलन में भारत के तीन महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं- भारत की सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर संबंधी प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालना। एससीओ जब बना था, तब बड़ी उम्मीद थी कि यह संगठन तरक्की के साथ ही अमन-चैन की राह दुरुस्त करेगा। अफसोस, चीन और पाकिस्तान की कूटनीति अगर भारत की आशा के अनुरूप होती, तो एससीओ एक अलग ही ऊंचाई पर होता। यहां यह मानने में हर्ज नहीं कि यह संगठन रूस की वजह से चल रहा है। उसी की वजह से इसके साथ भारत जुड़ा हुआ है। भारत की उम्मीदें भले पूरी न हो पाएं, लेकिन वह इस संगठन का साथ देता रहा है।

बहरहाल, सम्मेलन के साथ-साथ वहां चल रही नेताओं की परस्पर बैठकें भी खास मानी जा रही हैं। सबसे ज्यादा चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात की होगी, लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री का ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मिलना कई देशों को नागवार गुजर सकता है। ध्यान रहे, अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान ईरान के साथ भारत के आर्थिक एवं रणनीतिक संबंधों का कड़ा विरोध करता आया है। अमेरिका ने हाल ही में ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रो-केमिकल आयात में सहायता करने के लिए कई भारतीय कंपनियों और नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। ईरानी तेल के आयात के चलते अमेरिका ने अनेक भारतीय कंपनियों पर जुमार्ना लगाया है। और तो और, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित उच्च पदस्थ अमेरिकी अधिकारियों ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को चेतावनी दे रखी है कि अमेरिका ईरानी ऊर्जा आपूर्ति के अवैध परिवहन को बर्दाश्त नहीं करेगा। वाशिंगटन नई दिल्ली पर ईरान में क्षेत्रीय गतिविधियों को कम करने के लिए लगातार दबाव डाल रहा है।

आयोजित निर्माण से बढ़ता खतरा

## नेपाल त्रासदीः क्या केवल प्राकृतिक आपदा समझना उचित होगा?





डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

नेपाल में हाल ही में घटी भयावह त्रासदी ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इसने एक बार फिर हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता और मानव विकास की दिशा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। बाढ़, भूस्खलन, हिमनदों (ग्लेशियर) के टूटने और अचानक आने वाले मलबे के सैलाब जैसी घटनाओं को 'प्राकृतिक आपदा' कहकर आगे बढ़ जाना आसान हो सकता है। लेकिन क्या इस त्रासदी से हुई जन-धन की अपार हानि को केवल प्राकृतिक आपदा मानना उचित है शायद नहीं।

यह घटना प्रकृति के बदलते स्वरूप को पहचानने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय असंतुलन और हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के सम्मिलित प्रभावों की नए सिरे से विवेचना करने का अवसर देती है।?हिमालय क्षेत्र भूगर्भीय रूप से अत्यधिक सक्रिय पर्वत प्रणालियों में से एक है। इसकी भौगोलिक संरचना स्वाभाविक रूप से इसे भूस्खलन, भूकंप, बाढ़ और हिमस्खलन जैसी घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाती है। इसके बावजूद सदियों से स्थानीय समुदाय प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर जीवन जीते आए हैं। समस्या तब अधिक गंभीर हो जाती है, जब प्राकृतिक संवेदनशीलता को दरकिनार कर अप्राकृतिक मानवीय गतिविधियों और अवसंरचनात्मक दबाव को प्राथमिकता दी जाने लगती है। नेपाल की घटना को इसी व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। हिमनदों और हिमनदीय झीलों में हो रहे परिवर्तन, वैश्विक तापमान में वृद्धि, अत्यधिक मूसलाधार वर्षा और पहाड़ी ढलानों पर बिना योजना के बसती आबादी या अनियंत्रित पर्यटन जोखिम को कई गुना बढ़ा रहे हैं। किसी एक घटना को केवल जलवायु परिवर्तन का परिणाम घोषित करना वैज्ञानिक रूप से सही न हो, लेकिन बदलती जलवायु और हिमालयी पर्यावरण में आ रहे बदलावों को नजरअंदाज करना भी उतना ही अनुचित होगा।

इस त्रासदी का सबसे चिंताजनक पहलू सूचना क्रांति के युग में भी ऐसी घटनाओं का बड़े पैमाने पर अप्रत्याशित रूप से जन- धन नुकसान पहुंचाना है। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि सामान्य बाढ़ की तुलना में ग्लेशियर फटने या हिमनदीय झील के टूटने से उत्पन्न मलबे का प्रवाह अत्यंत तीव्र और विनाशकारी होता है। पानी के साथ बर्फ, चट्टान, मिट्टी और मलबे का विशाल प्रवाह नीचे की ओर बढ़ता है तथा रास्ते में आने वाली बस्तियों, सड़कों और पुलों को ध्वस्त कर देता है। ऐसे में मात्र कुछ मिनटों या घंटों की अग्रिम पूर्व चेतावनी भी हजारों जान-माल की रक्षा कर सकती है।

प्रश्न केवल यह नहीं है कि ऐसी विनाशकारी प्राकृतिक घटना कैसे घटी, बल्कि प्रश्न यह भी है कि हमने संवेदनशील स्थानों पर अनियोजित निर्माण की अनुमति क्यों और कैसे दी?,समय रहते सूचना क्यों नहीं प्राप्त की जा सकी?इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि

पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों, अस्पतालों, विद्यालयों, संचार व्यवस्था और बिजली का विकास आवश्यक है। लेकिन यदि यह विकास हिमालय की पारिस्थितिक वहन क्षमता को ध्यान में रखे बिना किया जाए, तो वही विकास आपदा का कारण बन जाता है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्रों में अतिक्रमण, अस्थिर ढलानों पर अवैज्ञानिक सड़क निर्माण, बहुमंजिला होटलों एवं भवनों का निर्माण और बिना पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के बड़ी परियोजनाएं किसी भी प्राकृतिक घटना को मानवीय त्रासदी में बदल देती हैं।?इसलिए प्राकृतिक आपदा और मानवजनित आपदा के अंतर को समझना आवश्यक है। भूस्खलन एक प्राकृतिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन यदि अनियोजित निर्माण के कारण लोग वहां जोखिम में आते हैं, तो उसके विनाशकारी प्रभाव में मानवीय निर्णयों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

यह घटना भारत के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य भी इसी हिमालयी पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं। केदारनाथ और चमोली जैसी त्रासदियों ने पहले ही यह साबित कर दिया है कि अत्यधिक वर्षा और मानवीय हस्तक्षेप का संयोजन कितना विनाशकारी हो सकता है। अतः नेपाल के प्रति केवल संवेदना व्यक्त करना या राहत सामग्री भेजना पर्याप्त नहीं होगा; हमें इस घटना से सीख लेकर अपने देश में भी बहुत कुछ करना होगा।

आज आधुनिक विज्ञान, उपग्रह निगरानी, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन, मौसम पूवार्नुमान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषण के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी संभव है। इसके साथ ही, भारत और नेपाल के बीच सीमा-पार आपदा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान समय की मांग है, क्योंकि नदियां और ग्लेशियर राजनीतिक सीमाओं को नहीं मानते।

हमें यह समझना होगा कि पहाड़ों को मैदानों की तर्ज पर विकसित करने का जोखिम नहीं लिया जा सकता। पहाड़ों में विकास का अर्थ अनियंत्रित निर्माण नहीं, बल्कि न्यूनतम पर्यावरणीय क्षति के साथ अधिकतम मानवीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

आपदा प्रबंधन केवल राहत सामग्री बांटने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह जोखिम की पूर्व पहचान, निर्माण पर नियंत्रण, स्थानीय समुदायों के प्रशिक्षण और वैज्ञानिक नियोजन से शुरू होता है। सरकारें प्रकृति को दोष देकर अपनी प्रशासनिक जवाबदेही से नहीं बच सकती। मनुष्य को प्रकृति पर विजय पाने का अहंकार छोड़कर उसके संकेतों को समझने और उसके अनुरूप विकास की नीति तय करने में ही बुद्धिमत्ता है।

## लाल फीता

सदर तहसील के उस अंधेरे गलियारे में तीन टांगों के सहारे टिकी वह पुरानी लकड़ी की कुर्सी सालों से धूल फांक रही थी। वह कुर्सी दरअसल हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का सजीव प्रतीक थी जिसमें स्थायित्व के लिए चौथे पाए की जगह ईंटों का एक चटखट्टा लगा हुआ था। ईंट और प्रशासन का पुराना रिश्ता है क्योंकि यहाँ फाइलें भी ईंट की रफ्तार से चलती हैं और अफसरों के दिल भी ईंट के ही बने होते हैं। पचहत्तर साल के जगन्नाथ बाबा हर सोमवार सुबह ठीक दस बजे अपने कांपते हाथों में एक लाल रंग की पुरानी फाइल दबाकर उस टूटी कुर्सी पर आकर बैठ जाते थे। दफ़्तर का नया चपरासी जब भी उन्हें वहाँ बैठते देखता तो झुंझलाकर कहता कि बाबा इस टूटी कुर्सी पर क्यों बैठते हो किसी दिन गिरकर अपनी बूढ़ी हड्डियां तुड़वा बैठोगे। चपरासी की यह चिंता मानवाधिकार से ज्यादा दफ़्तर की फर्श गंदी होने के डर से उपजी थी क्योंकि सरकारी फर्श पर बुजुर्ग का गिरना प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जाता है। बाबा अपनी सूजी हुई आँखों से उसकी तरफ देखते और उदास मुस्कान बिखेरते हुए कहते कि बेटा इस कुर्सी से मेरी आत्मा का नाता जुड़ चुका है। असल में आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए भारत में सरकारी दफ़्तर से उपयुक्त कोई जगह नहीं है क्योंकि यहाँ पहुँचकर आदमी को दुनिया की नश्वरता का तुरंत आभास हो जाता है।

दफ़्तर के बड़े बाबू अक्सर उन्हें देखकर ताना मारते कि जमीन का मुआवजा पाना इतना आसान नहीं होता बूढ़े तुम तीन साल से यहाँ चक्कर काट रहे हो पर फाइल आगे सरकती ही नहीं। बड़े बाबू का यह कहना वैसा ही था जैसे यमराज किसी को अमर होने का वरदान दे रहे हों। सरकारी फाइल में पहिये नहीं होते पर उसके पैर इतने लंबे होते हैं कि वह दराज से निकलकर अलमारी तक पहुँचने में एक पूरी पीढ़ी निगल जाती है। तहसील में आने वाले तमाम फरियादी और मुंशी उस टूटी कुर्सी पर बैठे जगन्नाथ बाबा को बड़े अचरज से देखते थे जैसे वे किसी ऐतिहासिक स्मारक के अवशेष हों।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 सितंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:13 सूर्यास्त 18:40
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - षष्ठी 04:26 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - भरणी 25:43 उपरांत कृतिका
योग - ध्रुव 21:12 उपरांत व्याघात
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 19 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में नए अधिकार मिल सकते हैं। अधिकारियों से सराहना मिलेगी।
**वृषभ-** कारोबारी हैं तो व्यापार में नए सौदे फाइनल होने के योग हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।
**मिथुन-** अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। अपने स्वास्थ्य को लेकर ऊजार्वान महसूस करेंगे।
**कर्क-** नौकरी में स्थान परिवर्तन या नई जिम्मेदारी के संकेत हैं। कारोबारी हैं तो मंद पड़े कारोबार में गति आएगी।
**सिंह-** जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग और प्यार मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।
**कन्या-** संचित धन में वृद्धि होगी। मौसमी बीमारियों को लेकर सतर्क रहें। बजट बिगड़ने के आसार हैं।
**तुला-** कार्यक्षेत्र में टीम वर्क से बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफलता मिलेगी। जोड़ों का दर्द परेशान कर सकता है।
**वृश्चिक-** कारोबार में क्लाइंट्स के साथ महत्वपूर्ण बातचीत सफल रहेगी। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।
**धनु-** शादी की बात आगे बढ़ सकती है। रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।
**मकर-** कार्यस्थल पर किसी से बेवजह न उलझें, अपने काम पर ध्यान दें। थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है।
**कुंभ-** कारोबार में नए काम की शुरूआत के लिए थोड़ा इंतजार करना बेहतर रहेगा। बजट बिगड़ने के आसार हैं।
**मीन-** लव पार्टनर आपकी भावनाओं को समझेगा। फिजूलखर्ची पर रोक लगाएं।

समसामयिक

## मोबाइल फोन : साल, दो साल का साथी, फिर बनता बहुआयामी



डॉ. शैलेश शुक्ला
(दैनिक अवन्तिका)

आज से दस साल पहले फोन का मतलब सिर्फ कॉल और संदेश था, पर आज सुबह के अलार्म से लेकर रात तक हमारी पूरी जिंदगी इसी छोटे से डिब्बे में बंद है। उसी में हमारा बैंक है, बच्चों की पढ़ाई है, दुकान का हिसाब है, जमीन के कागज हैं और परिवार की यादें भी हैं। पर कभी सोचा है कि जिस चीज पर इतनी बड़ी जिंदगी टिकी है, उसकी उम्र कौन तय करता है? हम या उसे बनाने वाली कंपनी? अगर आप ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि उसकी उम्र हम नहीं, कंपनी तय करती है।

आप तीस-चालीस हजार का फोन लाते हैं, पहले साल वह मक्खन जैसा चलता है, दूसरे साल भी ठीक रहता है, पर दूसरे साल के आखिर में ही संकेत मिलने लगते हैं। कंपनी कहती है अब इस मॉडल को बड़ा अपडेट नहीं मिलेगा, फिर कुछ महीनों बाद सुरक्षा अपडेट भी बंद हो जाते हैं। फोन गर्म होने लगता है, बैटरी जल्दी खत्म होती है, बैंक का ऐप कहता है आपका सिस्टम पुराना और असुरक्षित है। नया कैमरा फीचर आपके फोन में आता ही नहीं। मन में डर बैठ जाता है कि फोन बेकार हो गया और आप मजबूरी में नया फोन लेने चले जाते हैं, जबकि फोन टूटा नहीं है, खराब भी नहीं है। उसे सिर्फ पुराना साबित कर दिया गया है। यह कोई तकनीकी मजबूरी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी व्यापारिक रणनीति है, जिसे दुनिया में प्लांड ऑब्सोलेसेंस कहा जाता है, यानी चीज को तय समय पर बेकार बना देना ताकि नया सामान बेचा जा सके।

यह रणनीति कैसे काम करती है, इसे समझना आसान है। इसका पहला हथियार है सॉफ्टवेयर अपडेट। हर फोन में दो तरह के अपडेट होते हैं, एक बड़ा ऑपरेटिंग सिस्टम अपडेट जो फोन के फीचर बदल देता है और दूसरा छोटा सुरक्षा अपडेट जो फोन को हैकर से बचाता है। कंपनियां दो साल तक दोनों अपडेट देती हैं, फिर बड़ा अपडेट बंद कर देती हैं और कहती हैं कि पुराना हार्डवेयर नया सॉफ्टवेयर नहीं संभाल पाएगा। कई बार यह सच होता है, पर कई बार यह सिर्फ बहाना होता है। असल में हर मॉडल को नए सॉफ्टवेयर पर परखने में बहुत पैसा और समय लगता है। एक कंपनी के पास एक साथ चालीस-पचास मॉडल होते हैं, हर एक को अलग-अलग नेटवर्क और ऐप पर टेस्ट करना पड़ता है। कंपनी को लगता है कि पुराने मॉडल पर खर्च करने से पैसा वापस नहीं आएगा, इसलिए वह पैसा नए मॉडल में लगा देती है।

दूसरा खेल चिप बनाने वाली कंपनियों का है। फोन का मुख्य प्रोसेसर क्वालकॉम या मीडियाटेक बनाते हैं और वे भी अपने प्रोसेसर का सपोर्ट सिर्फ तीन-चार साल तक देते हैं, उसके बाद मोबाइल कंपनी चाहे भी तो अपडेट नहीं दे सकती। दूसरा बड़ा हथियार है बैटरी। आजकल बैटरी अंदर फिक्स होती है और दो साल बाद उसकी क्षमता अस्सी प्रतिशत रह जाती है। आप सर्विस सेंटर जाते हैं तो कहा जाता है कि बैटरी नहीं मिलेगी या इतना खर्च आएगा कि नया फोन ले लीजिए। जो काम दो हजार में हो सकता था, उसके लिए तीस हजार का नया फोन बेच दिया जाता है। तीसरा हथियार है विज्ञापन। हर छह महीने में नया फोन, नया कैमरा, दो सौ मेगापिक्सल का शोर। लगता है आपका फोन पुराना हो गया, जबकि रोज के काम के लिए आपका पुराना कैमरा भी काफी था। कंपनियां फोन नहीं, हीन भावना बेचती हैं। इस साजिश का नुकसान सिर्फ आपकी जेब को नहीं, पूरे देश को हो रहा है। पहला नुकसान आर्थिक है। भारत में आज भी परिवार बड़ी मुश्किल से पैसे जोड़कर फोन खरीदता है, छात्र पढ़ाई के लिए, किसान मौसम और योजना की जानकारी के लिए, दुकानदार यूपीआई के लिए फोन लेता है, उसके लिए हर दो-तीन साल में नया फोन लेना बहुत बड़ा बोझ है।

## रोजाना खाना पकाने में तेल चुनते समय रखें सावधानी



खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाला तेल हमारी रोजाना की डाइट का अहम हिस्सा है और इसका सीधा संबंध शरीर को मिलने वाली वसा की मात्रा तथा उसके प्रकार से होता है। ऐसे में लंबे समय तक एक ही तरह के तेल का अधिक सेवन करने के बजाय अलग-अलग स्रोतों से मिलने वाली स्वस्थ वसा को संतुलित मात्रा में डाइट में शामिल करना बेहतर माना जाता है। रिफाइंड तेल को लेकर अक्सर कई तरह की बातें कही जाती हैं, लेकिन केवल किसी तेल को रिफाइंड होने के आधार पर पूरी तरह नुकसानदायक मानना सही नहीं है। तेल की गुणवत्ता उसमें मौजूद फैटी एसिड, इस्तेमाल की मात्रा और खाना पकाने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

दिल की सेहत के लिहाज से विशेषज्ञ आमतौर पर ऐसे वसा स्रोतों को प्राथमिकता देने की सलाह देते हैं जिनमें असंतृप्त वसा अपेक्षाकृत अधिक हो। इसके साथ ही कुल कैलोरी और संतृप्त वसा की मात्रा पर भी ध्यान देना जरूरी है। यदि डाइट में तेल, घी या मक्खन जरूरत से ज्यादा शामिल है तो स्वस्थ विकल्प भी अधिक कैलोरी का कारण बन सकते हैं। इसलिए किसी भी तेल को सीमित मात्रा में इस्तेमाल करना जरूरी है। एनाटॉमीकोर्स खोजना

घी भारतीय रसोई में लंबे समय से इस्तेमाल होता रहा है। इसमें वसा में घुलने वाले कुछ विटामिन और ब्यूटिरेट जैसे यौगिक पाए जाते हैं। हालांकि घी में संतृप्त वसा की मात्रा भी अधिक होती है, इसलिए इसे सीमित मात्रा में लेना बेहतर है। खासकर जिन लोगों को कोलेस्ट्रॉल या हृदय संबंधी जोखिम है, उन्हें अपनी व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार वसा का सेवन तय करना चाहिए। सरसों का तेल भी भारतीय भोजन का पारंपरिक हिस्सा है। इसमें मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाए जाते हैं। इसमें अल्फा-लिनोलेनिक एसिड भी मौजूद होता है। सामान्य खाना पकाने में सीमित मात्रा में सरसों के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी तेज खुशबू और स्वाद के कारण यह कई पारंपरिक व्यंजनों के लिए खास तौर पर पसंद किया जाता है।

ऑलिव ऑयल को भी दिल के अनुकूल वसा के स्रोतों में गिना जाता है। इसमें मुख्य रूप से मोनोअनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट यौगिक भी मौजूद होते हैं। इसे सलाद, हल्की कुकिंग और कई अन्य व्यंजनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि ऑलिव ऑयल को भी असीमित मात्रा में लेना उचित नहीं है, क्योंकि हर तेल में कैलोरी काफी अधिक होती है। तिल का तेल भी एक उपयोगी विकल्प हो सकता है। इसमें असंतृप्त वसा के साथ कई प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं और इसका इस्तेमाल भारतीय तथा एशियाई खान-पान में लंबे समय से किया जाता रहा है। भोजन में इसका सीमित इस्तेमाल स्वाद के साथ वसा के स्रोत में विविधता ला सकता है।

मक्खन का सेवन भी सीमित मात्रा में किया जा सकता है, लेकिन इसमें संतृप्त वसा अधिक होने के कारण इसे रोजाना बड़ी मात्रा में लेना हृदय स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं माना जाता। सबसे जरूरी बात यह है कि केवल तेल बदलने से ही दिल स्वस्थ नहीं रहता। संतुलित आहार, पर्याप्त शारीरिक गतिविधि, वजन पर नियंत्रण, धूम्रपान से दूरी और रक्तचाप तथा कोलेस्ट्रॉल की नियमित निगरानी भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए रिफाइंड तेल को अचानक पूरी तरह बंद करने के बजाय अपनी डाइट में इस्तेमाल होने वाली वसा की गुणवत्ता और मात्रा दोनों पर ध्यान देना ज्यादा व्यावहारिक तरीका है।

धर्म-आस्था

## जहां होती है साफ-सफाई, वहीं क्यों होता है लक्ष्मी का वास?



आपने अक्सर लोगों को यह कहते सुना होगा क माता लक्ष्मी वहीं निवास करती हैं, जहाँ स्वच्छता होती है। जहाँ आलस्य, गंदगी और अव्यवस्था होती है, वहाँ दरिद्रता (अलक्ष्मी) का वास होता है। हिन्दू धर्म में किसी भी देवी-देवता की पूजा के लिए स्वच्छता का जरूरी होता है लेकिन माता लक्ष्मी को विशेष तौर पर स्वच्छता से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि गंदगी, अव्यवस्था और अशुद्ध वातावरण में उनका वास नहीं होता। आखिर क्यों? लक्ष्मी जी धन और समृद्धि की देवी हैं, तो उनका स्वच्छता से क्या नाता है? क्या वाकई में गंदे घर में लक्ष्मी जी के पैर नहीं पड़ते या फिर यह सिर्फ एक कहावत है? चलिए समझते हैं...

मां लक्ष्मी को भले ही हम धन की देवी कहते हैं लेकिन माँ लक्ष्मी को केवल पैसे और संपत्ति तक सीमित करना उनके व्यापक स्वरूप को छोटा कर देता है। माता लक्ष्मी का संबंध धन, स्वास्थ्य, सुख, सफलता, सौभाग्य, उर्वरता और पारिवारिक समृद्धि जैसे अनेक पहलुओं से जोड़ा गया है। इसलिए घर को साफ और व्यवस्थित रखना उस समृद्धि को सम्मान देने का प्रतीक भी माना जा सकता है। हिन्दू धर्म में लक्ष्मी जी को धन-संपदा के साथ-साथ सौंदर्य और शुद्धता की देवी भी माना गया है। उन्हें भौतिक और भावनात्मक दोनों सुखों की प्रदाता कहा गया है। भौतिक सुख कमाने या पाने के लिए भी एक ऐसे मन की आवश्यकता होती है, जो स्पष्ट और सकारात्मक हो। जब लक्ष्मी जी के साथ स्वच्छता को जोड़ा जाता है, तो ऐसी ऊर्जा के लिए वातावरण तैयार करने की बात कही जाती है, जहां लोग धन, वैभव और सुख को आकर्षित कर सकें। जब घर स्वच्छ रहता है, तो स्वच्छता से मन प्रसन्न रहता है और सकारात्मक ऊर्जा आती है। यही ऊर्जा धन और वैभव को आकर्षित करती है।

लक्ष्मी से जुड़ी स्वच्छता का सबसे गहरा अर्थ 'मन की सफाई' है। अगर घर चमक रहा है लेकिन मन में लगातार ईर्ष्या, लालच, क्रोध, अहंकार, द्वेष और नकारात्मक विचार भरे हुए हैं, तो आध्यात्मिक दृष्टि से स्वच्छता अधूरी मानी जाएगी। इसलिए बाहरी स्वच्छता के साथ विचारों और भावनाओं की शुद्धता पर भी ध्यान देना जरूरी है। हिंदू धर्म में स्वच्छता को केवल शरीर और घर की सफाई तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि इसे मन, विचार और कर्म की शुद्धता से भी जोड़ा गया है। हम सभी जानते हैं कि स्वच्छ वातावरण में सकारात्मक कंपन उत्पन्न होते हैं। जब हम अपने आसपास की अनावश्यक चीजें हटाते हैं, तो कई बार मन में भी एक तरह की स्पष्टता महसूस होती है। इसी तरह अपने विचारों को व्यवस्थित करना, नकारात्मक भावनाओं पर नियंत्रण रखना और दूसरों के प्रति सद्भाव रखना आंतरिक स्वच्छता का हिस्सा माना जा सकता है। यही कारण है कि मां लक्ष्मी की पूजा में साफ-सफाई का विशेष महत्व बताया जाता है। जहां स्वच्छता नहीं होती है, वहाँ आलस्य होता है, अनुशासनहीनता होती है, नकारात्मकता होती है। इसलिए, ऐसे स्थान को अलक्ष्मी का वास कहा गया है क्योंकि वहाँ कभी भी ना तो घर में और ना ही मन में सुख का वास हो सकता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,800 रवा- 1,50,600 चांदी- टंच- 2,34,500 पाट- 2,33,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## गांजा तस्कर को 3 साल की सजा, 15 हजार का जुर्माना

**शाजापुर।** युवाओं में बढ़ रही नशे की लत और मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर विशेष न्यायालय एनडीपीएस ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने 5 किलो 990 ग्राम अवैध गांजे के साथ पकड़ाए एक तस्कर को 3 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जिला लोक अभियोजक महेंद्र सिंह परमार ने बताया कि यह घटना 1 जुलाई 2023 की है। शुजालपुर पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि शुजालपुर-पचोर रोड स्थित गोकुलधाम कॉलोनी के गेट के पास एक युवक सफेद पन्नी में अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है और उसे कहीं ले जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही शुजालपुर थाने के उप-निरीक्षक नरेंद्रसिंह बुंदेला ने पंच साक्षियों और पुलिस बल के साथ मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम देवेन्द्रसिंह मेवाड़ा पिता केदारसिंह मेवाड़ा, निवासी ग्राम टपका बसन्तपुर बताया। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद सफेद रंग की थैली की तलाशी ली, तो उसमें 5 किलो 990 ग्राम अवैध गांजा मिला।

## दृष्टिहीन कन्या विद्यालय की छात्राओं ने कलेक्टर को बांधी राखी



**देवास।** देवास में रक्षाबंधन के अवसर पर दृष्टिहीन कन्या विद्यालय की छात्राओं ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह को राखी बांधी। छात्राओं ने गीत प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। कलेक्टर ने भी बालिकाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने छात्राओं के साथ रक्षाबंधन मनाने को सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्था 50 वर्षों से सेवा कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था से जुड़े सभी लोगों को बधाई और धन्यवाद दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से संस्था को आगे भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने छात्राओं से कहा-हमारा आपसे रिश्ता जुड़ा है। प्रशासन की ओर से आपके लिए जो भी संभव होगा, वह किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि छात्राओं को बेहतर भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था के माध्यम से छात्राओं के साथ अन्य बालिकाओं को भी लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने सभी बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्रावण महोत्सव का समापन, त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर में गूंजे महादेव के जयकारे

आगर-मालवा। आगर में श्रावण मास के दौरान नगर के शिवालयों में विभिन्न धार्मिक आयोजन होते हैं। इसी क्रम में नगर के मध्य स्थित प्राचीन त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर, गोपाल मंदिर में श्रावण महोत्सव का समापन हुआ। भादौ की तृतीया के अवसर पर श्री राम सेना के सदस्यों द्वारा भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक, पूजन, यज्ञ, महाआरती और ब्राह्मण भोज आयोजित किया गया। आयोजन के लिए भगवान के गर्भगृह को आकर्षक फूलों से सजाया गया। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लिया। इस आयोजन के साथ ही विगत एक माह से निरंतर चल रहे पंचामृत अभिषेक और रुद्र पूजन के श्रावण समाप्ति कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

## शाजापुर में सोयाबीन फसल पर पीला मोजेक का प्रकोप

**शाजापुर।** शाजापुर जिले के ग्राम दिल्लोद में सोयाबीन की फसल पीला मोजेक और अफलन रोग से प्रभावित हुई है। इससे परेशान किसानों ने मंगलवार को जनसुनवाई में मुआवजे की मांग की। दोपहर करीब 1 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण शाजापुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा को सौंपा। किसानों के अनुसार, ग्राम दिल्लोद में सोयाबीन की फसल में अचानक पीला मोजेक रोग और अफलन (फली या फल न आने की समस्या) दिखाई देने लगी है। किसानों का दावा है कि इन समस्याओं के कारण उनकी सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

### लापरवाही पर सख्त हुई कलेक्टर, दो तहसीलदारों को नोटिस

# सचिवों-इंजीनियरों का रुकेगा वेतन, 70 पार बुजुर्गों के लिए हर सप्ताह बनेंगे आयुष्मान कार्ड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

जिले में जनसमस्याओं के निराकरण और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लेटलतीफी को लेकर कलेक्टर ऋजु बाफना ने सख्त रुख अपना लिया है। सोमवार को आयोजित समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत शिविरों में आई शिकायतों को पूरी गंभीरता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ हल करने के निर्देश दिए गए हैं। काम में कोताही बरतने पर कलेक्टर ने कालापीपल और पोलायकलां के तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा 2024-25 के आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण अधूरा छोड़ने वाले सब-इंजीनियरों व ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोकने का कड़ा आदेश दिया है। जिले के बुजुर्गों और मरीजों को बड़ी राहत देते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अब हर शनिवार को विशेष शिविर लगाए जाएं। इसके साथ ही, जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों का तुरंत आयुष्मान कार्ड बनाकर इलाज शुरू करने, गर्भवती माताओं की समग्र ई-केवाईसी और एएनसी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए सीएमएचओ और सिविल सर्जन को नियमित रूप से अस्पतालों का मुआयना करने की जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

कलेक्टर बाफना ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को सख्त ताकीद की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करें। अधिकारी वहां पेयजल, साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता परखें तथा सीधे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी जरूरतें जानें। इसी तर्ज पर जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को भी स्कूलों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को बचे हुए सभी किसानों की फार्मर आईडी जल्द से जल्द बनाने का टास्क भी सौंपा गया है। शहरी और ग्रामीण अंचलों की व्यवस्था सुधारने के लिहाज से बैठक में कई अहम फैसले लिए गए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले, गुलाना एसडीएम नेहा गंगारे, शुजालपुर एसडीएम अंकिता पाटकर, डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा व सीमा कनेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई की जाए

सड़कों पर हादसों का कारण बनने वाले आवारा पशुओं के सींगों पर अब रेडियम पट्टी या कलर लगाया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि जर्जर हो चुके खतरनाक भवनों को तुरंत ढहाने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 और पीएम स्वनिधि योजना के लक्ष्य पूरे करने, करों की वसूली में तेजी लाने, ठोस कचरा प्रबंधन नियमों का सख्ती से पालन करने और अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।



## बैंड-बाजों की धुन पर निकला तीज माता का भव्य चल समारोह, पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने सिर पर धारण की प्रतिमाएं

**शाजापुर।** शहर में तीज का पर्व पूरी श्रद्धा, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस पावन मौके पर नगर में तीज माता का भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सोलह श्रृंगार कर और रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने अपने सिर पर तीज माता की आकर्षक प्रतिमाएं धारण कर रखी थीं, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। उनके इस भक्तिभाव और उत्साह को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध रह गया। सोमवार को चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की सुमधुर धुनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने रास्ते भर पारंपरिक गीत गाए और तीज माता के जयकारे लगाए, जिससे समूचा वातावरण गुंजायमान हो उठा। जुलूस जिस मार्ग से भी निकला, वहां शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर उसका आत्मीय स्वागत किया। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने रुककर तीज माता के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तीज पर्व के इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखा और पूर्ण श्रद्धा-भाव से माता की आराधना की। महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु एवं परिवार में सुख-शांति व समृद्धि की मंगल कामना की।

## विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झोंकर के नव निर्मित भवन का लोकार्पण सोमवार को क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य द्वारा किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य ने बताया कि नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन 6 बिस्तरीय है, जिसका निर्माण करीब 1.59 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आस-पास के लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस दौरान अतिथियों ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### निर्माणाधीन सिविल हॉस्पिटल मक्सी का निरीक्षण

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य द्वारा मक्सी सिविल हॉस्पिटल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण के लिए ठेकेदार एवं इंजीनियर को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सुंदरगढ़ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्पित जैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेंद्र सोनी, इंजीनियर सुनील बघेल एवं पूजा गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में इंटर्न छात्रा की मौत का मामला

## न्यायालय ने 46.68 लाख क्षतिपूर्ति देने का दिया आदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

सड़क हादसे में जान गंवाने वाली 24 वर्षीय रानू पाटीदार के परिजनों को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी), शाजापुर ने 46 लाख 68 हजार 800 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश पारित किया है। अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं अभिभाषक जावेद पठान बेरछा ने बताया कि मृतिका रानू पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला बड़ागांव 05 जून 2025 को काशीपुरा सुखलिया इन्दौर में स्कूटी से श्री अरविन्दो अस्पताल इंटर्नशिप के लिए रोजाना की तरह जा रही थी। समय लगभग सुबह 9 बजे जैसे ही रानू पाटीदार लवकुश चौराहा बाणगंगा इन्दौर पहुंची कि ट्रक को उसका चालक अत्यन्त तेजगति व लापरवाही से चलाता हुआ लाया और रानू पाटीदार की स्कूटी मे पीछे से जोर की टक्कर मार दी, जिससे रानु पाटीदार स्कुटी सहीत रोड पर गिर गई। उक्त ट्रक घटना स्थल पर रोक दिया था। रानू पाटीदार को सिर, हाथ, पैर व शरीर पर गंभीर स्वरूप की चोटें आई, तुरंत रानू पाटीदार को ईलाज हेतु श्री अरविन्दो हॉस्पिटल इन्दौर लेकर गए जहां पर डॉ. द्वारा जांच के बाद रानू पाटीदार को मृत होना बताया। दुर्घटना की रिपोर्ट थाना बाणगंगा इन्दौर मे पंजीबद्ध हुई है। रानू पाटीदार पिता पुरूषोत्तम पाटीदार आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम पाटीदार मोहल्ला बड़ागांव की मृत्यु पर उनके परिजनों द्वारा शाजापुर न्यायालय में दुर्घटना दावा प्रस्तुत किया गया था।

## भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले महादेव के दो स्वरूप, जगह-जगह पूजा अर्चना



**शाजापुर।** नगर के दो शिवालयों से भोलेनाथ पालकी में अपने भक्तों के कांधे पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। भादव के पहले सोमवार को नगर के दो शिव मंदिरों से रथ और पालकी में विराजे देवों के देव महादेव जब नगर भ्रमण पर भक्तों को दर्शन देने निकले तो सारा नगर शिवमय हो गया। ओंकारेश्वर और सोमेश्वर महादेव की सवारी का मार्ग में सभी जगह जमकर स्वागत हुआ। सुमधुर धुनों पर नाचते-थिरकते भक्तों की टोली के साथ-साथ जब नगर के दो अलग-अलग क्षेत्रों से सवारी निकली तो सारा शहर भोले की भक्ति में रमा नजर आया। लोग सडकों पर बाबा की झलक पाने को आतुर दिखाई दिए। शाही सवारी में आकर्षक झांकी के साथ दूर-दराज से आए बैंडों ने भी खूब सराहना बटोरी। नगर के सभी प्रमुख मार्गों से होती हुई सवारी देररात मंदिर पहुंची। भोले के दो स्वरूपों के दर्शन के लिए गलियों से लेकर सड़कों तक पर भक्तों की भीड़ जमा हो गई थी। महादेव की दो स्वरूपों की सवारी में जहां भक्त भोले के दर्शन कर मद मस्त हुए चले जा रहे थे तो वहीं नगर के लोगों के लिए सवारी में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

### हाईवे पर खड़े दो युवकों को बस ने कुचला

## दोस्त के सामने दोनों की मौके पर मौत, टक्कर मारकर भागा आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर जिले में नेशनल हाईवे-52 पर सोमवार शाम को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। उकावता चौकी क्षेत्र में गिरी पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े दो युवकों को एक तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक, उज्जैन जिले के ग्राम नवादा से तीन दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे। वे अपने साथी अखिलेश को उसके गांव छोड़ने जा रहे थे। रास्ते में बाइक चला रहे जितेंद्र ने पेट्रोल पंप के पास गाड़ी रोकी और थोड़ा दूर चला गया। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे अखिलेश और कैलाश सड़क किनारे खड़े होकर उसका इंतजार कर रहे थे।

सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़े अखिलेश (28) और कैलाश (50) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही जान चली गई। वारदात के बाद बस चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

### अस्पताल पहुंचाए शव, तलाश में जुटी पुलिस

घटना की खबर मिलते ही उकावता चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को शाजापुर जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार अज्ञात बस व उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## झूमाझटकी कर जेब से 7700 रुपए लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

### अन्य मामलों में हो रही पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर कोतवाली पुलिस ने लूट के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।



पुलिस के अनुसार, यह मामला 21 अगस्त 2026 का है। अयोध्या बस्ती निवासी लक्ष्मीनारायण राठौर (पिता मांगीलाल राठौर) ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ झूमाझटकी कर जेब से 7700 रुपए लूट लिए और फरार हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

लूट की वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कार्रवाई की। 30 अगस्त को ग्राम सांपखेड़ा के पास घेराबंदी कर आरोपी ओमप्रकाश (34) को पकड़ा गया। ओमप्रकाश पिता भंवर गुर्जर, निवासी ग्राम तलेनी, तहसील पोलायकला, थाना सुंदरसी, शाजापुर का रहने वाला है।

पूछताछ में आरोपी ओमप्रकाश ने लूट की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटी गई पूरी राशि बरामद कर ली है। उससे अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला, प्रधान आरक्षक प्रमोद नागर, आरक्षक रामप्रसाद बामनिया, शिशुपाल गुर्जर और हेमराज मालवीय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## देवास में मोबाइल-बैग छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार: वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त

**देवास।** देवास के उदयनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से मोबाइल और बैग छीनने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल, बैग और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। बरामद मोबाइल की कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, वारदात 8 अगस्त को हुई थी। फरियादी अपने ससुर के साथ ग्राम निमनपुर से बैल खरीदकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पिपलापाटी कुआ के पास धाराजी रोड पर पीछे से बाइक पर आए आरोपियों ने उसके कंधे पर टंगा बैग और जेब में रखा मोबाइल झपट लिया। घटना की शिकायत के बाद उदयनगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 426/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस टीम ने घटनास्थल और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने बने सिंह रावत (39), गोविंद अलावा (27) और विजय अलावा को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी आगरा खुर्द के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फरियादी से छीना गया मोबाइल और बैग बरामद कर लिया। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयनगर विजेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व वाली पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।



# सिविल अस्पताल में 15 दिन से शुगर की दवा नहीं, शुजालपुर में 2 हजार मरीज परेशान, अधिकारी बोले-जिला मुख्यालय को पत्र लिख रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

शुजालपुर मंडी के सिविल अस्पताल में शुगर मरीजों को मिलने वाली मेटफॉर्मिन टेबलेट पिछले 15 दिनों से उपलब्ध नहीं है। दवा खत्म होने से करीब 2 हजार मरीज प्रभावित हो रहे हैं। मरीज अस्पताल पहुंचकर दवा के लिए परेशान हो रहे हैं, जबकि अस्पताल प्रबंधन जिला मुख्यालय से दवा उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार करने की बात कह रहा है।





### स्टॉक में नहीं मेटफॉर्मिन

दवा वितरण कक्ष के प्रभारी शुभम ने बताया कि मेटफॉर्मिन टेबलेट करीब दो महीने से आउट ऑफ स्टॉक है। शुरूआत में एक महीने की जगह मरीजों को 15 दिन की खुराक देकर व्यवस्था संभाली गई, लेकिन अब बचा हुआ स्टॉक भी पूरी तरह खत्म हो चुका है।

अस्पताल रिकॉर्ड के अनुसार, अगस्त में करीब 500 मरीज नियमित रूप से पंजीकृत होकर दवा लेने पहुंचे। इसके अलावा लगभग 1500 मरीज अनियमित रूप से इलाज और परामर्श के लिए अस्पताल आते हैं। ऐसे में दवा की कमी का असर बड़ी संख्या में मरीजों पर पड़ रहा है।

### बाहर की दवा लिखने की भी सीमाएं

मरीजों की परेशानी इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि सरकारी नियमों के तहत अस्पताल के पर्चे पर बाहर की दवाएं लिखने की सीमाएं हैं। इसके चलते डॉक्टर मरीजों को वैकल्पिक दवा भी आसानी से नहीं लिख पा रहे हैं। मरीजों को अस्पताल में दवा नहीं मिल रही और उन्हें आगे की व्यवस्था को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### जिला मुख्यालय को भेज रहे पत्र

अस्पताल के स्टोर इंचार्ज और चिकित्सक डॉ. संजय मंडलोई ने बताया कि मेटफॉर्मिन की कमी को लेकर जिला मुख्यालय को लगातार पत्राचार किया जा रहा है। अस्पताल प्रभारी डॉ. शारदा रामसरिया ने इसे सामान्य स्थिति बताते हुए कहा कि दवा उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखे जा रहे हैं। उन्होंने आगे की जानकारी के लिए सीएमएचओ से संपर्क करने की बात कही।

शुगर मरीज राधेश्याम ने बताया कि वे रोज अस्पताल आकर दवा के बारे में जानकारी लेते हैं, लेकिन अब तक दवा नहीं मिल पाई है। उनका कहना है कि नियमित दवा नहीं मिलने से स्वास्थ्य बिगड़ने की चिंता बनी हुई है। मरीजों ने जल्द से जल्द मेटफॉर्मिन उपलब्ध कराने की मांग की है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान पुराना क्रमांक 4/979, का भाग नया नम्बर 67, दादा भाई नोरोजी मार्ग, पथ क्रमांक 02, हसंजी पथ, उज्जैन हैं इस तल मंजिल में का दक्षिण दिशा का एक भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 1050.00 वर्गफीट को भवन स्वामी अब्बास अली पिता श्री अकबरभाई कपड़ा वाला निवासी 67, दादा भाई नोरोजी मार्ग, उज्जैन से मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सोदा कर लिया हैउ तथा मेरे पक्षकार के द्वारा अब्बास अली कपडा वाला को टोकन बयाना राशी भी अदा कर दी हैं, शेष बयाना राशी चुकाकर अनुबंध पत्र का सम्पादन कराया जाना है तथा बाद में पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करायी जावेगी। यदि उक्त मकान में किसी व्यक्ति का किसी प्रकार का कोई हित हो अथवा उक्त मकान भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, अथवा अन्य किसी का कोई ऋण भार हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार के द्वारा भवन स्वामी अब्बास अली को बयाना राशी चुकाकर अनुबंध पत्र का सम्पादन करालिया जावेगा व बाद में शेष विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराली जावेगी, बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 01/09/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मानमल दुग्गड़)**
**अभिभाषक 1, युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर 94250-91829**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं ओमकुमार पिता भगवान सिंह निवासी ग्राम सूरजपुरा तहसील तराना पोस्ट छड़ावद जिला उज्जैन मध्य प्रदेश 456665 यह घोषित करता हूं कि मैं अपना नाम ओमकुमार से बदलकर ओम सोलंकी रख लिया है भविष्य में मुझे ओम सोलंकी के नाम से ही जाना जाए। इसके लिए मैंने एक शपथ पत्र दिनांक 29/8/2026 को नोटरी किया गया है।

## एमपी में सब इंस्पेक्टर-सूबेदार के 507 पदों पर भर्ती

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और सूबेदार के 507 पदों पर भर्ती होगी। कर्मचारी चयन मंडल ने भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। आवेदन 9 सितंबर से शुरू होंगे और 23 सितंबर तक किए जा सकेंगे। भर्ती परीक्षा 28 अक्टूबर से दो पालियों में शुरू होगी। सबसे ज्यादा 312 पद उप निरीक्षक (जिला पुलिस बल) के हैं। इसके अलावा 81 पद सूबेदार और 69 पद उप निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) के लिए हैं। बाकी पद आर्म्स, फोटो, फिंगरप्रिंट और अन्य तकनीकी शाखाओं के लिए तय किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन 28 सितंबर तक किया जा सकेगा। सूबेदार और सब इंस्पेक्टर दोनों कैडर के लिए लेवल-9 के तहत 36,200 से 1,14,800 रुपए वेतनमान तय किया गया है। शासन के नियमानुसार अन्य भत्ते और सुविधाएं भी मिलेंगी। अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 500 रुपए परीक्षा शुल्क देना होगा। वहीं एमपी के निवासी ओबीसी, एस, एसटी और ईडब्यूडी उम्मीदवारों के लिए शुल्क 250 रुपए तय किया गया है। कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने पर 60 रुपए और अलग से आवेदन करने पर एमपी ऑनलाइन पोर्टल शुल्क 20 रुपए लगेगा। विभागीय उम्मीदवारों के लिए भी अलग परीक्षा शुल्क तय किया गया है। अनारक्षित उम्मीदवारों से 200 रुपए, जबकि एस, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों से 100 रुपए लिए जाएंगे।

## दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश- वकील की 78 लाख फीस दे

**दिल्ली/भोपाल।** दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस सचिन दत्ता की पीठ ने यह तल्ख टिप्पणी करते हुए मध्य प्रदेश सरकार को बड़ा झटका दिया है। हाईकोर्ट ने एमपी सरकार को राज्य के पूर्व महाधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप जॉर्ज चौधरी को 78.65 लाख का बकाया भुगतान 9 वार्षिक ब्याज (वर्ष 2021 से) के साथ करने का निर्देश दिया है। अदालत ने एमपी सरकार के रुख पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कानूनी सेवाएं लेने के बाद राज्य भुगतान से इनकार नहीं कर सकता। जस्टिस सचिन दत्ता ने टिप्पणी की कि किसी वकील को अपनी फीस वसूलने के लिए सालों तक याचिका लड़नी पड़े, यह व्यवस्था और राज्य की गरिमा के लिए चिंताजनक है।

## सफल होकर भी रहें विनम्र और असफलता से आगे बढ़े

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थी की वास्तविक सफलता केवल अच्छे अंक अथवा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में नहीं, बल्कि उसके संस्कार, विनम्रता, अनुशासन और व्यक्तित्व में निहित होती है। विद्यार्थी सफलता से उत्साहित हों, लेकिन अपने भीतर अहंकार नहीं आने दें। असफलता से निराश होने के स्थान पर असफलता के कारणों को समझें और उनसे सीख लेकर भविष्य को बेहतर बनाएँ। मैदान में उतरने वाला खिलाड़ी ही कभी हारता और कभी जीतता है। जीतने का सपना देखने और चुनौतियों का सामना करने का साहस रखने वाला ही सच्चा खिलाड़ी कहलाता है। संघर्षों से बचने वाले जीवन में कभी सफल नहीं होते। जीवन में कठिनाइयों और चुनौतियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। सफलता संघर्ष, धैर्य और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। परमात्मा ने प्रत्येक व्यक्ति को सीमित और मूल्यवान समय दिया है। विद्यार्थी इसका सदुपयोग करते हुए पूरी ईमानदारी से अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। आज किया गया परिश्रम ही कल की बड़ी सफलता का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय 'प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना' के राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## सकल हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन दिया

**आरोन।** आगामी तीन दिवसीय हिंदू त्योहारों में मांस बिक्री पर प्रतिबंध के लिए ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर भगवान बलराम जयंती, 3 सितंबर भगवान लव-कुश जयंती तथा 4 सितंबर 2026 को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर नगर में हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रायें निकाली जायेंगी। इस दौरान श्रद्धालु पवित्र उपवास भी रखेंगे, ऐसे में खुल्लेआम मांस अंडों की बिक्री अथवा गंदगी से धार्मिक भावनाएं आहत न हों, इसलिए सरकार के पूर्व आदेशानुसार मांसाहार विक्रय पूर्णतया प्रतिबंधित रहे और मंदिरों के आसपास सफाई और लाईट की उचित व्यवस्था हो। शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर ट्राफिक कंट्रोल की उचित व्यवस्था की जावे, तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जो कि मुख्य रूप से नगर के सभी मंदिरों में रात को मनाया जाता है जहां महिलाओं बच्चों सहित श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। वहां सुरक्षा व्यवस्था के प्रभावी इंतजाम किए जायें। प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया।

## पंचायत उपनिर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**खंडवा।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पंचायत उप निर्वाचन के तहत खंडवा जिले में जनपद पंचायत सदस्य के 1, सरपंच के 3 और 30 पंच पद के लिये उप निर्वाचन होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत खंडवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जसवाड़ी में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार खंडवा श्री नितिन चौहान को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत पंधाना में ग्राम पंचायत बघमार के सरपंच पद के निर्वाचन के लिए प्रभारी तहसीलदार पंधाना श्री दिवाकर सुलिया को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

# बरखेड़ा हाट क्षेत्र में बिजली संकट, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

आरोन तहसील के ग्राम बरखेड़ा हाट विद्युत वितरण केंद्र से जुड़े कई गांवों में अनियमित एवं अपर्याप्त विद्युत आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) आरोन को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में नियमित, सुचारू एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम फतेहपुर, महुआवारी की बंजारा बस्ती एवं भील बस्ती में विगत कई महीनों से विद्युत व्यवस्था खराब है। ग्रामीणों के अनुसार इन क्षेत्रों में प्रतिदिन लगभग दो घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम को दिए ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्राम सगा बरखेड़ा में विद्युत आपूर्ति के लिए चार डीपी स्थापित हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक डीपी के माध्यम से बिजली दी जा रही है। इसके चलते पर्याप्त एवं नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी अघोषित कटौती और तकनीकी समस्याओं के कारण परेशानी बनी हुई है। बिजली की अनियमित आपूर्ति का सीधा असर किसानों की कृषि गतिविधियों एवं सिंचाई कार्य पर पड़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई सहित ग्रामीणों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर समस्या का शीघ्र निराकरण कराने तथा सभी डीपी को चालू कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस मौके पर मनीष रघुवंशी कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष, पंकज कनेरिया जिला संगठन महासचिव, कुंदन सहरिया आदि ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निरंजन बने साइबर सेल के एडीजी, टीआई के प्रमोशन

**भोपाल** मध्य प्रदेश के गृह विभाग ने आईजी साइबर सेल को प्रमोट कर एडीजी बनाया है। इसके बाद आईजी साइबर सेल निरंजन बी वायंगणकर अब एडीजी साइबर सेल होंगे। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय की रिव्यू डीपीसी में कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक बनाए गए 169 सूबेदार में से सिर्फ 30 ही रक्षित निरीक्षक के पद पर प्रमोट हो सके हैं। दूसरी ओर, यही स्थिति कार्यवाहक निरीक्षक और सब इंस्पेक्टर की पदोन्नति के मामले में भी सामने आई है। पीएचक्यू ने विभागीय जांच, कोर्ट केस और सजा के बाद भी प्रमोट किए गए 78 निरीक्षकों को डिमोट कर दिया है। अब ये वापस पुराने पद पर कार्य करेंगे। जिन कार्यवाहक निरीक्षकों, उपनिरीकों को पदोन्नति कर निरीक्षक बनाया गया था और विभागीय जांच लंबित होने या आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण उन्हें पदावनत किया गया है उसमें सुरेश कुमार मीणा भोपाल अर्बन, कुलदीप सिंह राजपूत मुरैना, भानु प्रताप सिंह भवेदी मंडला, योगेंद्र सिंह परिहार सतना, रवि कुमार गुप्ता टीकमगढ़, नरेंद्र सिंह परिहार बैतूल, त्रिवेंद्र त्रिवेदी छतरपुर, विकास खींची खंडवा, मुकेश कुमार शाक्य भिंड, अमित कुमार भावसार जीआरपी इंदौर, विकास कपीस रीवा, अनिल अजमरिया नारकोटिक्स विंग इंदौर, गणपत कनेश खरगोन, रोहित कछावा धार, टीकमचंद शिंदे बुरहानपुरस विजय सागरिया नीमचस श्वेता मौर्य सतना, विजय कुमार पटले उमरिया, रामकुमार गायकवाल शहडोल, रामबाबू सिंह यादव मुरैना, सनत कुमार द्विवेदी मऊगंज, सत्येंद्र प्रसाद चतुर्वेदी शहडोल, सोनपाल सिंह तोमर मुरैना, सौरभ शर्मा नीमच, विनय कुमार सिंह तोमर ग्वालियर, वरुण कुमार तिवारी मंदसौर, रविंद्र शर्मा भिंड, संदीप चौरसिया बुरहानपुर, राकेश कुमार छिंदवाड़ा, विजय राजपूत बालाघाट, वीरेंद्र कुमार बंदेवार पीटीसी भौंरी भोपाल, प्रशांत शर्मा ग्वालियर, तेजेंद्र सिंह सेंगर पीटीएस रीवा, मानसिंह चौधरी भोपाल अर्बन, प्रवीण कुमार चौहान नर्मदापुरम, विजय कुमार देवड़ा अलीराजपुर, विक्रम सिंह इवने मंदसौर में पदस्थ हैं। इनके अलावा संजय सिंह धुर्वे पीटीसी सागर, अनिल कुमार मालवीय आगर मालवा, नरपत सिंह धुर्वे जबलपुर, रवि शंकर कौशल शिवपुरी, शशि कुमार जाटव मुरैना, रंजीत सिंगार रतलाम, बलविंदर सिंह ढिल्लो ग्वालियर, वंदना लकड़ा भोपाल अर्बन, दीप्ति चौहान तोमर ग्वालियर, अरुण मेश्राम छिंदवाड़ा, सरोजिनी टोप्पो जबलपुर, नीलेश अवस्थी नीमच, दर्शन शुक्ला मुरैना, आकांक्षा शर्मा राजगढ़, संजीव कुमार त्रिपाठी जबलपुर, शाहबाज खान भोपाल और नरेंद्र बहादुर सिंह उज्जैन, रमेश कुमार नर्रे सिवनी, सीताराम सोलंकी बुरहानपुर, सुरेंद्र कनेश बड़वानी, विकास सिंह अनूपपुर, नरेंद्र कुमार स्वर्णकार ग्वालियर, अमित मिश्रा पीटीएस तिघरा, कृपाल सिंह राठौर शिवपुरी, पप्पू सिंह यादव श्योपुर, धीरेश धारवाल खंडवा, जितेंद्र सिंह मावई राजगढ़स अनिम टोप्पो पीटीएस इंदौर, नरेंद्र गोयल रायसेन, श्याम सिंह बदले खंडवा, संगीता शर्मा राजगढ़, साधना कठेल मैहर, मनीषा दांगी देवास, सपना जैन दतिया, नम्रता तोमर शिवपुरी, विजय कुमार त्रिपाठी रायसेन, रघुवीर सिंह धाकड़ राजगढ़, केसरबाई राजपूत शाजापुर, संजय खलखो अनूपपुर, प्रहलाद दलोदिया आगर मालवा तथा मोहित लाल सोनवानी पीटीएस उमरिया में पदस्थ हैं। पदोन्नत किए गए कार्यवाहक निरीक्षक उप निरीक्षक को पुलिस मुख्यालय के आदेश पर 13 जुलाई 2026 को प्रमोशन देने का आदेश जारी किया था। इसके इसके बाद यह बात सामने आई कि इन निरीक्षकों के खिलाफ दंड का प्रभाव होने या विभागीय जांच लंबित होने या आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने की स्थिति है, इसलिए इन उपनिरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर दी गई पदोन्नति निरस्त कर दी गई है। इसके अलावा जिन अन्य उपनिरीक्षको को निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई थी उनकी पदस्थापना और पदोन्नति यथावत रखी गई।

## एसडीओ और ऑडिटर को सर्किट हाउस में समारोहपूर्वक दी विदाई

**गुना।** लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राकेश शर्मा और बाबू ऑडिटर ब्रजेश शर्मा को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित समारोह में समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने दोनों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि उपयंत्री के पद पर पदस्थ हुए राकेश शर्मा आज पीडब्ल्यूडी विभाग में एसडीओ के पद से रिटायर्ड हो रहे हैं। इसी प्रकार ब्रजेश शर्मा भी ऑडिटर से रिटायर्ड हो रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय जिम्मेदारियों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया। उनके साथ काम करने के अनुभवों को साझा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यों और व्यवहार की प्रशंसा की।

# आबकारी विभाग में पदस्थ बाबू गिरराज शर्मा को दी भावभीनी विदाई

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

आबकारी विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 (एलडीसी) के पद पर सेवाएं देने वाले गिरराज शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। श्री शर्मा ने अपने सेवाकाल के दौरान विभाग में एलडीसी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया।

विदाई समारोह में जिला आवकारी अधिकारी जीपी केवट, उपनिरीक्षक राधेश्याम अटारिया, मोहनीश शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, दिनेश राठौर, ओपी शर्मा सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री शर्मा के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान और व्यवहार की सराहना की। आवकारी डीओ श्री केवट ने कहा कि उन्होंने विभागीय कार्यों को पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ निभाया और सहकर्मियों के साथ हमेशा सहयोगात्मक व्यवहार रखा। इस अवसर पर आवकारी अधिकारी केवट सहित स्टाफ ने श्री शर्मा को शॉल श्रीफल और मिठाई खिलाकर पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं ढोल नगाड़ों के साथ विदाई देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों, नाते रिश्तेदारों और परिचितों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं आनंदमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। सेवानिवृत्ति के बाद भी विभागीय साथियों ने उनसे अपने स्नेह और आत्मीयता का संबंध बनाए रखने की बात कही। विदाई से भावुक हुए गिरराज शर्मा ने भी सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग का यह कार्यकाल उनके जीवन का सबसे यादगार समय रहा है और सहकर्मियों से मिले मान-सम्मान को वे कभी नहीं भूलेंगे।

### जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृह क. 04, अब्बास तेय्यब गली बड़नगर चार मंजिल पक्का भवन जिसका निकास पूर्व दिशाा में आम रोड पर है के वास्तविक स्वामी मेरे पक्षकार अकबर अली, अब्बास अली, इलियास भाई, कासिम भाई, युनुस भाई पिता याह्या भाई आदि निवासी सुरत (गुजरात) व बड़नगर है। उक्त मकान तैय्यब अली, हैदर अली, असगर अली पिता अब्दे अली बडनगर द्वारा फर्जी विक्रयपत्र 24.12.2024 के आधार पर शाकिर हुसेन पिता शब्बीर हुसेन मिर्जा निवासी बड़नगर से क्रय नही करे न ही किसी प्रकार का व्यवहार करे। उक्त सम्पत्ति के संबंध में न्यायालय व्यवहार न्यायाधिश वरिष्ठ खण्ड, बड़नगर में प्र.क. 131/2025 दी.ए. विचाराधिन है जिसमें पेशी 02.09.2026 नियत है। दिनांक 01.09.2026

**नरेन्द्र शर्मा अभिभाषक**
**बडनगर जिला उज्जैन**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार गोदरेज फायनेंस लिमिटेड शाखा 402 चतुर्थ मंजिल खण्डेलवाल बिजनेस सेंटर 9/1 एम.जी. रोड इन्दौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/भवन/शॉप क्रमांक ए-65 थोक विक्रेता क्लॉथ मार्केट (वी.डी.क्लॉथ मार्केट) स्थित बियाबनी मोहल्ला फाजलपुरा भुमि सर्वे क्रमांक 1312 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 675 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे- 40 फीट चौडा रोड़, पश्चिम में- 20 फीट चौडा रोड़, उत्तर में- शॉप न. ए-66, दक्षिण में- शॉप न. ए-64 स्थित है। उक्त सम्पत्ति को श्यामलाल ने वसीयत पत्र क्रमांक ए3/81 दिनांक 02/01/2014 के माध्यम से अखिलेश गोयल पिता श्री श्यामलाल गोयल के हित में निष्पादित कि। तथा श्यामलाल का स्वर्गवास दिनांक 30/01/2018 को एवं अखिलेश गोयल का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उनके पुत्र अनंत जय गोयल पिता स्व. अखिलेश गोयल ने उक्त संपत्ति पर अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 659/19/7पीटी दिनांक 17/07/2019 को दर्ज करवाया। तथा अंनत जय गोयल ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु गोदरेज फायनेंस लिमिटेड इन्दौर में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर गोदरेज फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार गोदरेज फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 01/09/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीनी श्रीमती संगीता गुप्ता पति श्री राजकुमार गुप्ता, निवासी- एफ-11-12, हरिशंकर पुरम, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) व कृषक ग्राम आलमपुर उड़ाना तहसील व जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 235/1 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 235/2/2 रकबा 0.050 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 237/1 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 237/2/2 रकबा 0.080 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 238 रकबा 0.440 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 239 रकबा 0.790 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 240/1/1/2 रकबा 0.482 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 249/1 रकबा 0.150 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 249/2/2 रकबा 0.070 हेक्टर, कुल सर्वे क्रमांक संख्या 9. कुल रकबा 2.512 हेक्टर, स्थित ग्राम आलमपुर उड़ाना तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य उज्जैन / इन्दौर फोरलेन से अन्दर अन्य पक्की सड़क पर होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की है, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-01.09.2026. उज्जैन.

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8. भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मो. 9301376778**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री शुभम खण्डेलवाल पिता श्री संतोष कुमार खण्डेलवाल, निवासी-659, स्नेह नगर, इन्दौर (म.प्र.) व कृषक ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 573/2/1/1/1 रकबा 1.040 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 573/2/1/1/2 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 609/2/1/1 रकबा 0.060 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 609/2/1/2 रकबा 0.640 हेक्टर, कुल सर्वे क्रमांक संख्या 4. कुल रकबा 2.040 हेक्टर, स्थित ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य सड़क से अन्दर की ओर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-01.09.2026. उज्जैन

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मो. 9301376778**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता- थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पुराना म्यु. क्रमांक 110 पूर्व दिशा का भाग, नया म्यु. क्रमांक 110/1 अलखधाम नगर सांवेर रोड़ वार्ड न. 47 जोन न. 06 उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 111.52 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में - भवन क्रं. 09, पश्चिम में -भवन क्रमांक 110 का शेषभाग, उत्तर में- कॉलोनी का रोड़ एवं दक्षिण में- भवन क्रमांक 144 स्थित हैं। उक्त संपत्ति राधा बाई ददलानी पति स्व. श्री मोहनलाल ददलानी ने वसीयत पत्र दिनांक 17/09/2012 को सुरेश कुमार ददलानी, पुरूषोत्तम ददलानी एवं उमेश ददलानी पुत्रगण मोहनलाल ददलानी के हित में निष्पादित कि। तथा राधा बाई ददलानी का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त सपंत्ति पर सुरेश कुमार ददलानी, पुरूषोत्तम ददलानी एवं उमेश ददलानी ने अपना का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 493/26/7 पीटी दिनांक 29/03/2026 को दर्ज करवाया। तथा सुरेश कुमार ददलानी आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल स्वामी श्रीमान अब्दुल रशीद पिता स्वर्गीय अब्दुल गफुर, निवासी 16. प्रभुलाल गौड़ पथ, उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूमि नगर पालिक निगम क्रमांक 16 (पुराना म्यु, नंबर 3/978) जो कि चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, पथ क्रमांक 1, गेबी हनुमान की गली, वार्ड नं. 21, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं। उक्त भवन अब्दुल गफुर द्वारा क्रय किया गया था, जिसको श्रीमान अब्दुल रशीद ने अपने स्वर्गीय पिता अब्दुल गफुर एवं स्वर्गीय माताजी श्रीमती अख्तर बी से वैधानिक उत्तराधिकारी होने के आधार पर प्राप्त किया हैं। उक्त वर्णित संपूर्ण भवन/भूमि को मेरे पक्षकार ने मूल स्वामी से क्रय करने का तय किया है। जल्द ही उक्त संपूर्ण भवन/भूमि के दस्तावेज विक्रय अनुबंध पत्र / दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना हैं। उक्त संपूर्ण भवन/भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित संपूर्ण भवन/भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित संपूर्ण भवन/भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा किया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपूर्ण भवन / भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। दिनांक 01/09/2026, स्थान उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि भूमि सर्वे नंबर 157/4 रकबा 004180 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम भदेड़मयचक तहसील उज्जैन नगर, जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उक्त संपूर्ण भूमि जगदीश पिता श्री केशा, निवासी ग्राम भदेड़मयचक, उज्जैन म.प्र. के एकल मालिकी, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की हैं। उक्त वर्णित कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त कृषि भूमि के दस्तावेज विक्रय अनुबंध पत्र /दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना हैं। उक्त कृषि भूमि को भूमि स्वामी द्वारा दिनांक 14/08/2016 को निष्पादित एक दस्तावेज कृषि भूमि विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से 1) श्री देवेन्द्र लुनावत पिता श्री मेघराजजी, निवासी-83. न्यू अग्रवाल नगर, इन्दौर म.प्र., 2) श्री जुबेरउद्दीन पिता जहीरउद्दीनजी शेख, निवासी जामा मस्जिद के सामने, उज्जैन म0प्र0 को विक्रय की गई थी। केवल कृषि भूमि सर्वे नंबर 157/4 के संबंध में भूमि स्वामी श्री जगदीश एवं 1) श्री देवेन्द्र लुनावत 2) श्री जुबेरउद्दीन के बीच आपसी सहमति व स्वीकृति से सौदा निरस्त हो गया हैं। वर्तमान में 1) श्री देवेन्द्र लुनावत 2) श्री जुबेरउद्दीन का उक्त भूमि सर्वे नंबर 157/4 में कोई सुखाधिकार नहीं हैं। उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त वर्णित कृषि भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 10 दस दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित कृषि भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त कृषि भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 02/09/2026, स्थान: उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस**
**34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

# ई-स्कूटी विस्फोट मामले में 16 वर्षीय छात्रा की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रतलाम की विंध्यवासिनी कॉलोनी में 13 दिन पूर्व को ई-स्कूटी में हुए अचानक विस्फोट और उसके बाद घर में लगी भीषण आग में झुलसी 16 वर्षीय किशोरी (अंतिम) की मंगलवार सुबह इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में करीब 60 प्रतिशत झुलसी मृतका की मां (बिंदु कुंवर) का इलाज फिलहाल इंदौर में जारी है।

घटना 19 अगस्त की तड़के विंध्यवासिनी कॉलोनी स्थित बिंदु कुंवर के घर में घटी थी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिंदु कुंवर (36) अपनी दोनों बेटियों – विजय लक्ष्मी और अंतिम (16) के साथ कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान कमरे में रखी ई-स्कूटी (जो कि घटना से महज 10 दिन पहले ही खरीदी गई थी) में अचानक जोरदार विस्फोट हुआ और देखते ही देखते भीषण आग पूरे कमरे में फैल गई।

**प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर**

दोनों घायलों को तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार रात अंतिम की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ने पर परिजन रात करीब 1.30 बजे मां-बेटी दोनों को इंदौर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सुबह करीब 8 बजे अंतिम ने अंतिम सांस ली।

## गांव में होगा अंतिम संस्कार

कक्षा 12वीं की छात्रा अंतिम (सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल, विनोबा नगर) की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन दोपहर में शव लेकर इंदौर से रवाना हो गए। अंतिम का अंतिम संस्कार रावटी के समीप तंबोलिया गांव में किया जाएगा। आग इतनी भीषण थी कि ई-स्कूटी के साथ-साथ कमरे में रखे पंखे, कूलर और अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए, यहां तक कि कमरे की पीवीसी छत भी गर्मी से पिघल गई। घटना के बाद से ही ई-स्कूटी की गुणवत्ता और उसमें हुए विस्फोट के कारणों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## न्यूज-कॉलम

### अन्नपूर्णा न्यास पर 10 दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर प्रारम्भ

**नीमच।** समाजसेवी संगठनों एवं स्मृति स्वरूप लोगों को निरोगी रखने के लिए विभिन्न प्रकार के चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा हैद्य शारीरिक व्यायाम की कमी व भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, थकान और दर्द जैसी समस्याओं से परेशान लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा न्यास, अम्बेडकर रोड पर 1 से 10 सितंबर तक एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है । शिविर में रमेश बैरागी एवं गिरजा बैरागी द्वारा एक्यूप्रेशर के साथ सुजोक, कर्पिंग, मैग्नेट, कायरोप्रैक्टिक और दर्द निवारण थैरेपी के माध्यम से स्वास्थ्य मार्गदर्शन दिया जाएगा। तनाव, माइग्रेन, सिरदर्द, कमर व गर्दन के दर्द, जोड़ों व घुटनों के दर्द, साइटिका, स्लिप डिस्क, गैस-कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं में राहत के लिए मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही आहार, दिनचर्या और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। शिविर प्रतिदिन सुबह १० से१ बजे तक होगा।

### अवैध एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** थाना नई आबादी मंदसौर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में आरोपी नाजिश पिता महबूब खां (निवासी नयापुरा, मंदसौर) को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका साथी शाहरुख फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 190 ग्राम एमडी ड्रग्स, 3.6 किलोग्राम डोडाचूरा, एक टीवीएस अपाचे मोटर साइकिल और तीन महंगे मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त मश्रूका की कुल कीमत काफी अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### मैडॉक रेस्टोरेंट पर प्रशासन का छापा

**मंदसौर।** कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने शहर स्थित मैडॉक रेस्टोरेंट पर औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा के तहत कड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट से एक्सपायरी डेट के सॉस, कॉफी पाउडर सहित कई अन्य खाद्य पदार्थ पाए गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान स्वच्छता में कमी और गलत ब्रांडिंग जैसी कई गंभीर अनियमितताएं भी सामने आईं। टीम ने अमानक खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे हैं तथा मौके पर पंचनामा बनाकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस छापामार कार्रवाई में एसडीएम शुभम पाटीदार, सीएमएचओ डॉ. आर.के. द्विवेदी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री जादौन, तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल एवं नायब तहसीलदार अभिषेक चौरसिया शामिल रहे।

### श्री वैष्णव और श्री फरक्या विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**मंदसौर।** मंदसौर विधानसभा के विधायक विपिन जैन ने शिक्षा विभाग में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। विधायक द्वारा जारी घोषणा के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग में महंत एन.डी. वैष्णव को तथा उच्च शिक्षा विभाग में राजेश फरक्या को अपना प्रतिनिधि बनाया गया है। महंत एन.डी. वैष्णव शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी एवं कांग्रेस कमेटी मंदसौर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं।

### दुकान के सामने शराब पीने से रोका तो ईट से किया हमला

**नीमच।** शहर के उपनगर ग्वालटोली नाके पर चाय की दुकान वाले लालाराम ग्वाला की चाय दुकान के बाहर शराब पीने से रोकने पर ईद से हमला करने की घटना हुई ग्वालटोली नाके पर बालाजी टी स्टॉल के बाहर हुआ विवाद मे लालाराम ग्वाला 45 वर्ष को ईट सर में गंभीर चोट लग गईद्य जिसके बाद उपचार के दौरान अस्पताल में अगले दिन उनकी मौत हो गई । दुकानदार लालाराम विवाद के दौरान आरोपी कैलाश ने ईंट से उनके सिर पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से लालाराम मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े।

# संस्कृत केवल कर्मकांड की भाषा नहीं, विज्ञान और ज्ञान की भी भाषा है

## पी.जी. कॉलेज में संस्कृत महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की ज्ञान, संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की समृद्ध विरासत है। संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ आधुनिक तकनीक से इसका समन्वय आवश्यक है। संस्कृत के विद्यार्थियों और विद्वानों को कंप्यूटर एवं आधुनिक तकनीकी ज्ञान से भी जुड़ना चाहिए। यह विचार आचार्य विष्णु प्रसाद ज्ञानी ने शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, मंदसौर में संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित संस्कृत महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि संस्कृत के सुभाषित विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्राध्यापक ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के लिए संस्कृत आवश्यक है।

संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. के. आर. सूर्यवंशी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एम.ए. संस्कृत की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कृष्णा शर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले गणेश उपाध्याय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कारपेंटर को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा ने संस्कृत को भारत की आत्मा और वसुधैव कुटुम्बकम् की वाहक बताया।

कार्यक्रम में छात्र देवांश मालवीय ने संगीतमय प्रस्तुति दी। संचालन डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया एवं आभार डॉ. पंकज शर्मा ने माना।




# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 15 मेडल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

मुरैना जिले में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9 गोल्ड और ६ सिल्वर मेडल अपने नाम किए हैं। जिला स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव गगन कुरील ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में शताक्षी ग्वाला, प्रशस्ति सिंह, मुनमुन चंद्रावत, रिद्धिमा कुंवर, तृषा कॉलारा, जागृति माली, युवी कोठारी, निशि पालीवाल एवं यशवंत कलमोदिया शामिल हैं। वहीं विनय गंधर्व, राजवीर सिंह, लक्ष्यराज सिंह, वेदांश पाटीदार, नैतिक राज सिंह और हिमांशी दुबे ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम लश्करी, जिला स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भाटी, शा. कन्या उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य राजेश रत्नावत व खेल अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## श्री णमोकार महामंत्र साधना केन्द्र के शांतिलाल बड़जात्या पुनः अध्यक्ष बने



**मंदसौर।** श्री णमोकार महामंत्र साधना केन्द्र बही पार्श्वनाथ ट्रस्ट के त्रैवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अभिभाषक नरेंद्रकुमार गांधी, अभिभाषक नवीन कोठारी, संजय जैन गंगवाल व उनकी टीम द्वारा सम्पन्न कराये। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष पद पर पुनः शांतिलाल बड़जात्या व सचिव पद पर अशोक पाटनी मनोनीत हुए। उपाध्यक्ष पद पर जम्बूकुमार जैन व मनीष सेठी, सहसचिव कमल विनायक, कोषाध्यक्ष सनतकुमार सेठी तथा सहकोषाध्यक्ष अरुणकुमार हरसोला चुने गए। इसके साथ ही श्रीपाल गांधी, प्रदीप गांधी, शिखरचन्द जैन (गांधी), कमलेश गोयल, सुनील गोयल, रमेशचन्द्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अजय बाकलीवाल, डॉ. चंदा भरत कोठारी सहित 23 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समिति सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया तथा विगत एक माह से चल रही चुनाव प्रक्रिया के सफल समापन पर ट्रस्ट कमेटी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 82 आवेदकों की समस्याएं

**मन्दसौर।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश जारी किए गए। ग्राम गुराडियालालमुहा निवासी भेरूलाल ने हाईटेंशन विद्युत लाईन को मकान के उपर से हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एमपीईबी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बाजखेड़ी निवासी सुगनबाई ने कृषि भुमि की नपती एवं सीमांकन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार कयामपुर को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी दुर्गेश ने अवैध होर्डिंग्स के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर नगर पालिका सीएमओ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में आरसीसी का निर्माण करवाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने, सिलिकोसिस बीमारी की राशि बढ़ाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

# नव नियुक्त 8 एल्डरमेन ने ली पद की शपथ

## कलेक्टर ने दिलाई शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



नव नियुक्त एल्डरमेन (मनोनित पार्षद) मंगल लोढ़ा, राकेश परमार, श्रीमती पुजा बोहरा, दिनेश मिश्रा (राकेश मिश्रा), हेमन्त राहौरी प्रभु नेका, गोपाल शर्मा व नारायण सांकला को जिला कलेक्टर अजय कटेसरिया ने नगर निगम सभागृह में एल्डरमेन (नाम निर्दिष्ट पार्षद) पद की शपथ दिलाई।

जिला कलेक्टर अजय कटेसरिया का स्वागत निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, निगम आयुक्त अनिल भाना आदि ने पुष्प गुच्छ से किया इसके पश्चात नव नियुक्त 8 एल्डरमेन (नाम निर्दिष्ट पार्षद) ने पद की शपथ ली तत पश्चात सभी एल्डरमेन च्च्नाम निर्दिष्ट पार्षदज्ज का पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया गया।

इस अवसर पर रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविन्द काकानी, प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, उपाध्यक्ष सोनू यादव, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, राजेन्द्र पाटीदार, मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर, निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, श्रीमती सोना शर्मा, अनुज शर्मा, जनक नागल, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद दल सचेतक हितेश कामरेड़, रत्नदीपसिंह राठौर, रणजीत टांक, परमानन्द योगी, करण कैथवास, योगेश पापटवाल, श्रीमती हीना मेहता, श्रीमती शबाना के अलावा विवेक शर्मा, दिव्या चंदन शर्मा, पूर्व पार्षद अशोक यादव, सुदीप पटेल, पूर्व एल्डरमेन नितिन लोढ़ा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश माहेश्वरी, गौरव त्रिपाठी, हेमराज वसावा, राजेन्द्र चौहान आदि उपस्थित थे।

# डंपर की टक्कर से बाईक सवार युवक की हुई मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले के कुकडेश्वर थाना क्षेत्र के हनुमंतिया रोड पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।एक डंपर ने युवक को टक्कर मार दी जिससे कैलाश पिता केशुराम रावत, निवासी मगरदा थाना रामपुरा की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। दुर्घटना मे युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजन शव लेकर ग्राम मजीरिया पहुंचे और नीमच झालावाड़ स्टेट हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते मार्ग पर वाहूनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बंद हो गया। जिन्होंने मुआवजा और नौकरी की मांग-हादसे से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण युवक के परिवार को

25 लाख रुपए मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़ गए । परिवार के भविष्य को देखते हुए प्रशासन और संबंधित पक्ष से उचित आर्थिक सहायता तथा रोजगार की मांग की गई। एसडीएम-एसडीओपी ने संभाला मोर्चा, 5 लाख देने की सहमति व समझौते के बाद जाम खुला हाईवे जाम की किरण आंजना और मनासा एसडीओपी शाबेरा अंसारी और स्थिति को मौके पर पहुंचीं। दोनों अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी मांगों को सुना।

# पालसोड़ा स्कूल में 44 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच/पालसोड़ा



ग्राम पालसोड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार तथा विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष किशोर दास बैरागी, महामंत्री जगदीश परमार एवं सरपंच प्रतिनिधि रामनारायण गुड्डू जाट रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। शासन की योजना के तहत विद्यालय की 44 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के गांवों से विद्यालय आने वाली छात्राओं को सुविधा मिलेगी और उनकी शिक्षा में आने वाली बाधाएं कम होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन करें।

विधायक परिहार ने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साइकिल स्टैंड निर्माण के लिए विधायक निधि से 1 लाख की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि साइकिलों को सुरक्षित रखने के लिए स्टैंड बनने से छात्राओं को सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में प्राचार्य सत्यनारायण बैरागी, उप सरपंच शान्तिलाल पप्पू पाटीदार, डॉ. नरेंद्र शर्मा, पंडित घनश्याम शास्त्री, अर्जुन जाट, राजेंद्र सिंह चौहान, मुकेश कच्छावा, नंदकिशोर पोरवाल, अनिल राठौर, सत्यनारायण पाटीदार, समरथ सेन, सत्यनारायण सेन, सुनील पुष्करणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन व्यास एवं सत्यनारायण राठौर ने किया। आभार शिक्षिका ज्योति शर्मा ने व्यक्त किया।

## न्यूज कालम



### रामबाग के राजा श्री गणेश का पंडाल श्री जगन्नाथ मंदिर की थीम पर सजेगा

**जावरा ।** नगर के रामबाग मैदान पर गणेशोत्सव 13वें वर्ष के लिए रामबाग के राजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष संस्था कर्तव्य द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है। संस्था इस वर्ष ब्रह्मांड के स्वामी भगवान श्री विष्णु के अवतार श्री जगन्नाथ के मंदिर रूपी भव्य पंडाल का निर्माण करने जा रही है।, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भगवान श्री गणेश के रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। इसी कड़ी में रविवार को रामबाग मैदान पर श्री गणेश पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन समारोह में मुख्य रूप से संत श्री नमन वैष्णव राजेंद्र राठौड़, एडवोकेट आई.पी. त्रिवेदी, अश्विन शर्मा,आलोक मोदी सहित संस्था के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। मंत्रोच्चार के साथ पंडाल निर्माण की विधिवत शुरूआत की गई। संस्था कर्तव्य ने सभी धर्मप्रेमी नगरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारे ।

### अ.भा. राठौर महासभा के मुकेश भाटी बने राष्ट्रीय संगठन मंत्री



**जावरा ।** अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष राम विलास राठौर महामंत्री राजेंद्र भदौरिया ने राठौर समाज के पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश भाटी( एडवोकेट) को अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया। भाटी के मनोनयन पर समाज जनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारीयो का आभार व्यक्त कर भाटी को बधाई दी ।राठौर मित्र मंडल एवं समाज जनों ने भाटी के मनोनीत होने पर श्री सत्यनारायण मंदिर पर दुपट्टा वह पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर सम्मान किया । इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष महेश राठौर, जगदीश सोलंकी, दिनेश राठौर, सुनील राठौर, बद्रीलाल चौहान पत्रकार, रमेश चंद सोलंकी ,राजेश राठौर, संजय गहलोत योगेश भाटी ,प्रेम राठौर ,पवन परमार, आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### श्री भागवत कथा होंगी, कलश यात्रा के पश्चात परशुराम धाम पर होगा आयोजन

**नीमच।** सामाजिक सद्भाव व समरसता के उद्देश्य से सर्वं ब्राह्मण समाज द्वारा 1 सितंबर को फव्वारा चौक स्थित महर्षि वाल्मिकी प्रतिमा चौराहे से पंचवटी स्थित बड़े वाले परशुराम धाम तक विप्र महिला मोर्चा द्वारा एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई । सात दिवसीय भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति की कलश यात्रा नया बाजार, घण्टाघर, तिलक मार्ग, अग्रसेन वाटिका होते हुए पंचवटी कालोनी स्थित बड़े वाले परशुराम धाम तक पहुंची जहाँ अब भागवत कथा का दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा । कथा का संत श्री रामभद्राचार्य जी कि शिष्य व बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र शास्त्री जी के गुरूभाई पं. श्री रोहित जी नागर सुमधुर व कर्ण प्रिय वाणी से इसका वाचन करेंगे। इस कथा के आयोजन नदी से अधिक धर्म प्रेमी जनता को पहुंचाने की अपील आयोजक मंडल द्वारा की गई है।

### कुं. रणजीतसिंह ने पैदल यात्रियों के लिए चल रहे राम रसोड़ा में की सेवा



पिपलिया मंडी। दिनांक 1 सितंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी शहर के नेशनल हाईवे पर बाबा रामदेव पैदल यात्रियों को भोजन, चाय, नाश्ता, दवाई, गोली से निमित्त चल रहे राम रसोडे में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों माता बहनों एवं बुजुर्गों की सेवा करते हुए सभी यात्रियों को अपने हाथों से खाना परोसते हुए धर्म लाभ लिया। बीमार एवं थके हुए यात्रियों से विश्राम करने हेतु निवेदन किया एवं सभी यात्रियों के सकुशल गृह वापसी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और यात्रियों को इस प्रकार के धार्मिक यात्राओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। राम रसोडे में कार्य कर रही समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस प्रकार के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने हेतु अपील की।

### महारानी लक्ष्मीबाई सांदीपनि विद्यालय में पिट्ठू प्रतियोगिता आयोजित




**मंदसौर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई सांदीपनि विद्यालय एवं मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक खेल पिट्ठू (सितोलिया) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को याद करते हुए खिलाड़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पारंपरिक खेल बच्चों में शारीरिक दक्षता और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश रत्नावत ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में सुरेश बोराना एवं गगन कुरील उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव ने किया तथा आभार सुरेश बोराना ने व्यक्त किया।



## भादौ माह की प्रथम सवारी नगर में धूमधाम से निकली

**खाचरोद।** नगर के प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर भादौ माह के सोमवार भक्तों का पूजन अभीषेक का ताता लग गया। प्रातः से ही श्रद्धालु अधिक संख्या में भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया गया। भादौ की प्रथम सवारी पर भगवान श्री नीलकंठ को इन्द्रधनुषी पाग से अलकृत किया गया। चांदी की प्रतिमा स्वरूप को चंद्र ओर नाग को आकर्षक रूप से सजाया गया। भक्तों द्वारा पालकी को विद्युत श्रृंगार किया गया। सवारी डोल डीजे के साथ ध्वज , आकर्षक पात्र स्वरूप राधा कृष्ण पालना में जुलते हुवे साथ ही काल भैरव का स्वरूप, आदि से सज धज के निकले। सवारी का पूजन आरती के पश्चात मंदिर परिसर से निकली। सवारी मार्ग के परंपरागत रूट से निकली। सभी स्थानों पर सवारी का पूजन आरती प्रसादी वितरण किया गया।

## वरिष्ठ शिक्षाविद पंडित बालकृष्ण शर्मा का निधन



**जगोटी।** जगोटी के वरिष्ठ शिक्षाविद पंडित बालकृष्ण शर्मा का निधन एक ऐसे जीवन काल का अवसान हैं जिनका लंबे जीवन ज्ञान, अध्यात्म, शिक्षा को समर्पित रहा। मुखाग्नि पुत्र पंडित अशोक शर्मा, पत्रकार विश्वास शर्मा व अनंत शर्मा ने दी। यहां आयोजित शोकसभा की अध्यक्षता करते हुए पुरातत्व विद डा आर सी ठाकुर ने कहा दिवंगत शिक्षाविद शर्मा जी ज्ञान, अध्यात्म व शिक्षा के भंडार थे जिन्होंने अपने जीवन में मिलने वाले लोगों को अच्छी सीख दी। शोक सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह गुर, गुजरगोड ब्राह्मण समाज के ट्रस्टी राजेश शर्मा, एवं वरिष्ठजनों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का उत्साह से शुभारंभ



**महिदपुर रोड।** ग्राम खारोल खेड़ा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा की शुरूआत सोमवार से हुई । श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन गांव में शोभायात्रा गंगाजल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की यजमान श्रीमद् भागवत महापुराण पोथी को सिर पर धारण कर गांव में निकले कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण जोशी (लसूडिया मंसूर) ने भक्ति प्रसंग गोकर्ण एवं ढूंढकारी की कथा पर प्रकाश डाला भागवत कथा के प्रथम दिवस की कथा के समापन के उपरांत प्रथम दिवस की कथा के यजमान हीरालाल चौहान व उनके परिजनों ने भागवत कथा पोती की आरती की महाप्रसादी एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

## पंचायत सचिव शर्मा का सेवानिवृति पर किया स्वागत



**महिदपुर रोड।** ग्राम पंचायत बावल्या में पदस्थ सचिव किशोरीलाल शर्मा के सेवा निवृत होने पर सोमवार को ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में किशोरी लाल शर्मा को ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच नारायण सिंह ने द्वारा साफा बांध कर पुष्प माला पहना कर स्वागत किया सरपंच शंभुलाल शर्मा ने फोटो फ्रेम भेट की सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा पन्नालाल कुमावत, सचिव टीकमसिंह जयराम कुमावत, विक्रम लाल ,सहायक सचिव लखन राठौर,दातार सिंह राठौर उप सरपंच कैलाश नवलसिंह, नरेंद्र सिंह ,दिलीप सिंह , मुकेश, पूर्व सरपंच शंभू सिंह शिक्षक जगदीश परमार शिक्षिका पूजा , गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दुधली में प्रधानमंत्री सड़क पर अतिक्रमण प्रशासन ने कार्रवाई का दिया भरोसा

# सड़क पर ईंट, गिट्टी, मुरम के ढेर, आधी सड़क पर खड़े निजी वाहन राहगीरों के लिए बने खतरा

## अब प्रशासन ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाने का दिया भरोसा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी

तराना ग्राम पंचायत दुधली में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर जगह-जगह अतिक्रमण का मामला सामने आया है। सड़क की सीमा से लगातार निर्माण सामग्री रखे जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे ईंट, गिट्टी, मुरम और पत्थरों के ढेर लगे हुए हैं, वहीं कई स्थानों पर निजी वाहन भी आधी सड़क तक खड़े किए जा रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर निर्माण सामग्री रखे जाने और वाहनों के खड़े रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर सड़क संकरी होने के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।



मामले में नायब तहसीलदार टीना मालवीय ने कार्रवाई का भरोसा देते हुए कहा कि मौके का निरीक्षण किया जाएगा। यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो जेसीबी के माध्यम से उसे हटाया जाएगा। पंचायत भी अतिक्रमण हटाने में पूरा सहयोग करेगी।

वहीं एसडीएम अनिरुद्ध मिश्रा ने संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

तराना जनपद सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क का अतिक्रमण हटाना संबंधित विभाग का कार्य है। विभाग को आवश्यक जानकारी दी गई है और यदि आबादी क्षेत्र में किसी प्रकार का अतिक्रमण है तो कार्रवाई के लिए विभाग तैयार है।

ग्राम पंचायत दुधली की ओर से कहा गया कि जल्द अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पंचायत ने कहा कि संबंधित अधिकारियों के आवश्यक सहयोग मिलने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में पूरा सहयोग किया जाएगा।

वास्तविक सीमा का निरीक्षण एवं सीमांकन कर यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे नियमानुसार हटाना आवश्यक होगा, ताकि सड़क पर आवागमन सुचारू रहे और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति न बने। अब देखना होगा कि अधिकारियों के आश्वासन के बाद जेसीबी वास्तव में कब पहुंचती है और दुधली की प्रधानमंत्री सड़क को अतिक्रमण से कब मुक्त कराया जाता है।

**अब आश्वासन के बाद कार्रवाई का इंतजार**

पूर्व में आवेदन दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटने के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत की ओर से कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों की नजर अब मौके के निरीक्षण और जेसीबी कार्रवाई पर टिकी है।

**विधायक परमार भी मामले में करेंगे हस्तक्षेप**

तराना विधायक महेश परमार ने कहा कि वे तहसीलदार एवं एसडीएम को फोन लगाकर मामले की जानकारी देंगे। उनका कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण नहीं रहना चाहिए। विधायक महेश परमार ने भी मामले को गंभीर बताते हुए तहसीलदार एवं एसडीएम को जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।



### हर्षोल्लास से निकली अतीप्राचीन

# श्री नीलकंठेश्वर महादेव की आखरी सवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बिछड़ौद

नगर के प्रमुख शिव मंदिरों पर सुबह 6 बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सावन माह के साथ-साथ भादौ माह में भी श्रद्धालुओं की शिवजी के प्रति अलग ही आस्था से सराबोर नजर आए। श्रद्धालु बड़ी शांति और सद्भावना के साथ शिव प्रतिमाओं के दर्शन- पूजन कर घर- परिवार में सुख- समृद्धि की कामना करते हुए नजर आए। नगर में शिवालय स्थित अतीप्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुबह 6 बजे से ही गांव के सैंकड़ों भक्तों की भीड़ लगी। सर्वप्रथम पं. नवीन शर्मा आदि ने श्री नीलकंठेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया। तत्पश्चात नगर के शिव भक्तों ने बड़ी शांति और सद्भावना के साथ श्री नीलकंठेश्वर महादेव का दर्शन- पूजन किया। दोपहर 3 बजे शिवालय स्थित मंदिर परिसर से श्री नीलकंठेश्वर महादेव की शाही और आखरी सवारी बड़े हर्षोल्लास के साथ डीजे की धून पर निकाली गई। जिसमें श्री नीलकंठेश्वर महादेव ने पालकी में सवार होकर संपूर्ण नगर भ्रमण किया। सवारी में नगर सहित आस- पास के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई सवारी का गांव में जगह- जगह कई संगठनों, युवा मंडलियों के साथ ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर तो महिलाओं ने पूजा- अर्चना करते हुए सवारी का स्वागत किया। सवारी में शिव की झांकी भी आकर्षक का केंद्र रही। श्रीशिव-पार्वती, हनुमानजी एवं सिंह के रूप धारण बच्चों ने ग्रामीणों का मन मोहा। सवारी में ग्रामीण और युवा झांझ- मजीरा, डमरू आदि बजाते हुए तो झुमते- गाते हुए और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चले। सवारी में श्रद्धालुओं को कैशरिया दूध, खिचड़ी इत्यादि का प्रसाद भी वितरण किया। सवारी गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस शिवालय स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची। जहां विधि- विधान पूर्वक समापन पूजा- अर्चना पं. नवीन शर्मा ने संपन्न करवाई। समापन पर महाआरती के बाद महाप्रसादी बांटी।

### जिलाबदर उल्लंघन का आरोपी गिरफ्तार

# शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना

जिला बदर आरोपियों की सतत एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले व हुडदंग करने वाले व्यक्तियो तथा आसामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि एक जिला बदर व्यक्ति तराना में घुम रहा है । टीआई राम नारायण भदौरिया ने बताया कि मुखबिर सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा थाना तराना पर गुण्डा सूची में शामिल गुण्डा जगदीश पिता भीमाजी मोगिया 45 साल नि. ग्राम देवली के विरूद्ध थाना तराना पर कुल पूर्व के 11 अपराध पंजीबद्ध हैं एवं वर्ष 2025 में भी आरोपी द्वारा एक अपराध घटित किया गया। आरोपी जगदीश की आपराधिक गतिविधि रोकने हेतु आरोपी के विरूद्ध जिलाबदर तैयार कर कलेक्टर उज्जैन को भेजा गया था।

प्रकरण में 06.07.2026 को आरोपी को 06 माह हेतु जिलाबदर किया गया था। जिलाबदर अवधी के दौरान आरोपी जगदीश द्वारा जिला उज्जैन व सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, धार एवं आगर मालवी की राजस्व सीमा में प्रेवश वर्जित होने के उपरांत भी तराना में प्रवेश कर जिलाबदर का उल्लंघन किया गया। आरोपी द्वारा जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर थाना तराना पर आरोपी जगदीश पिता भीमाजी मोगिया 45 साल नि. ग्राम देवली के विरूद्ध राज्य सूरक्षा अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया । आरोपी को अपराध में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

वही की वाहन चेकिंग के दौरान हाईवे रोजवास टोल के पास तराना पर एक ट्रक का चालक शराब के नशे में हाईवे से जा रहे थे।नाम पता पुछते उसने अपना गजेन्द्र पिता तुकाराम भिलाला उम्र 26 साल नि. कुक्षी तहसील मनावर जिला धार का बताया । मेडिकल परिक्षण कराया , मेडीकल रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा अनावेदक गजेन्द्र को शराब पीना उल्लेख किया है । शराब पीकर वाहन चलाने से अनावेदक गजेन्द्र के विरुद्ध इस्तगासा की कार्यवाही की गयी । 30 अगस्त को रात्रि 9 बजे बजे वाहन चेकिंग के दौरान तोबरीखेडा रोड तराना पर चेकिंग के दौरान दो मोटरसायकल चालक शराब के नशे में तोबरीखेडा रोड से जा रहे थे जो इतना मदहोश थे कि वह अपने आपको संभालकर वाहन चलाने में असमर्थ हो रहे थे।

## राजस्व कार्यालय में लगे बगीचे व सौंदर्यीकरण से स्वरूप बदला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर




अधिकारियों की इच्छाशक्ति व कुछ कर दिखाने के हौसले से ही कई कार्य अपने आप मूर्तरूप लेने लगते हैं ऐसा ही काम महिदपुर के अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे व तहसीलदार संतुष्टि पाल ने कर दिखाया। वर्षों से तहसील कार्यालय के बाहर मैदान को व्यवस्थित कर तहसील भवन के सामने झंडा वंदन स्थल व आसपास जाली से फेन्सींग कर क्यारियों में फूल पत्तीया के पौधे लगाकर मैदान को पेवर्स लगा कर आकर्षित बना दिया और आगंतुको को बैठने के लिये आरामदायक कुरसिया लगवा दी साथ ही शहीद तहसीलदार स्मारक को भी आकर्षक रूप दिया। तहसीलदार व एस डी ओ कार्यालय के प्रांगण में भी बगीचा में आकर्षक पौधे लगाकर पर्यावरण के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का प्रेरणादायी कार्य किया। स्मरण रहे महिदपुर न्यायालय परिसर में 5-6 वर्ष पूर्व जो बगीचा लगाकर न्यायालय प्रांगण में आने वाले व्यक्तियों को कुछ पल बगीचे में बिताने की उत्सुकता बढ़ा रहे हैं। बाहर से आने वाले पक्षकार व अभिभाषक गण इसकी प्रशंसा करने से नहीं चुकते हैं।

### 50 जोड़ों ने लिया धर्म लाभ, भव्य चल समारोह और प्रसादी का हुआ आयोजन

# मेवाड़ा माली समाज का सामूहिक (कज्जली) कजरी तीज व्रत उद्यापन महोत्सव संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

श्री मेवाड़ा माली समाज ट्रस्ट, बड़नगर के तत्वावधान में भादवा सुदी तीज के पावन अवसर पर भव्य एवं ऐतिहासिक सामूहिक (कज्जली) कजरी तीज व्रत उद्यापन महोत्सव पूर्ण धार्मिक विधि-विधान, अपार श्रद्धा और जन-उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर समाज के लगभग 50 भाग्यशाली जोड़ों ने एक साथ सम्मिलित होकर सामूहिक व्रत उद्यापन का धर्म लाभ अर्जित किया।



आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष नारायण खट्टिया ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ प्रातः 8 बजे मेवाड़ा माली मंदिर से भव्य चल समारोह के साथ हुआ। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयकारों के साथ निकला यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नदी घाट पहुँचा, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान पूर्वक सामूहिक पूजन एवं अर्चन संपन्न कराया गया।

इस सामूहिक धार्मिक अनुष्ठान में बड़नगर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों (रतलाम, इंदौर, जावरा, गौतमपुरा, राजगढ़, कजलाना, चेचट-राजस्थान आदि) से आए 50 से अधिक जोड़ों ने पूर्ण निष्ठा और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ व्रत का सामूहिक उद्यापन किया।

नदी घाट पर पूजन संपन्न होने के पश्चात प्रातः 11:00 बजे से श्री मेवाड़ा माली धर्मशाला (बड़नगर) में विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं, वरिष्ठ जनों व मातृशक्ति ने सहभोज का आनंद लिया। समाज द्वारा फिजूलखर्ची रोकने व सादगी को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए नियमों (जैसे सीमित पत्रिकाएं, सादगीपूर्ण व्यवहार) का भी सभी सदस्यों ने पूरी निष्ठा से पालन किया।

सफल आयोजन के उपरांत मेवाड़ा माली समाज ट्रस्ट की कार्यकारिणी ने सभी व्रत उद्यापनकर्ता परिवारों, दानदाताओं, समाज के प्रबुद्ध जनों का सहृदय आभार व्यक्त किया।

**सहयोगी संगठन रहे सक्रिय**

महोत्सव को सफल बनाने में मेवाड़ा माली समाज नवयुवक मण्डल एवं मेवाड़ा माली समाज महिला मण्डल (बड़नगर) के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं में अपनी सक्रिय और सराहनीय सेवाएं प्रदान कीं।



## पौधारोपण के साथ नशामुक्ति और स्वच्छता की दिलाई शपथ, विद्यार्थियों को वितरित की पुस्तकें

**सुसनेर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों से शैक्षणिक संवाद किया तथा नए सत्र के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पूर्व सरपंच एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सूर्यवंशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, विकासखंड समन्वयक सत्यनारायण सोनी, परामर्शदाता कैलाश विश्वकर्मा एवं ज्योति बैरागी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और नशामुक्ति के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को लेकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।

## मार्निंग वाक ग्रुप के मिलन समारोह एवं समाज सेवियों का सम्मान



**खाचरोद।** मार्निग वाक ग्रूप खाचरौद का मिलन समारौह एव नगर के समाजसेवियो का सम्मान स्थानिय द्राक्ष परिसर पर उत्साहपुर्वक वातावरण मे सभी सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । इस समारौह मे नगर के समाजसेवी राजेन्द्र चौहान का पर्यावरण की रक्षा मे अपने अमूल्य यौगदान के लिये, ओमप्रकाश सेकवाडिया का बिजनेस लिडरशिप अर्वाड 2026 जो दिल्ली मे प्रदान किया गया तथा महेश शर्मा बबलु भैया जो वर्षभर निःशुल्क औषधीय ज्युस आम जनता को उपलब्ध कराते है। का सम्मान शाल श्रीफल से अध्यक्ष श्री विजय जी बरडिया, संरक्षक संजय मेहता, राजेन्द्र रावल, सचिव संतोष बामता, कोषाध्यक्ष रितेश जी बूपक्या द्वारा किया गया। संचालन महेश माली ने किया तथा आभार संतोष बामता ने किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी सदस्यों का सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## संकट चतुर्थी व्रत रख महिलाओं ने मांगा अखंड सौभाग्य



बड़नगर। प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में सोमवार को महिलाओं ने संकट चतुर्थी व्रत रखकर भगवान गणेश और चौथ माता की पूजा कर कथा सुनी। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इसको बहुला चौथ भी कहते हैं। भगवान श्री कृष्ण की गायों में एक गाय का नाम बहुला था। वह गाय श्री कृष्ण को बहुत प्यारी थी। चौथ के दिन श्री कृष्ण और गाय, बछड़े की पूजा करने से बच्चों की लंबी उम्र एवं सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। महिलाओं ने चंद्रोदय होने पर चंद्रमा की पूजाकर अपने पति के लिए अखंड सौभाग्य का वर मांगा।

## सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर को मानव सेवा के लिए किया सम्मानित



**उन्हेल।** सर सय्यद एहमद वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन के तत्वाधान में छात्र छात्राओं ओर सामाजिक संस्थानों का 41 वाँ राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन इंपीरियल होटल ,इंदौर रोड , उज्जैन में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता इंदौर के रिटायर्ड जज शमीम एहमद ओर मुख्य अतिथि जिला फॉरेंसिक ऑफिसर भोपाल डॉ प्रीति गायकवाड मेम ,विशेष अतिथि कोलारस के जेल अधीक्षक डॉक्टर फहीम खान ,मोटिवेशनल स्पीकर आदिल सईद इंदौर और शिक्षाविद सैयद मकसूद अली देवास आदि ने समारोह को संबोधित करते हुवे संस्था के कार्यो की सराहना की। समारोह में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबीद अली मीर ओर कनवीनर इकबाल उस्मानी आदि ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी बगैर सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव के विगत 41 सालों से सर्वसमाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करती आ रही है। कार्यक्रम को दो चरणों मे आयोजित किया गया पहले चरण में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं और दूसरे चरण में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओ को सम्मानित करके अवार्ड दिया गया।



# राइस वाटर चेहरे पर लगाने के फायदे


## स्किन टाइप के अनुसार कैसे करें इस्तेमाल...

आजकल कोरियन स्किन केयर रूटीन काफी चर्चा में है। इसका एक जरूरी इंग्रीडिएंट है राइस वॉटर यानी चावल का पानी। आज हम जानेंगे कि चेहरे पर चावल का पानी कब और कैसे लगा सकते हैं?

**कोरियन स्किन केयर रूटीन आजकल ट्रेंड में है। इसके कुछ जरूरी इंग्रोडिएंट्स हैं जिसका इस्तेमाल इसके हर प्रोडक्ट में होता है जैसे स्नेल म्यूसिन, जिनसेंग, ग्रीन टी और राइस वॉटर यानी चावल का पानी। आज हम बात सिर्फ राइस वॉटर की करेंगे कि कैसे इसका इस्तेमाल स्किन को कई समस्याओं से बचा सकता है? साथ ही हम जानेंगे कि आपके स्किन टाइप के अनुसार आप चावल के पानी का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। इसके अलावा इसके फायदे क्या हैं?**

राइस वॉटर एमिनो एसिड से भरपूर है। इसमें विटामिन बी, ई और कुछ खास एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कि स्किन को हाइड्रेट करतें है और यही कोरियन ब्यूटी का सीक्रेट हैं। राइस वॉटर स्किन को हाइड्रेट करता है और इसके एमियो एसिड स्किन में जाकर हीलिंग का काम करते हैं। ये स्किन को सॉफ्ट करने के साथ सेल रिपेयर में मददगार है जिससे चेहरा साफ और सुंदर नजर आता है। इसके अलावा राइस वॉटर में

फेरुलिक एसिड मिलता है जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो नुकसानदायक फ्री रेडिकल्स को बेअसर करता है, उम्र बढ़ने के लक्षणों को धीमा करता है और स्किन की चमक बढ़ाता है। राइस वॉटर का विटामिन सी मेलेनिन को कम करने और बैलेंस करने में मदद करता है जिससे डार्क स्पॉट्स में कमी आती है और पिग्मेंटेशन में कमी आती है। चावल के पानी में इनोसिटोल जैसे कंपाउंड होते हैं जो कोशिका मरम्मत को बढ़ावा देते हैं, त्वचा की लोच बढ़ाते हैं और महीन रेखाओं को कम करते हैं। चावल का एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है जो चेहरे की रेडनेस, जलन और सनबर्न को शांत करता है।



### सेंसिटिव स्किन के लिए राइस वॉटर

सेंसिटिव स्किन के लिए आपको राइस वॉटर बनाना है तो सबसे पहले 2 कप पानी में 1 कप चावल 1 घंटे के लिए भिगोकर छोड़ दें। इस पानी को छान लें और इसे चेहरे पर लगाएं। इसमें आपको इसे ऐसे ही लगाना है और फिर ठंडे पानी से चेहरा साफ कर लें। इससे स्किन अंदर से हेल्दी रहेगी और पीएच भी बैलेंस रहेगा।

### ऑयली स्किन के लिए राइस वॉटर

ऑयली स्किन के लिए राइस वॉटर को आप पके हुए चावल के पानी से बनाएं और इसे रातभर रखकर सुबह इसका इस्तेमाल करें। तो आपको करना ये है कि रात में चावल को पानी में पकाएं और इस पानी को छानकर रख लें। सुबह इसमें से 2 चम्मच चावल का पानी लें और इसमें टी ट्री ऑयल मिला लें। इसे कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें। टी ट्री ऑयल मिलाकर राइस वॉटर इस्तेमाल करने से चेहरे के ऑयल को कंट्रोल करने के साथ एक्ने कम करने में मदद मिलती है। इससे सीबम का उत्पादन कम होता है और एक्ने के बैक्टीरिया कम होते हैं और एक्ने की समस्या कम होती है।

### ड्राई स्किन के लिए राइस वॉटर

ड्राई स्किन के लिए आप राइस वॉटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको करना ये है कि चावल को थोड़ा ज्यादा पकाएं और इसका पानी निकालकर रख लें। इस गाढ़े पानी में शहद और विटामिन ई मिला लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और स्किन को ड्राई होने दें। अब लगभग 20 मिनट के बाद चेहरा वॉश कर लें। इस प्रकार से ड्राई स्किन के लिए राइस वॉटर का इस्तेमाल करना स्किन के लिए फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, चावल का गाढ़ा पानी स्किन में नमी को लॉक करता है जो ड्राई स्किन को जरूरत होती है और शहद और विटामिन ई स्किन को मॉइस्चराइज करते हैं। इससे स्किन की नमी बनी रहती है और स्किन हेल्दी रहती है।

# क्या आप भी कम सोते हैं? जानें बालों पर नींद की कमी का क्या असर पड़ता है



**कम नींद बालों की ग्रोथ साइकिल को प्रभावित कर सकती है और स्ट्रेस हार्मोन बढ़ाकर बालों के झड़ने का कारण बन सकती है। स्वस्थ बालों के लिए 7-9 घंटे की पर्याप्त नींद, बैलेंस डाइट और स्ट्रेस मैनेजमेंट जरूरी है।**

आज के समय में भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में काम या अन्य कारणों से देर तक जागते हैं और सुबह जल्दी उठकर काम के लिए निकल जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोगों को 7-8 घंटों की पर्याप्त नींद नहीं मिल पाती है। इसके कारण उनको दिनभर थकान बनी रहने, मूड स्विंग्स, एनर्जी की कमी, स्किन और बालों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कम नींद का असर स्किन के साथ-साथ बालों पर भी पड़ता है। जब आप बहुत कम सोते हैं या आपकी नींद अच्छी नहीं होती है, तो इससे बालों के बढ़ने की नॉर्मल ग्रोथ साइकिल प्रभावित हो सकती है। नींद शरीर के लिए टिश्यूज को रिपेयर, हार्मोन को नियंत्रित करने और स्वास्थ्य को दुरुस्त बनाए रखने का एक जरूरी समय है। अगर किसी व्यक्ति को लंबे समय तक पर्याप्त नींद नहीं मिलती है, तो शरीर पर इसका दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि एक-दो रात कम सोने से अचानक बाल झड़ने लगेंगे।

लंबे समय तक खराब नींद की समस्या शरीर में स्ट्रेस हार्मोन को बढ़ा सकती है, साथ ही इम्यूनिटी के कमजोर होने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, इस दौरान शरीर के लिए बालों की जड़ों को स्वस्थ रखना मुश्किल हो जाता है, जिससे बाल झड़ने या इनसे जुड़ी अन्य समस्याएं हो सकती हैं। बता दें, ऐसी स्थिति में बाल तुरंत नहीं झड़ते हैं। कई बार स्ट्रेस या शरीर में हुए बदलाव के कुछ हफ्तों या महीनों बाद ज्यादा बाल झड़त सकते हैं। इसलिए अगर किसी व्यक्ति को अचानक बाल ज्यादा झड़ते दिखाई दें, तो सिर्फ पिछले कुछ दिनों की नींद को इसका कारण मानना सही नहीं है। नींद की कमी बालों को मुख्य रूप से स्ट्रेस और शरीर के कार्यों में बदलाव के जरिए प्रभावित कर सकती है। लगातार स्ट्रेस बालों की जड़ों को ज्यादा रेस्टिंग फेज (आराम की अवस्था) में धकेल सकता है, जिससे कई हफ्तों या महीनों बाद बाल अधिक झड़ सकते हैं।




### दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में रजत पाटीदार-रिंकू फेल; शमी ने 3 विकेट लिए

# सूर्यवंशी की टीम ने सेंट्रल जोन 158 रन पर समेटा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में वैभव सूर्यवंशी की उपकप्तानी वाली ईस्ट जोन ने सेंट्रल जोन को दूसरी पारी में 158 रन पर ऑलआउट कर दिया। सेंट्रल जोन के लिए अमन मोखाड़े ने 41 रन की सबसे बड़ी पारी खेली, जबकि अरशद खान ने 25 और हर्ष दुबे ने 24 रन बनाए। ईस्ट जोन की ओर से मोहम्मद शमी ने 3 विकेट लिए।

सेंट्रल जोन की शुरूआत खराब रही और 37 रन तक टीम के तीन विकेट गिर गए। कप्तान रजत पाटीदार 5 और रिंकू सिंह 20 रन ही बना सके। 95 रन तक 7 विकेट गंवाने के बाद अरशद खान ने लोअर ऑर्डर के साथ मिलकर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया, लेकिन 25 रन पर उनके आउट होते ही सेंट्रल जोन की पारी 158 रन पर सिमट गई। ईस्ट जोन की ओर से मुकेश कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 12 ओवर में 44 रन देकर 4 विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने 3, जबकि अभिजीत सरकार, अनुकूल रॉय और कुनैन कुरैशी ने 1-1 विकेट लिया।



मोहम्मद शमी ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। ईस्ट जोन की ओर से खेल रहे शमी ने सेंट्रल जोन के खिलाफ 3 विकेट लेकर प्रोफेशनल क्रिकेट में अपने 900 विकेट पूरे किए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ छठे भारतीय गेंदबाज बने। शमी ने 36 साल की उम्र में यह मुकाम हासिल किया।

### ईस्ट जोन से पहली पारी में सूर्यवंशी का अर्धशतक

सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन की पहली पारी बराबरी पर रही। दोनों टीमों ने 266 रन बनाए। ईस्ट जोन के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 92 और अभिमन्यु ईश्वर ने 69 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 161 रन जोड़े। हालांकि, इसके बाद ईस्ट जोन ने अगले 104 रन में अपने सभी विकेट गंवा दिए। सेंट्रल जोन की ओर से हर्ष दुबे ने 4, जबकि आर्यन पांडे और यश ठाकुर ने 3-3 विकेट लिए।

### साउथ जोन 312 रन पर ऑलआउट

दूसरे सेमीफाइनल में साउथ जोन और नॉर्थ जोन आमने-सामने हैं। तीसरे दिन साउथ जोन की टीम पहली पारी में 312 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान तिलक वर्मा ने 116 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 250 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौके लगाए। श्रेयस गोपाल ने 87 और नारायण जगदीशन ने 36 रन बनाए। साउथ जोन की शुरूआत खराब रही। रितिक भुई 5 और शेख रशीद बिना खाता खोले आउट हुए। इसके बाद नारायण जगदीशन और तिलक वर्मा ने पारी संभाली। जगदीशन 36 रन बनाकर आउट हुए, जबकि तिलक ने श्रेयस गोपाल के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। तिलक वर्मा और श्रेयस गोपाल ने छठे विकेट के लिए 176 रन की साझेदारी की। गोपाल 87 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद साउथ जोन के विकेट लगातार गिरते रहे और टीम 100.3 ओवर में 312 रन पर ऑलआउट हो गई।

### अल्काराज की 139 दिन बाद जीत से वापसी

यूएस ओपन 2026 में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने 139 दिन बाद सिंगल्स कोर्ट पर जीत के साथ वापसी की। अल्काराज कलाई की चोट के कारण चार महीने से ज्यादा समय तक टेनिस से दूर थे। स्पेन के खिलाड़ी ने न्यूयॉर्क के आर्थर एश स्टेडियम में रूस के रोमन सफीउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। वहीं, विमेंस सिंगल्स में दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज चोट की वजह से फ्रेंच ओपन और विंबलडन नहीं खेल पाए थे। अल्काराज ने चोट के कारण इस दौरान फ्रेंच ओपन और विंबलडन में हिस्सा नहीं लिया था।

### नैनो न्यूज

- **महिला एशिया कप की तैयारी तेज** – महिला एशिया कप टी-20 शुक्रवार से दुबई में शुरू होगा। भारत, पाकिस्तान, थाईलैंड और हांगकांग ग्रुप-ए में हैं।
- **हार्दिक पंड्या की वापसी पर संकट** – ट्रेनिंग के दौरान पैर में चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज में उनकी उपलब्धता पर सवाल खड़ा हो गया है।
- **वैभव सूर्यवंशी का कमाल** – दलीप ट्रॉफी में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया।
- **अनुकर भट्टाचार्जी ने जीता खिताब** – भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अनुकर भट्टाचार्जी ने चेकिया में डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमौक का पुरुष एकल खिताब जीता।
- **नोवाक जोकोविच को बड़ा झटका** – यूएस ओपन में जोकोविच पहली बार शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए।
- **मेसी का अंतरराष्ट्रीय संन्यास** – लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।
- **भारत के सामने बड़ी फुटबॉल चुनौती** – भारतीय टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय विंडो में ब्राजील, उरुग्वे और पनामा जैसी मजबूत टीमों से भिड़ेगी।
- **अर्जुन-सूर्यांश की जोड़ी हटी** – भारतीय बैडमिंटन की जोड़ी हरिहरन-अर्जुन ने चीन मास्टर्स से नाम वापस लिया।

# लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम से बाहर

## जिम्बाब्वे-साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए नहीं चुने गए

**एजेंसी ▶▶ सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका दौरे के लिए 17 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं जोएल डेविस पहली बार वनडे टीम में चुने गए हैं। मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की वापसी हुई है, जबकि पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम से जुड़ेंगे। लाबुशेन ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में अर्धशतक लगाया।

लाबुशेन लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम का हिस्सा रहे हैं।

### जोएल डेविस को पहली बार वनडे टीम में जगह

ऑलराउंडर जोएल डेविस को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में चुना गया है। उन्होंने जून में बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। युवा ओली पीक भी टीम में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं। कूपर कोनोली को भी टीम में बरकरार रखा गया है। सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा कि जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका में होने वाली छह मैचों की सीरीज अगले साल के वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण है। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों में मार्श टीम की कप्तानी करेंगे। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस साउथ अफ्रीका सीरीज में टीम से जुड़ेंगे। हालांकि कमिंस ने संकेत दिया है कि वे साउथ अफ्रीका के सभी तीन वनडे नहीं खेलेंगे, ऐसे में मार्श फिर कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### सफाईकर्मियों को 10 माह से वेतन नहीं, जनसुनवाई में पहुंचे

**धार।** धार जिले की नगर परिषद मांडव और नगर पालिका धरमपुरी के सफाई कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिलने का मामला मंगलवार को जनसुनवाई में उठा। वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर संतोष कल्याणे के नेतृत्व में टीम ने जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर को आवेदन देकर रुके वेतन का जल्द भुगतान कराने की मांग की। संगठन के मुताबिक, मांडव के कर्मचारियों को करीब 6 महीने और धरमपुरी के कर्मचारियों को करीब 10 महीने से वेतन नहीं मिला है। संगठन ने आवेदन में बताया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का खर्च चलाने, बच्चों की पढ़ाई, दवाइयां, बिजली बिल और राशन जैसी जरूरी जरूरतों को पूरा करने में दिक्कत आ रही है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

**झाबुआ।** झाबुआ में सोमवार को कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए गए। बैठक में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट, यातायात नियमों के उल्लंघन और पीएम राहत कैशलेस योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। आंकड़ों के अनुसार, 15 अगस्त 2026 तक जिले में कुल 703 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। इन दुर्घटनाओं में 125 लोगों की मौत हुई और 892 लोग घायल हुए। पिछले साल की 21.8 प्रतिशत मृत्यु दर की तुलना में इस वर्ष यह घटकर 17.78 प्रतिशत पर आ गई है। ओवरस्पीडिंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले मॉडिफाइड व सुपर बाइकर्स पर लगाम कसने के लिए पुलिस पहले से ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए कार्रवाई कर रही है।

### धार में 22 उप निरीक्षकों का फेरबदल थानों-चौकियों की बदली जिम्मेदारी

**धार।** धार पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने जिले में पुलिस व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए 22 उप निरीक्षकों की अस्थायी पदस्थापना बदली है। इस आदेश के तहत अधिकारियों को विभिन्न थानों और पुलिस चौकियों की नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह बदलाव प्रशासनिक कार्यसुविधा की दृष्टि से किया गया है और आगामी आदेश तक लागू रहेगा। फेरबदल के अनुसार, सुशील यदुवंशी को चौकी सिंघाना, मनावर से चौकी प्रभारी दोत्रिया, बदनावर भेजा गया है। भूपेंद्र खरतिया को चौकी प्रभारी डेहरी, बाग से साइबर सेल प्रभारी धार की जिम्मेदारी मिली है, जबकि नवल सिंह बघेल को थाना सरदारपुर से चौकी प्रभारी डेहरी, बाग में पदस्थ किया गया है।

5 महीने की बच्ची को बचाने मां ने एसी डक्ट पर लगाई बेडशीट, यात्रियों ने वीडियो बनाया

# इंदौर-दौंड एक्सप्रेस के एसी से स्लीपर कोच तक चूहे-कॉकरोच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





इंदौर-दौंड एक्सप्रेस (22944) में एक ही दिन में दो यात्रियों ने चूहे और कॉकरोच की शिकायत रेलवे से की। एक शिकायत फर्स्ट एसी और दूसरी स्लीपर कोच से आई। शिकायतों के बाद रेलवे की सफाई और पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

वहीं, कुछ देर बाद स्लीपर कोच में सफर कर रहे यात्री ने कॉकरोच का वीडियो बनाकर रेलवे अधिकारियों को भेजा। शिकायतों के बाद रेलवे की सफाई और पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। यात्री एकता दुबे 5 महीने की बच्ची के साथ फर्स्ट एसी कोच में सफर कर रही थीं। करीब 16 घंटे के सफर में एसी डक्ट से चूहे बार-बार बाहर आते-जाते रहे। इससे यात्रियों के लिए बैठना और सोना मुश्किल हो गया। एकता ने कॉकरोच होने की शिकायत भी की। बच्ची को चूहों से बचाने के लिए उन्होंने एसी डक्ट में बेडशीट घुसाकर रास्ता बंद करने की कोशिश की। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस कोच में चूहे और कॉकरोच हैं, उसे चलाने की अनुमति कैसे दी गई? कोच को क्लियरेंस किसने दिया और इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसी ट्रेन में उज्जैन से सवार हुए एक अन्य यात्री ने भी चूहे-कॉकरोच की शिकायत की। उनके मुताबिक स्लीपर कोच में कॉकरोच घूमते दिखाई दिए। उन्होंने वीडियो बनाकर डीआरएम रतलाम को भेजा और शिकायत की। डीआरएम अश्वनी कुमार ने यात्रियों की शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं।

### ऊना-इंदौर एक्सप्रेस में चूहे ने कुतरी थी बुजुर्ग की नाक

पिछले दिनों ऊना-इंदौर एक्सप्रेस में एक बुजुर्ग यात्री की नाक चूहे द्वारा कुतरे जाने की घटना सामने आई थी। इसके बाद रेलवे ने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता और सुरक्षा पर निगरानी सख्त करने की बात कही थी।

रतलाम मंडल के मुताबिक इंदौर और महू कोचिंग डिपो में ट्रेनों के रैक के प्राइमरी और सेकंडरी मेंटेनेंस के दौरान सफाई, पेस्ट और रोडेंट कंट्रोल पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। रेलवे स्टाफ और कॉन्ट्रैक्टर को काम में लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद इंदौर-दौंड एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी से स्लीपर कोच तक चूहे और कॉकरोच की शिकायतें सामने आईं। इससे रेलवे की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर के पैर पकड़कर एडवोकेट ने लगाई गुहार

बोले- 8 महीने से शिकायत कर रहा हूं, फर्जी अस्पताल-डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर कलेक्टर ऑफिस में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान शिकायत बताते हुए अचानक एक एडवोकेट कलेक्टर के पैर पड़ने लगे। एडवोकेट घुटनों पर बैठ गए और कलेक्टर के पैर पकड़ते हुए जनता की जान की सुरक्षा की गुहार लगाने लगे। एडवोकेट के मुताबिक, वे पिछले 8 महीनों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

दरअसल, शहर में कथित रूप से बिना अनुमति संचालित हो रहे अस्पतालों और फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने जिला प्रशासन के समक्ष गंभीर शिकायतें रखी हैं। एडवोकेट ने आरोप लगाया कि शहर में कुछ ऐसे अस्पताल और चिकित्सकीय संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनकी वैधता और अनुमति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इन मामलों में समय रहते कार्रवाई नहीं होने से आम लोगों की जान पर खतरा पैदा होने की बात भी उन्होंने कही। उनके इस तरीके से अपनी बात रखने का वीडियो और घटनाक्रम अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने आरोप लगाया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी माधव हासानी लगातार फर्जी डॉक्टरों और अस्पतालों को संरक्षण देकर आमजन की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर इंदौर को भर्ती पर्ची, ऑनलाइन पेमेंट पर्ची सहित अन्य दस्तावेजों के साथ शिकायत की है। इसमें भ्रष्टाचार के कई आरोपों में दोषी पाए जाने के बावजूद माधव हासानी को इंदौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पद पर बनाए रखने का आरोप लगाया गया है।

- एडवोकेट ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा से लगातार 8 महीने से प्रमाणों के साथ शिकायत की जा रही है। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए उन्होंने कलेक्टर के पैर पकड़कर जनता की जान की सुरक्षा की गुहार लगाई।
- कलेक्टर शिवम वर्मा के मुताबिक, मंगलवार को जनसुनवाई में 240 से ज्यादा आवेदन मिले हैं। जिन आवेदनों में तत्काल सहायता की जरूरत थी, उनमें आर्थिक सहायता या किसी गंभीर विषय में मदद तत्काल उपलब्ध कराई गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। कुछ मामलों में अतिक्रमण और पुलिस से संबंधित विषय थे। उन्हें भी दर्ज कर संबंधित विभाग को भेजकर निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक किया जाएगा। छह दिनों तक चलने वाली यह परीक्षा प्रदेश के 12 संभागीय/जिला मुख्यालयों पर एक ही सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। इंदौर में परीक्षा के लिए कुल छह केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2428 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा को सुरक्षित, व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोग ने इस बार परीक्षा केंद्रों पर नई त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की है। इसके तहत सीसीटीवी सर्विलांस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, ई-प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी और वीओआईपी व्यवस्था की गई है। आयोग के निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 90 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। केंद्र पर अभ्यर्थियों की चरणबद्ध तरीके से जांच की जाएगी। एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी भी की जाएगी। पुरुष अभ्यर्थियों की तलाशी पुरुष वीक्षकों और महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा निर्धारित केबिन में की जाएगी। वहीं, ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को महिला अथवा पुरुष कर्मी से अपनी तलाशी करवाने का विकल्प दिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर अपने साथ केवल बॉल पेन, पानी की एक पारदर्शी बोतल, ई-प्रवेश पत्र और आईडी कार्ड ला सकेंगे।

## झाबुआ में केले से भरी पिकअप पलटी



रायपुरिया-पेटलावद मार्ग पर खंभे से टकराकर मकान के बाहर रुकी, जेसीबी से चालक को निकाला

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के रायपुरिया में सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे केले से भरी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा पेटलावद मार्ग पर सागड़िया चौराहे के पास बने अंधे मोड़ पर हुआ। गाड़ी पलटने के बाद काफी दूर तक सड़क पर घिसटती चली गई। इस दौरान वह सड़क किनारे लगे लोहे के बिजली के खंभे से टकराई और पास ही बने एक घर के बाहर जाकर रुक गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद पिकअप का चालक गाड़ी के अंदर ही फंसा रह गया था। सूचना मिलते ही रायपुरिया पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत जेसीबी बुलवाकर बचाव काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया और डायल-112 की मदद से इलाज के लिए पेटलावद के अस्पताल में भेजा गया।

# इंदौर में महिला कांग्रेस ने जलाया मनुस्मृति का पोस्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले के विरोध में रीगल चौराहे पर सोमवार शाम महिला कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया हाथों में संविधान लेकर पहुंचीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और आरएसएस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मनुस्मृति का पोस्टर जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि खड़गे के अपमान की घटना को कई दिन बीतने के बावजूद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। सेतिया बोलीं- मनुस्मृति नहीं चलेगी रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि मनुस्मृति में शूद्रों और महिलाओं को समाज में नीचे रखा गया और महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता को सीमित करने वाले प्रावधान थे। इसके विपरीत संविधान हर नागरिक को अधिकार, शिक्षा, स्वतंत्रता और आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने कहा- हमने मनुस्मृति को नकारते हुए संविधान को अपनाया है। देशवासियों को भी समझना चाहिए कि हमें मनुस्मृति नहीं, बल्कि संविधान चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों ने खड़गे के उत्तराखंड दौरे के बाद उस स्थान का शुद्धिकरण और हवन कराया था। सेतिया ने कहा कि आजादी के करीब 80 साल बाद भी दलित समाज के साथ इस तरह का भेदभाव होना गंभीर चिंता का विषय है।

# महिला से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर थाना क्षेत्र में एक महिला से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले व्हाट्सएप पर ऑनलाइन पैसे कमाने का मैसेज भेजा और टेलीग्राम पर होटल के रिव्यू-रेटिंग का टास्क दिया। इसके बाद शेयर मार्केट में 30% प्रॉफिट का लालच देकर महिला से अलग-अलग रकम ऑनलाइन जमा करवाई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरानगर पुलिस के अनुसार, सिद्धार्थ शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वे एक दुकान पर नौकरी करते हैं। 21 अगस्त को उनकी पत्नी सिमरन के मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन पैसे कमाने को लेकर व्हाट्सएप मैसेज आया था। सिमरन के हां कहने पर आरोपी ने टेलीग्राम पर एक लिंक भेजी और उसे खोलने के लिए कहा। लिंक पर होटल के रिव्यू और रेटिंग देने का टास्क दिया गया था।

# शोरूम के अवैध दो फ्लोर पर निगम की कार्रवाई

लोकायुक्त से मिली थी शिकायत, नोटिस के बाद भी नहीं हटाया जा रहा था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




इंदौर नगर निगम की टीम ने सुभाष मार्ग पर बने न्यू जिंस होम शोरूम के दो फ्लोर मंगलवार को तोड़ दिए। ऊपरी मंजिल पर बने ये दोनों फ्लोर अवैध थे। नगर निगम को इसकी शिकायत लोकायुक्त से भी मिली थी। इस पर निगम द्वारा नोटिस देने के बाद भी इन्हें नहीं हटाया जा रहा था। नोटिस के बाद भी नहीं हटाने पर नगर निगम का अमला शो रूम पहुंचा और मैनुअल तरीके से दोनों फ्लोर को तोड़ने की कार्रवाई की।

ये मामला जोन नंबर 3 का है। यहां सुभाष मार्ग पर बने शोरूम पर ये कार्रवाई की गई। बिल्डिंग ऑफिसर पल्लवी पाल के मुताबिक न्यू जिंस होम में परमिशन के विपरित दो फ्लोर एक्स्ट्रा बनाए हुए थे। लोकायुक्त से इसकी शिकायत मिली थी। इस मामले में संबंधित व्यक्ति को कई बार नोटिस भी भेजे गए थे कि वे इसे हटा लें। मगर उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नगर निगम का अमला और एमजी रोड थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ऊपरी मंजिल पर दो फ्लोर पर नगर निगम की टीम ने मैनुअल तरीके से इन्हें तोड़ने की कार्रवाई की। मशीनों की मदद से दोनों फ्लोर को तोड़ा गया। बिल्डिंग ऑफिसर पाल के मुताबिक 80 बाय 150 का एरिया था जिस पर ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 2022 में इन फ्लोर को बनाया गया था। पिछले डेढ़ साल पहले इसकी शिकायत मिली थी, जिसके बाद से नोटिस संबंधित को दिए जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी।

## नैनो न्यूज

- **मंडी में प्याज की पकड़ मजबूत-** इंदौर मंडी में प्याज के कारोबार में तेजी का माहौल बना हुआ है। आवक और भाव पर व्यापारियों की नजर बनी हुई है।
- **लहसुन कारोबार में तेजी दिखी-** इंदौर मंडी में लहसुन की बाजार पकड़ मजबूत बताई जा रही है। व्यापारियों के अनुसार मांग और भाव में हलचल बनी हुई है।
- **सोना-चांदी बाजार में हलचल-** इंदौर सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। कारोबारियों ने वैश्विक बाजार को प्रमुख प्रभावकारी कारण बताया।
- **कमर्शियल गैस से बढ़ी लागत-** सितंबर की शुरूआत में एलपीजी समेत ऊर्जा कीमतों में बदलाव का असर होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य कारोबारियों की लागत पर पड़ सकता है।
- **इंदौर का थोक बाजार सक्रिय-** सियागंज सहित प्रमुख थोक बाजारों में किराना और खाद्य वस्तुओं का कारोबार लगातार सक्रिय बना हुआ है। व्यापारियों में खरीद-बिक्री जारी है।
- **कपड़ा कारोबार में गतिविधियां बढ़ीं-** इंदौर के कपड़ा बाजार में थोक कारोबार लगातार महत्वपूर्ण बना हुआ है। त्योहारों से पहले व्यापारियों को मांग बढ़ने की उम्मीद है।
- **खाद्य कारोबार पर लागत दबाव-** एलपीजी और अन्य इनपुट लागत में बदलाव से शहर के होटल, रेस्टोरेंट तथा छोटे खाद्य कारोबारियों के खर्च बढ़ने की संभावना है।
- **कृषि उपज मंडी में हलचल-** इंदौर की कृषि उपज मंडी में चना, सोयाबीन, गेहूं सहित विभिन्न जिंसों का कारोबार जारी है। आवक के साथ भाव बदल रहे हैं।

# आईआईएसटी इंदौर के इंडक्शन प्रोग्राम अभिज्ञता पर्व 2026 का शुभारम्भ

वॉटरमैन ऑफ इंडिया डॉ. राजेंद्र सिंह बने मुख्य अतिथि



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी, इंदौर) के बी.टेक. बैच 2026 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ मंगलवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन लगभग 1200 से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न प्रक्रियाओं, सुविधाओं, अनुशासन, करियर अवसरों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित विभिन्न पहलों से परिचित कराना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वॉटरमैन ऑफ इंडिया डॉ. राजेंद्र सिंह ने जीने योग्य भविष्य के लिए प्रकृति एवं संस्कृति का एकीकरण पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने रोचक अंदाज में यह भी बताया कि इंजीनियरिंग एजुकेशन को प्रकृति और संस्कृति के साथ कैसे जोड़ा जाए। डॉ. राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने ज्ञान और तकनीकी क्षमता का उपयोग समाज एवं पर्यावरण के सामने मौजूद वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए करें। कार्यक्रम में स्पर्श एवं आईआईएसटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के ग्रुप एडवाइजर अरुण एस. भटनागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लर्न, बिल्ड, स्पेशलाइज और क्रिएट वैल्यू का मंत्र दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल इंजीनियरिंग की डिग्री और एक तकनीकी कौशल पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों के लिए लर्न, अनलर्न और रीलर्न की क्षमता विकसित करना सबसे महत्वपूर्ण है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्टर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com